RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 14 अंक 157
लखनऊ, शुक्रवार, 29 मार्च, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

गलत काम करने वालों को कीमत चुकानी होगी
राष्ट्रीय-10

केजरीवाल की ईडी हिरासत बढ़ी, कोर्ट में खुद की पैरवी

पूछा, क्या चार गवाहों का बयान सीएम को गिरफ्तार करने के लिए काफी है

राजेश कुमार। नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को करोड़ों रुपये के शराब नीति घोटाले में उन्हें गिरफ्तार करने के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकार क्षेत्र पर सवाल उठाया, जो कि घोटाले में शामिल कुछ के बयानों के आधार पर किया गया। केजरीवाल ने कोर्ट से पूछा कि क्या ये चार बयान एक मौजूदा मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने के लिए काफी हैं। केजरीवाल ने आरोप लगाया, आबकारी नीति मामले में चार गवाहों ने मेरा नाम लिया है। क्या चार बयान एक मौजूदा मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने के लिए पर्याप्त हैं? अदालत ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत एक अप्रैल तक चार दिन के लिए बढ़ा दी। जांच एजेंसी ने आप प्रमुख की सात दिन की हिरासत मांगी थी, लेकिन अदालत ने कहा कि उन्हें एक अप्रैल को सुबह 11 बजे अदालत के सामने पेश करना होगा। एक दिन पहले उनकी पत्नी सुनीता के बयान के अनुसार, केजरीवाल को शुक्रवार को 'पर्दाफाश' करना था।

केजरीवाल ने कार्यवाही के दौरान खुली अदालत में कहा कि जांच एजेंसी द्वारा दर्ज किए गए गवाहों के बयान किसी भी तरह से उन्हें कथित अपराधों से नहीं जोड़ते हैं और मामले में उनकी गिरफ्तारी पर सवाल उठाया। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने कहा कि मामले में सरकारी गवाह सरथ रेड्डी को उनके खिलाफ बयान देने के बाद जमानत मिल गई, जिन्होंने खुद भाजपा को 55 करोड़ रुपये का दान दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा, मेरे पास इसके सबूत हैं। मनी ट्रेल स्थापित हो गया है क्योंकि उन्होंने गिरफ्तार होने के बाद धनराशि दान की थी। केजरीवाल की दलीलों पर ईडी के वकील अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कड़ी आपत्ति जताई, जिन्होंने यह भी सवाल किया कि भाजपा को आबकारी शुल्क नीति मामले से जोड़ने का प्रयास क्यों किया जा रहा है। राजू ने दलील दी थी कि ईडी की पूछताछ में केजरीवाल के बयान टालमटोल वाले रहे हैं। उन्होंने कहा, वह (केजरीवाल) गैलरी में खेलना चाहते हैं। उन्हें कैसे पता है कि ईडी के पास कितने दस्तावेज हैं? यह सब कल्पना है... आप को रिश्वत मिली थी जिसका इस्तेमाल उन्होंने गोवा चुनाव में किया था। इसकी एक स्पष्ट श्रृंखला है। .. जो पैसा वे कहते हैं कि भाजपा के पास आया, उसका शराब घोटाले से कोई लेना-देना नहीं है। इसमें कोई फायदा नहीं है... सीएम कानून से ऊपर नहीं हैं। वह एक साधारण आदमी हैं। हमारे पास यह दिखाने के लिए सामग्री है कि इसी व्यक्ति ने मांग की थी 100 करोड़ की रिश्वत।

नई दिल्ली में राउज एवेन्यू कोर्ट में पेशी के बाद बाहर जाते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल

ईडी ने अपने रिमांड आवेदन में कहा कि केजरीवाल से हिरासत में पूछताछ के दौरान पांच दिनों तक उनके बयान दर्ज किए गए, लेकिन वह 'गोलमोल जवाब दे रहे है।' केजरीवाल ने आरोप लगाया कि ईडी की जांच के दो उद्देश्य थे- एक, देश के सामने यह माहौल बनाना कि आम आदमी पार्टी भ्रष्ट है और उसने घोटाला किया है और दूसरा, पैसा इकट्ठा करने के लिए 'जबरन वसूली रैकेट' चलाना। केजरीवाल ने कहा, असली शराब घोटाला शुरू होता है ईडी की जांच के बाद। जब ईडी की जांच शुरू होती है। ईडी की जांच के दो मकसद हैं। एक स्मोकस्क्रीन क्रिएट करना पूरे देश के सामने कि आम आदमी पार्टी ने चोरी की है, आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचारी हैं, आम आदमी पार्टी ने शराब घोटाला किया। उसके पीछे जबरन वसूली रैकेट करना जिसका जरूरी है वो पैसे इकठ्ठा कर रही हैं।

रेड्डी अरबिंदो फार्मा लिमिटेड के निदेशक और मामले में सह-आरोपी से सरकारी गवाह बने लोगों में से एक हैं। केजरीवाल ने कहा कि देश के सामने आम आदमी पार्टी के भ्रष्ट होने की झूठी कहानी रची गई है और वह ईडी की जांच का सामना करने के लिए तैयार हैं। आप के राष्ट्रीय संयोजक ने आज व्यक्तिगत रूप से दिल्ली की अदालत में अपना पक्ष रखा तथा अपने वकीलों के मौजूद होने के बावजूद अदालत से अनुमति लेने के बाद हिंदी में तर्क दिए। उन्होंने ईडी के रिमांड विस्तार अनुरोध का विरोध नहीं किया। केजरीवाल ने अदालत से कहा, हम ईडी की रिमांड का विरोध नहीं कर रहे हैं। जितने दिन चाहे वो मुझे हिरासत में रख ले। पर ये घोटाला है। कार्यवाही शुरू होने के तुरंत बाद आप के राष्ट्रीय संयोजक ने अदालत से अनुमति लेने के बाद हिंदी में अपनी बात रखी, हालांकि उनके वकील वहां मौजूद थे। उन्होंने खचाखच भरी अदालत में कहा, सीबीआई ने अब तक इस मामले में 31,000 पन्नों की रिपोर्ट कोर्ट में दाखिल की है और 294 गवाहों से इस मामले में पूछताछ की जा चुकी है। ईडी ने अब तक 162 लोगों की जांच की है और 25,000 पन्नों की रिपोर्ट दाखिल की है। इन सभी दस्तावेजों और रिपोर्टों को मिलाकर, मुझे क्यों गिरफ्तार किया गया है? मेरा नाम केवल चार बयानों में है। अपने नाम का उल्लेख करने वाले चार बयानों के बारे में विस्तार से बताते हुए केजरीवाल ने कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया के सचिव सी अरविंद ने एक बयान दिया था। इसके मुताबिक, मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास में उनकी (केजरीवाल की) मौजूदगी में सिसौदिया ने सी अरविंद को कुछ आबकारी शुल्क नीति संबंधी दस्तावेज सौंपे। उन्होंने केवल इतना कहा है कि मनीष सिसौदिया ने सी अरविंद को कुछ दस्तावेज दिए थे। मैडम, कई विधायक, मंत्री और गणमान्य व्यक्ति अपने सचिवों के साथ मेरे घर आते हैं। वे साइड-बातचीत करते हैं और एक-दूसरे को दस्तावेज़ सौंप देते हैं। मुझे कैसे पता चलेगा कि कौन किसे क्या दे रहा है? क्या यह बयान मौजूदा मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने का पर्याप्त कारण है?

दूसरे बयान का विवरण देते हुए जिसमें उनका नाम आया है, केजरीवाल ने कहा कि मगुंटा श्रीनिवास रेड्डी (आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री) जगन मोहन रेड्डी की पार्टी (वाईएसआरसीपी) से सांसद हैं। केजरीवाल ने कहा, मगुंटा श्रीनिवास रेड्डी 16 मार्च, 2021 को शाम 4.30 बजे मेरे कार्यालय आए। उन्होंने मेरे कार्यालय को एक ई-मेल भेजा था कि वह एक सांसद हैं और मुझसे मिलना चाहते हैं। मेरे कार्यालय ने उन्हें 10 दिनों के बाद मुझसे मिलने का समय दिया था। (शेष पेज 9)

टिकट न मिलने पर आत्महत्या की कोशिश करने वाले सांसद की मौत

पायनियर समाचार सेवा। चेन्नई

मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कषगम (एमडीएमके) पार्टी के नेता और इरोड से सांसद ए. गणेशमूर्ति का बृहस्पतिवार को सुबह कोयंबटूर के एक अस्पताल में निधन हो गया। उन्होंने हाल ही में कथित तौर पर आत्महत्या करने की कोशिश की थी। सांसद के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने कहा कि गणेशमूर्ति ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) से अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की तथा जिला सचिव के पद सहित विभिन्न पदों पर अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया। बाद में वह वाइको के नेतृत्व वाले एमडीएमके में शामिल हो गए थे।

स्टालिन ने एक बयान में कहा, उनके निधन से गहरा दुख हुआ है। वह एक बेहतरीन नेता थे। मैं द्रमुक, एमडीएमके के सदस्यों, उनके परिवार और दोस्तों के प्रति अपनी गहरी संवेदना और सहानुभूति व्यक्त करता हूं। वाइको ने गणेशमूर्ति के अकास्मिक निधन पर दुख व्यक्त किया और कहा कि उन्होंने गणेशमूर्ति के बेटे कपिलन और बेटी तमिलपिरिया से मुलाकात की और उनके प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। पुलिस के अनुसार, 77 वर्षीय गणेशमूर्ति ने 24 मार्च को यहां अपने घर पर कुछ जहरीली गोलियां खाकर कथित तौर पर आत्महत्या करने की कोशिश की थी। उन्हें यहां एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, फिर उन्हें कोयंबटूर के एक अन्य निजी अस्पताल ले जाया गया था। इरोड टाउन पुलिस ने पहले आत्महत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था। उन्होंने कहा कि अब इसे आत्महत्या से (शेष पेज 9)

बांदा के सरकारी अस्पताल के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मी। इसी अस्पताल में पूर्वी उप्र का माफिया मुख्तार अंसारी भर्ती था। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी

खत्म हुआ मुख्तार अंसारी का किस्सा

● पूर्वांचल के माफिया की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश की बांदा जेल में बंद पूर्वांचल के बाहुबली माफिया व पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की गुरुवार देर रात दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा है की जेल की बैरक में अचानक मुख्तार की तबीयत बिगड़ी और वह बेहोश हो गया। इसके पश्चात उसे एंबुलेंस से दुर्गावती मेडिकल कॉलेज बांदा पहुंचाया गया। मेडिकल कॉलेज की ओर से जारी बुलेटिन के अनुसार रात लगभग 8:25 बजे सिद्धदोष विचाराधीन बंदी 63 वर्षीय मुख्तार अंसारी को जेल कार्मिकों द्वारा रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज बांदा के आकस्मिक विभाग में उल्टी की शिकायत एवं बेहोशी की हालत में लाया गया। मरीज को 9 डॉक्टरों की टीम द्वारा तत्काल चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध करायी गयी परंतु भरसक प्रयासों के बावजूद दिल की धड़कन रुकने के कारण उनकी मृत्यु हो गई। इससे पहले मंगलवार सुबह करीब चार बजे मुख्तार अंसारी को पेट दर्द, पेशाब और शौच में समस्या के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था, इलाज के बाद अंसारी को छुट्टी दे दी गई थी।

मुख्तार की मौत के बाद पूरे प्रदेश और विशेष कर बांदा मऊ और गाजीपुर में विशेष अलर्ट करते हुए धारा 144 लागू कर दी गई है। मुख्तार के खिलाफ उत्तर प्रदेश, पंजाब, नई दिल्ली और कई अन्य राज्यों में लगभग 60 मामले लंबित थे। इस बीच, मुख्तार अंसारी की मौत के मद्देनजर राज्य सरकार ने पूरे राज्य में दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लगा दी है। (शेष पेज 9)

भारत-चीन सीमा विवाद हल करने के प्रयास जारी रखने को सहमत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारत और चीन के बीच नए दौर की वार्ता के दौरान राजनयिक और सैन्य चैनलों के माध्यम से सीमा विवाद हल करने के अपने प्रयासों को जारी रखने पर दोनों पक्षों सहमत हुए हैं। यह बातचीत पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर पिछले चार वर्षों से जारी तनाव की पृष्ठभूमि में हुई। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने बृहस्पतिवार को यहां कहा, भारत-चीन सीमा मामलों (डब्ल्यूएमसीसी) पर परामर्श और समन्वय के लिए 29वीं बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पूर्ण शांति और वास्तविक नियंत्रण रेखा पर शेष मुद्दों को कैसे हल किया जाए, इस पर दोनों पक्षों ने एक दूसरे से विचारों का आदान-प्रदान किया। एक बयान में कहा गया कि मुख्य बैठक 27 मार्च को बीजिंग में हुई। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव (पूर्वी एशिया) ने किया। बयान में कहा गया है कि चीनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व चीनी विदेश मंत्रालय के सीमा और महासागरीय विभाग के महानिदेशक ने किया। इसमें कहा गया, दोनों पक्ष राजनयिक और सैन्य चैनलों के माध्यम से नियमित संपर्क बनाए रखने और मौजूदा द्विपक्षीय समझौतों और प्रोटोकॉल के अनुसार सीमावर्ती क्षेत्रों में जमीन पर शांति बनाए रखने की आवश्यकता पर सहमत हुए।

इस बीच, चीनी विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा, दोनों पक्षों ने अगले चरण के लिए चीन-भारत सीमा क्षेत्र में स्थिति के प्रबंधन और नियंत्रण में हुई प्रगति का सकारात्मक मूल्यांकन किया और विचारों का स्पष्ट और गहन आदान-प्रदान किया। इसमें

कहा गया, दोनों पक्ष सीमा पर जमीनी स्तर पर प्रासंगिक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने, जल्द से जल्द दोनों पक्षों को स्वीकार्य समाधान तक पहुंचने और सीमा की स्थिति को नियंत्रण और प्रबंधन के सामान्य चरण में बदलने को बढ़ावा देने पर सहमत हुए। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय के लिए कार्य तंत्र की 28वीं बैठक पिछले साल 30 नवंबर को हुई थी। विदेश मंत्रालय के सीमा और महासागर मामलों के विभाग के महानिदेशक होंग लियांग और भारतीय विदेश मंत्रालय के पूर्वी एशिया प्रभाग के संयुक्त सचिव गौरांगलाल दास ने चीनी विदेश मंत्रालय की 29वीं बैठक की सह-अध्यक्षता की।

बैठक में दोनों देशों के विदेश मामलों, रक्षा, आव्रजन और अन्य विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। वार्ता में दोनों पक्ष राजनयिक और सैन्य चैनलों के माध्यम से संचार बनाए रखने, बातचीत और परामर्श के लिए तंत्र में सुधार करने और जल्द से जल्द कोर कमांडर-स्तरीय वार्ता का एक नया दौर आयोजित करने पर सहमत हुए। दोनों पक्षों ने दोनों पक्षों के बीच हुई जरूरी आम समझ के समझौतों और मार्गदर्शक (शेष पेज 9)

भाजपा से टिकट न मिलने के बाद वरुण ने पीलीभीत से जुड़ी यादें संजोयी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पीलीभीत लोकसभा सीट से टिकट नहीं मिलने की घोषणा के एक दिन बाद वर्तमान सांसद वरुण गांधी ने बृहस्पतिवार को पीलीभीत के लोगों को एक भावनात्मक खुला पत्र लिखा और उन्हें आश्वासन दिया कि वह उनकी सेवा करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा है कि पीलीभीत के लोगों के साथ उनका रिश्ता आखिरी सांस तक रहेगा। सुल्तानपुर से भाजपा की मौजूदा सांसद मेनका संजय गांधी के बेटे वरुण ने भाजपा द्वारा आगामी लोकसभा चुनावों में उम्मीदवारों की सूची से बाहर किए जाने के बाद पहली बार अपनी चुप्पी तोड़ी है। एक्स पर पत्र साझा करते हुए उन्होंने कहा, पीलीभीत के साथ उनका रिश्ता प्यार और विश्वास का है जो किसी भी राजनीतिक गणना से कहीं ऊपर है। भाजपा ने वरुण की जगह उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद को पीलीभीत से मैदान में उतारा है। वरूण महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर कई बार अपनी ही सरकार के खिलाफ मुखर रहे हैं। प्रसाद ने बुधवार को इस सीट पर अपना नामांकन दाखिल किया था।

पहले माना जा रहा था कि वरुण पीलीभीत से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ सकते हैं लेकिन बुधवार को नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन भी

उन्होंने पर्चा दाखिल नहीं किया, जिसके बाद उनके इस सीट से चुनाव लड़ने की तमाम अटकलों पर विराम लग गया। उन्होंने पीलीभीत वासियों को लिखे पत्र में इस क्षेत्र से अपने जुड़ाव का जिक्र करते हुए कहा, आज जब मैं यह पत्र लिख रहा हूं तो यादों ने मुझे भावुक कर दिया है। मुझे तीन साल का छोटा सा वह बच्चा याद आ रहा है जो अपनी मां की उंगली पकड़कर 1983 में पहली बार पीलीभीत आया था। उसे कहां पता था कि एक दिन यह धरती उसकी कर्म भूमि और यहां के लोग उसका परिवार बन जाएंगे।

भाजपा सांसद ने पत्र में कहा, महज एक सांसद के तौर पर ही नहीं बल्कि एक व्यक्ति के तौर पर भी मेरी परवरिश और मेरे विकास में पीलीभीत से मिले आदर्श, सरलता और सहृदयता का बहुत बड़ा योगदान है। आपका प्रतिनिधि होना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है और मैंने हमेशा अपनी पूरी क्षमता से आपके हितों के लिए आवाज उठाई है। वरुण ने पत्र में आगे कहा कि एक सांसद के तौर पर उनका कार्यकाल भले समाप्त हो रहा हो, पर पीलीभीत से उनका रिश्ता अंतिम सांस तक खत्म नहीं हो सकता। उन्होंने लिखा सांसद के रूप में नहीं तो बेटे के तौर पर ही सही, मैं आजीवन आपकी सेवा के लिए प्रतिबद्ध (शेष पेज 9)

इलेक्शन किंग पद्मराजन चुनावी जंग से हटने को तैयार नहीं

कुमार चेलप्पन। त्रिशूर

जिला कलेक्टर और रिटर्निंग आफिसर वीआर कृष्ण तेजा ने बृहस्पतिवार को त्रिशूर निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र स्वीकार करना शुरू किया, कुन्हाम्बु नायर पद्मराजन (64) पहला नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए उपस्थित थे। चूंकि सभी कागजात सही थे, इसलिए रिटर्निंग ऑफिसर ने इसे स्वीकार कर लिया। इसके बाद पद्मराजन अपने पैतृक घर जाने और कुलदेवता की पूजा करने कन्नूर जाने के लिए रेलवे स्टेशन पहुंच गए। त्रिशूर फिल्म अभिनेता से नेता बने सुरेश गोपी की बदौलत राष्ट्रीय सुर्खियों में आया। गोपी भाजपा उम्मीदवार के रूप में यहां से किस्मत आजमाने जा रहे हैं। लेकिन एक दिन के लिए, लोग स्टार उम्मीदवार और उनको चुनौती देने वाले के मुरलीधरन (कांग्रेस) और वीएस सुनील कुमार (सीपीआई) को भूल गए तथा उनका पूरा ध्यान पद्मराजन पर था। पद्मराजन को पूरी दुनिया में इलेक्शन किंग के नाम से जाना जाता है और त्रिशूर से उनका चुनाव लड़ना उनकी 240वीं बैलेट लड़ाई है। केरल में भाजपा नेताओं के बारे में कहा जाता है कि वे हारने के लिए ही चुनाव लड़ते हैं, लेकिन पद्मराजन एक मिशन वाले व्यक्ति हैं।

पिछले हफ्ते उन्होंने तमिलनाडु के धर्मपुरी लोकसभा क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल किया था जिसे स्वीकार कर लिया गया है।

मेट्टूर में सड़क किनारे टायर बेचने वाली एक दुकान के मालिक और अंशकालिक होमियो मेडिकल प्रैक्टिशनर पद्मराजन उन लोगों में से नहीं हैं जो चुनाव पर पैसा बर्बाद करते हैं। नामांकन दाखिल करने के बाद पद्मराजन ने पायनियर से कहा, 'मैं चाहता हूं कि दुनिया मुझे एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जाने जिसने चुनाव प्रक्रिया को लोकतांत्रिक बनाया। मेरे प्रयासों के लिए धन्यवाद, राजनीतिक संगठनों द्वारा प्रायोजित नहीं किए गए उम्मीदवारों को भी सम्मान मिला।' वह 1988 से चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, मैंने छह राष्ट्रपति चुनाव और इतनी ही संख्या में उपराष्ट्रपति चुनाव लड़ा था। चुनाव संबंधी खर्चों पर 1.5 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करने वाले पद्मराजन ने कहा, लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में मेरा नाम दो बार आया है, जबकि गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में मेरा नाम एक बार आया है। राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति चुनाव के लिए (शेष पेज 9)

पहले चरण के लिए आठ सीटों पर हुए 155 नामांकन में 84 वैध, 71 खारिज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में यूपी की आठ सीटों पर हुए 155 नामांकन में 84 ही वैध पाए गए और शेष 71 अस्वीकृत कर दिए गए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के प्रथम चरण की 8 लोकसभा सीटों के लिए 27 मार्च को नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि थी। प्रथम चरण के लिए विभिन्न राजनैतिक दलों के 155 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र भरा गया। प्रथम चरण के लिए भरे गये नामांकन पत्रों की बृहस्पतिवार को जांच की गयी। इसमें 84 नामांकन वैध पाये गये। जांच में 71 नामांकन पत्रों को अस्वीकृत कर दिया गया। नाम वापसी के लिए 30 मार्च की तिथि तय है। पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पहले चरण की 8 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए सहारनपुर लोकसभा सीट के लिए 13 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, नामांकन पत्रों की जांच में 1 नामांकन अस्वीकृत हुआ और बाकी 12 नामांकन पत्र वैध पाए गए। कैराना लोकसभा सीट के लिए 17 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नामांकन पत्रों की जांच में 2 नामांकन अस्वीकृत हुए और बाकी 15 नामांकन पत्र वैध पाए गए। मुजफ्फरनगर सीट के लिए 38 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। यहां 27 नामांकन अस्वीकृत हुए और बाकी 11 नामांकन पत्र वैध पाए गए। बिजनौर लोकसभा सीट के लिए 23 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नामांकन पत्रों की जांच में 12 नामांकन अस्वीकृत हुए और 11 नामांकन पत्र वैध पाए गए। नगीना (अ.जा.) लोकसभा सीट के लिए 12 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। पत्रों की जांच में 6 नामांकन अस्वीकृत हुए और बाकी 6 नामांकन पत्र वैध पाए गए। मुरादाबाद लोकसभा सीट के लिए 18 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नामांकन पत्रों की जांच में 5 नामांकन अस्वीकृत हुए और बाकी 13 नामांकन पत्र वैध पाए गए। रामपुर में 18 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें 12 अस्वीकृत हुए और 6 नामांकन पत्र वैध पाए गए। पीलीभीत लोकसभा सीट के लिए 16 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। यहां भी 6 नामांकन अस्वीकृत हुए और बाकी 10 नामांकन पत्र वैध पाए गए।

पोस्टल बैलेट से मतदान कर सकेंगे एक दर्जन आवश्यक सेवाओं में लगे कर्मचारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के परिप्रेक्ष्य में 12 सेवाओं यथा-सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग (आकस्मिक एवं एम्बुलेंस सेवा), डाक विभाग, ट्रैफिक पुलिस, रेलवे, विद्युत विभाग, नागरिक उड्डयन विभाग, मेट्रो रेल कारपोरेशन, दूरदर्शन, ऑल इण्डिया रेडियो, भारत संचार निगम लिमिटेड के ऐसे कार्मिक जो मतदान दिवस से सम्बन्धित ड्यूटी पर एवं मतदान दिवस की कवरेज के लिए आयोग द्वारा प्राधिकृत मीडिया प्रतिनिधि को पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा दी गई है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इन 12 सेवाओं के कार्मिक मतदान दिवस के दिन ड्यूटी पर होने के कारण पोलिंग स्टेशन पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर मतदान करने की स्थिति में न हों, उनके द्वारा फार्म-12 डी भरकर और अपने विभाग के नामित नोडल अधिकारी से सत्यापित कराकर सम्बन्धित चरण/निर्वाचन क्षेत्र की अधिसूचना जारी होने के 5 दिन के अंदर रिटर्निंग आफिसर के पास जमा किया जाएगा।

मार्च में 8730.77 लाख रुपए की शराब ड्रग्स सहित अन्य बहुमूल्य वस्तुएं जब्त

● प्रदेश में आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से कराया जा रहा पालन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए राज्य सरकार की सभी एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया है। आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराया जा रहा है। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 1 मार्च से 27 मार्च तक कुल 8730.77 लाख रुपए कीमत की मदिरा, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 1417.43 लाख रुपए नकद धनराशि, 2185.18 लाख रुपए कीमत की 611923.63 लीटर शराब, 3241.76 लाख रुपए कीमत की 4475075.43 ग्राम ड्रग्स, 1778.18 लाख रुपए कीमत की 39163.86 ग्राम बहुमूल्य धातुएं, 1.43 लाख रुपए के 298 मुफ्त उपहार एवं 106.79 लाख रुपए कीमत की 646.21 अन्य सामग्री जब्त की गयी। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 27 मार्च को कुल 121.20 लाख रुपए कीमत की मदिरा, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 31.35 लाख रुपए नकद धनराशि, 52.78 लाख रुपए कीमत की 19920.53 लीटर शराब, 36.57 लाख रुपए कीमत की 18196.55 ग्राम ड्रग एवं 0.50 लाख रुपए कीमत की 8 अन्य सामग्री जब्त की गई। 27 मार्च को प्रमुख जब्ती में जनपद खीरी की पलिया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 19.04 लाख रुपए अनुमानित कीमत की 2.64 किग्रा. ड्रग, जनपद हापुड़ की गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 25.34 लाख रुपए की नगद धनराशि पकड़ी गई।

निरोधात्मक कार्रवाई में 11,62,965 लोग पाबन्द किए गए

सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 11,62,965 लोगों को पाबन्द किया गया है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 2,276 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 2,480 कारतूस, 06 किग्रा. विस्फोटक व 110 बम बरामद कर सीज किए गए। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 406 केन्द्रों पर रेड डाली गई और 55 केन्द्रों को सीज किया गया। अब तक 4,22,330 लाइसेंसी शस्त्र जमा कराए बए गए। इसके अलावा अपराधिक व्यक्तियों के 310 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए बए। 3,756 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये गए। सघन जांच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1846 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित किए गए हैं।

सीमावर्ती जिलों की गतिविधियों का चुनाव पर न पड़े प्रभावः दुर्गा शंकर

● लोकसभा आम चुनाव की तैयारियों के सम्बन्ध में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई अंतरराज्यीय समन्वय बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में लोकसभा आम चुनाव, 2024 की तैयारियों के सम्बन्ध में अंतरराज्यीय समन्वय बैठक आयोजित हुई। बैठक में 9 राज्यों झारखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हरियाणा, मध्य प्रदेश, हिमाचाल प्रदेश, उत्तराखण्ड, राजस्थान व दिल्ली के मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रतिभाग किया।

मुख्य सचिव ने सम्बन्धित राज्यों के मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक से लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराने में सहयोग करने की अपेक्षा की। सीमावर्ती जनपदों में ऐसी कोई गतिविधि न हो, जिससे आम चुनाव प्रभावित हो। अवैध नकदी, अवैध शराब आदि के प्रवाह को रोकने के लिये सीमाओं पर निगरानी बढ़ानी होगी और कण्ट्रोल रूम के माध्यम से सूचनाओं का आपस में आदान-प्रदान करना होगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के अन्तर्राज्यीय सीमाओं के आस-पास नशीले पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध विशेष आभियान चलाया जाये। संवेदनशील व नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विशेष तौर पर निगरानी रखी जाए। इसी प्रकार अंतर्राष्ट्रीय माफिया और असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर निगरानी रखते हुए अफवाह फैलाने वालों पर कार्यवाही की जाए। बार्डर एरिया से सम्बन्धित जिलाधिकारी, पुलिस अधिकारी व थानाध्यक्ष आपसी समन्वय बैठक कर लें। इसके अलावा निरन्तर संवाद बनाये रहें। सूचनाओं के आदान प्रदान के लिए व्हाट्सएप ग्रुप भी बना सकते हैं। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए प्रदेशभर में पुलिस द्वारा प्रभावी रूप में निषेधात्मक कार्रवाई की जा रही है। बैठक में अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार, अपर मुख्य सचिव राज्य कर नितिन रमेश गोकर्ण, मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा, प्रमुख सचिव आबकारी वीना कुमारी मीना, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार झा सहित सम्बन्धित विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मैंने अपना नाम सन्जना अरोड़ा से बदलकर संजना अरोड़ा पत्नी राजेश अरोड़ा कर लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। निवासी-एस बी-30 गुरुद्वारा रतनलाल नगर, कानपुर नगर।

सूचना

मैंने अपना नाम वादिका अरोड़ा से बदलकर वेदिका अरोड़ा पुत्री राजेश अरोड़ा कर लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। निवासी-एस बी-30 गुरुद्वारा रतनलाल नगर, कानपुर नगर।

सूचना

सूच्य हो कि मैंने अपना नाम RAJI AHMAD KHAN से बदलकर RAZI AHMAD KHAN कर लिया है । अतः अब से मुझे RAZI AHMAD KHAN के नाम से ही जाना व पहचाना जाए। रजी अहमद खान पुत्र वसी अहमद खान निवासी.71,मुंशीगंज कालोनी,थाना कोतवाली सीतापुर

NOTICE

I ANSHITA MANOT D/O Alok Manot r/o flat no.105,Shrishti Apartment, 4/276-B Parwati Bagla Road , Kanpur- 208002 have changed my name to ANSHITA MANOT for all future purposes.

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै दीपू कुमार पुत्र श्री मेवा लाल, निवासी-557के/365, मधुबन नगर, आलमबाग, जिला-लखनऊ का निवासी हूँ, आधार कार्ड में मेरा नाम दीपू कुमार तथा कुछ अन्य दस्तावेजो मे क्रमशः दीपक श्रीवास्तव व दीपचन्द श्रीवास्तव दर्ज है। उक्त तीनों नाम एक ही व्यक्ति का है। अतः भविष्य में हमे दीपू कुमार के नाम से जाना व पहचाना जाय।

NOTICE

I Bal Mukund Dubey No.14572374L R/O SS-1013, Sector-G, LDA Colony Kanpur Road, Lucknow, Have Changed My wifes name in my army record From Kumud Lata To Kumud Lata Dubey & D.O.B.01/01/1966To 01/01/1970 .This is to be Correct in record for all perposes.

पिछली सरकारों ने मुजफ्फरनगर को कर्फ्यू दिया, हम दे रहे सुरक्षा का माहौलः मुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ मुजफ्फरनगर

सीएम योगी ने प्रबुद्ध सम्मेलन के दूसरे दिन मुजफ्फरनगर में किया संवाद

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि एक वोट देश की तकदीर व तस्वीर को बदल सकता है। वोट जब गलत हाथों में जाता था तो मुजफ्फरनगर में महीनों कर्फ्यू लगता था। आपका वोट सही हाथों में गया तो मुजफ्फरनगर कर्फ्यू नहीं, कांवड़ यात्रा के लिए जाना जाता है। गलत वोट से पश्चिमी उप्र को अराजकता की भट्टी में झोंककर यहां की सुरक्षा को खतरे में डाला जाता था। लोग यहां आने से डरते थे। आपका वोट सही पार्टी के साथ गया तो अराजकता समाप्त हुई और आस्था को सम्मान मिला। पिछली सरकार ने कर्फ्यू-अराजकता दी, लेकिन आज हम नए माहौल में बढ़ रहे हैं। मोदी को तीसरी बार सत्ता में लाने के लिए प्रबुद्धजन को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी।

योगी आदित्यनाथ गुरुवार को दूसरे दिन मुजफ्फरनगर के लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। योगी ने केंद्रीय मंत्री व भाजपा उम्मीदवार संजीव बालियान के पक्ष में लोगों से संवाद किया। यहां बच्चों ने सीएम योगी को पेंटिंग प्रदान की। वहीं पूरा सभागार योगी-योगी के नारों से गुंजायमान हो उठा। सीएम ने आह्वान किया कि आपका चुनाव पहले चरण में है। गर्मी हो या बरसात, आंधी हो या तूफान, इसकी परवाह किए बिना लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करते हुए पीएम मोदी को तीसरा कार्यकाल देने के लिए हर किसी को वोट देने जाना है। सीएम योगी ने कहा कि मैं एक गाना सुनता हूं कि होली खेले रघुवीरा अवध में..., होली खेलने के लिए भगवान का आह्वान तो होता था, लेकिन होली खेलने के लिए भगवान अपनी भूमि पर थे ही नहीं, आपके एक वोट ने 500 वर्षों बाद आस्था को सम्मान दिला दिया। वोट गलत हाथों में गया तो यह रंगदारी वसूल करते थे, सही पार्टी को वोट देने से पीएम स्वनिधि के माध्यम से स्ट्रीट वेंडर्स के लिए लोन के रास्ते खुले। यूपी में अब तक 18 लाख स्ट्रीट वेंडर्स को ऋण की सुविधा उपलब्ध हुई है। इंडी गठबंधन वालों के लिए फैमिली फर्स्ट है तो दूसरी तरफ पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन के लिए नेशन फर्स्ट है। सीएम ने कहा कि यहां के जनप्रतिनिधियों, जनता की दशकों से मांग थी कि शुकतीर्थ को उसका पुराना वैभव वापस मिलना चाहिए, हमारी सरकार ने जनभावना के अनुरूप शुकतीर्थ विकास परिषद गठित करने के साथ आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। आपके पास हजारों वर्ष की विरासत है। देश-दुनिया के सनातन धर्मावलंबी जीवन की सच्चाई को श्रीमद्भागवत महापुराण के माध्यम से श्रवण करते हैं। 5000 वर्ष पहले शुकदेव महराज ने सबसे पहले महापुराण का वाचन यहीं किया था। यह इतिहास बनाने की भूमि है। सीएम ने कहा कि किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिला है। उन्हें यह सम्मान बहुत पहले मिलना चाहिए था, लेकिन किसान पिछली सरकारों के एजेंडे में नहीं था। इंडी गठबंधन आखिरकार क्या कर रहा था। 2004 से 2014 के कार्यकाल में यह लोग चौधरी साहब को सम्मान नहीं दे पाए।

डॉ. दिनेश शर्मा बने महाराष्ट्र के चुनावी प्रभारी, कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

पूर्व उप मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद डॉ.दिनेश शर्मा को भजपा द्वारा महाराष्ट्र का चुनाव प्रभारी बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को डॉ. शर्मा के आवास पहुंचकर खुशी व्यक्त की और उनके माथे पर अबीर लगाकर उन्हें शुभकामना दी।

ऐशबाग स्थित आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं के आशीर्वाद और खुशी संदेश को प्राप्त करने के बाद महाराष्ट्र के चुनाव प्रभारी डॉ.दिनेश शर्मा तय कार्यक्रम के लिए रवाना हुए। निर्वाचन के दृष्टि से बूथ संख्या बारह पर भाजपा की ओर से आयोजित मोदी का परिवार होली मिलन कार्यक्रम में डॉ.दिनेश शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनोपयोगी योजनाओं की जानकारी दी। डॉ.दिनेश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना से कम मूल्य पर मिलने वाली दवाओं का लाभ हर वर्ग के व्यक्ति मिला है, जो दवा बाजार में दुकानों पर 50 रुपये की है, वह जनऔषधि केन्द्र पर 20 रुपये से भी कम मूल्य प्राप्त हो रही है। इसी तरह आयुष्मान भारत योजना में पांच लाख रुपये तक मुफ्त उपचार हो रहा है। कम आय वाले व्यक्ति के लिए आयुष्मान भारत योजना खुशियों का संदेश देने वाली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ उन सभी लोगों के लिए है, जिनके पास अपने मकान नहीं है। गरीब व्यक्ति के लिए प्रधानमंत्री ने घर दिए हैं। स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए मेक इन इंडिया योजना की शुरुआत कराई। जिसका भी लाभ हर उस व्यक्ति को मिला है, जो अपने देश में वस्तु बना रहा है।

अब गले में तख्ती डालकर अपराधी मांगते हैं जान की भीखः योगी

● शामली में कैराना सीट के पार्टी प्रत्याशी प्रदीप चौधरी के लिए सीएम ने प्रबुद्धजनों से किया संवाद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/शामली

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को शामली जिले स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित प्रबुद्धवर्ग सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र ने सबको समान मताधिकार दिया है। एक वोट हर वयस्क मतदाता का अधिकार है। इस एक वोट की कीमत क्या होती है, कैराना वासियों से बेहतर इसका कोई दूसरा जीता जागता उदाहरण नहीं है। ये वोट जब गलत हाथों में आता है तो कैराना में पलायन होता है और कर्फ्यू लगता है, मगर सही हाथों में आता है तो धूम-धाम से कांवड़ यात्रा निकलती है और विकास तेज रफ्तार से आगे बढ़ता है। इस दौरान सीएम योगी ने भाजपा-लोकदल के संयुक्त प्रत्याशी प्रदीप चौधरी के पक्ष में मतदान के लिए प्रबुद्धजनों से संवाद किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पौराणिक एवं ऐतिहासिक धरा ने इतिहास में अनेक उतार चढ़ाव देखे हैं। उन्होंने सभी प्रबुद्धजनों का हृदय से अभिनंदन करते हुए कहा कि हम सब कई दशकों से ये गीत सुनते थे कि 'अवध में होली खेले रघुवीरा..., मगर 500 साल बाद सही मायनों में अब वह अवसर आया है, जब रामलला सचमुच में अवध में होली खेल रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि 10 साल पहले भारत के पासपोर्ट की दुनिया में कोई कीमत नहीं थी, मगर आज आप दुनिया में कहीं भी जाएंगे तो वहां आपको सम्मान मिलेगा। आज देश की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। आतंकवाद और उग्रवाद नियंत्रण में है। इसके साथ ही विरासत को सम्मान मिला है। फिर चाहे काशी में विश्वनाथ धाम हो या अयोध्या में भव्य मंदिर का निर्माण। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी हाल ही में किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न प्राप्त हुआ है। यही विरासत का सम्मान है। लंबे समय तक उन्होंने किसानों, दबे कुचलों, समाज के अंतिम पायदान पर बैठे लोगों के लिए अपनी आवाज बुलंद की। किसानों के लिए देश की सरकारों को झकझोरा था। चौधरी साहब के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए देश के 12 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि की शुरुआत की गई। यह चौधरी साहब के सपनों का ही सम्मान है। सीएम योगी ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश में बड़े-बड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के कार्य हो रहे हैं। हाईवे, रेलवे, एयरपोर्ट, मेडिकल कॉलेज, आईआईटी, आईआईएम, स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, शाकंभरी विश्वविद्यालय का निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का संकल्प तभी पूरा होगा जब विकसित यूपी बनेगा और विकसित यूपी का संकल्प भी तभी पूरा होगा जब हमारा शामली विकसित होगा। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले यहां पलायन होता था। व्यापारी और नागरिक पलायन करता था। अब अपराधी पलायन करता है। पहले बेटी और व्यापारी गुहार लगाते थे कोई सुनवाई नहीं होती थी। अब अपराधी गले में तख्ती लटकाकर कहता है कि जान बख्श दो, ठेला लगाकर गुजरबसर कर लेंगे, मगर किसी को छेड़ेंगे नहीं। सीएम ने प्रबुद्धजनों से अपील करते हुए कहा कि कैराना में पहले चरण में मतदान है, इसके लिए अभी से तैयार हो जाएं। आपको स्वयं तो मतदान करना ही है औरों को भी प्रेरित करना है। इस बार कैराना लोकसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत को 80 से 90 तक ले जाना है। जनता के बीच जाकर बताना होगा कि उनके वोट की कीमत क्या है, क्या सही है और क्या गलत है। यह समाज के प्रबुद्धजनों का दायित्व है। आपको स्वयं मोदी जी का प्रतिनिधि बनकर घर घर जाना होगा। मुख्यमंत्री ने भरोसा व्यक्त करते हुए कहा कि अगर यूपी से 80 सीटें आती हैं तो देश में 400 सीटें लाना कोई बड़ी बात नहीं है। उन्होंने कहा कि कैराना में पीएसी की एक वाहिनी का गठन होने जा रहा है, उसके बाद इस पूरे क्षेत्र में सुरक्षा का और बेहतर माहौल बनेगा। इस अवसर पर बीजेपी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येन्द्र सिसोदिया, जिला प्रभारी विकास अग्रवाल, रालोद के क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेन्द्र, जिलाध्यक्ष वाजिद अली, सांसद और बीजेपी लोकदल के संयुक्त प्रत्याशी प्रदीप चौधरी, पूर्व मंत्री सुरेश राणा सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली रामनवमी को लेकर अयोध्या में तैयारियां शुरू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/अयोध्या

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में पहली रामनवमी को लेकर विशेष उत्साह है। गुरुवार को प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र और डीजीपी प्रशांत कुमार ने अयोध्या पहुंचकर तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक की। इससे पहले दोनों अधिकारियों ने मंदिर परिसर का भ्रमण कर सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिये। बैठक में राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा को लेकर भी अधिकारियों को निर्देश दिए गए। श्रद्धालुओं के लिए सुगम दर्शन, ठहरने, पेयजल, मेडिकल सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश अधिकारियों ने बैठक में दिए। आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि श्रीरामनवमी के पर्व पर लगभग 50 लाख श्रद्धालुओं के अयोध्या पहुंचने की उम्मीद है। 17 अप्रैल को भव्य और दिव्य मंदिर में पहली रामनवमी मनाई जाएगी। मुख्य सचिव व डीजीपी ने क्राउड मैनेजमेंट के लिए कई दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा मे किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। आईजी प्रवीण कुमार ने कहा सभी निर्देशों का पालन कराया जाएगा। गत दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी अधिकारियों के साथ राम नवमी मेले में देश के कोने-कोने से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर बैठक की थी। मुख्यमंत्री की बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन कराने के लिए दोनो अधिकारियों ने स्थानीय अधिकारियों को निर्देश दिए।

न्यायालय अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०)/अपर कलेक्टर, गाजीपुर।

मु०नं०-D 202114290002112 अन्तर्गत धारा-30 उ०प्र०रा०सं०-2006
मौजा-चकदिलेर हिम्मत, परगना मुहम्मदाबाद, जिला गाजीपुर।
विग्गन उर्फ विगन बनाम रामचीज व अन्य
तारीख पेशी-09.04.2024
उपरोक्त वाद के निस्तारण हेतु अपर जिलाधिकारी (वि०रा०)/अपर कलेक्टर, गाजीपुर के आदेश दिनांक-19.03.2024 के अनुपालन में निम्नलिखित प्रतिवादी स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पत्रावली में नियत तिथि-09.04.2024 को उपस्थित होवे अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही न्यायालय द्वारा की जायेगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होगें।
1-राजेश पुत्र शिवजोर 2-बृजेश पुत्र शिवजोर 3-हरिहर पुत्र रामध्यान
समस्त निवासीगण इचौली, परगना व तहसील मुहम्मदाबाद, जिला गाजीपुर।
आज्ञा से (पेशकार)
न्यायालय अपर जिलाधिकारी (वि/रा०)/अपर कलेक्टर, गाजीपुर।

शुभम्
शुभम् हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कं. लि.
कॉर्पोरेट कार्यालयः 425, उद्योग विहार फेज IV, गुड़गांव-122015 (हरियाणा)
फोनः 0124-4212530/31/32, ई-मेलः customercare@shubham.co वेबसाइटः www.shubham.co

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत नोटिस (इसके बाद इसे "अधिनियम" कहा गया)

इस नोटिस के द्वारा आपके ध्यान में लाया जाता है कि आपका ऋण खाता सुरक्षित ऋणदाता शुभम् हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, जिसका पंजीकृत कार्यालय 608 - 609, 6 वीं मंजिल, ब्लॉक-सी अंसल इंपीरियल टॉवर, कम्युनिटी सेन्टर, नारायणा विहार, नई दिल्ली-110028 (इसके बाद इसे 'एसएचडीएफसीएल' कहा गया है) के द्वारा एनपीए घोषित कर दिया गया और आप एसएचडीएफसीएल को अपने ऋण के विरुद्ध कुल बकाया का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी हैं। आप आकस्मिक खर्चों, लागत, शुल्कों आदि के साथ उपरोक्त राशि पर संविदात्मक दर पर भविष्य का ब्याज का भुगतान करने के लिए भी उत्तरदायी हैं, इसलिए, हम आपसे इस नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर एसएचडीएफसीएल के प्रति अपनी पूरी देनदारियों का निर्वहन करने का आह्वान करते हैं, ऐसा न करने पर एसएचडीएफसीएल को अधिनियम की धारा 13(4) के तहत शक्ति का प्रयोग करने का अधिकार होगा। उधारकर्ताओं और सुरक्षित आस्तियां का विवरण इस प्रकार हैः

क्र. सं.	ऋण खाता नं. (कर्जदार का नाम)	आवेदक का पता	मांग सूचना की तिथि और राशि	सुरक्षित आस्तियां
1.	0LKI2112000005042318, शालिनी अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल	465/23, हाता सितारा बेगम हरदोई रोड, चौक कोलंबिया फाउंडेशन स्कूल के विपरीत, लखनऊ उत्तर प्रदेश-226003	रु. 13,55,038/- & 22/03/2024	दुकान नं. यू-7 और यू-8, ऊपरी भूतल, मकान नं. 308/406 (022) मोहल्ला जौहरी, वार्ड अशरफाबाद, अटल प्लाजा लखनऊ उत्तर प्रदेश-226001

स्थानः गुड़गाँव,
तिथिः 29.03.2024
प्राधिकत अधिकारी,
शुभम् हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कंपनी लि.

मंडलायुक्त ने पलिया के सुदूरवर्ती मतदान केन्द्र का लिया जायजा

विशेष सतर्कता बरतने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लोकसभा चुनाव के तहत मंडलायुक्त खीरी पहुंचकर पलिया तहसील के मतदान केंद्र प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया गया। मंडलायुक्त द्वारा बूथ लेबिल अधिकारियों को ग्राम से बाहर रह रहे मतदाताओं के मोबाइल नम्बर पर एसएमएस भेजकर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया गया। मंडलायुक्त द्वारा टोल फ्री नंबर, मतदान केंद्र की साफ सफाई, कंट्रोल रुम का नंबर फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र का विवरण आदि का जायजा लिया गया। वहीं, मंडलायुक्त द्वारा अधिकारियों को सौ प्रतिशत मतदान 13 मई को कराने का संकल्प कराया गया।

गुरुवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन.2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के लिए जिले का भ्रमण कार्यक्रम पर खीरी पहुंची आयुक्त

लखनऊ मंडल लखनऊ डॉ रोशन जैकब ने दूसरे दिन गुरुवार को तहसील पलिया के दूरस्थ मतदान केन्द्र प्राथमिक विद्यालय गौरीफं टा सहित ग्राम सरियापारा, ग्राम सूडा के मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने मतदाताओं के बीच स्वयं मतदाता सूची में लिखे नामों को पढ़कर सुनाया तथा ग्रामवासियों से पढ़े गये नामों के बारे में जानकारी प्राप्त की। बूथ लेबिल अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्राम से बाहर रह रहे मतदाताओं के मोबाइल नम्बर पर एसएमएस भेजकर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया जाय। आयुक्त ने गौरीफ ंटा थाना क्षेत्र के ग्राम सरियापारा, ग्राम सूडा के मतदेय स्थलों के निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों से संवाद कर मतदान दिवस 13 मई को शत प्रतिशत मतदान का संकल्प दिलाया। इसके बाद उन्होंने चंदन चौकी बॉर्डर पर सब पुलिस राजस्व टीम के साथ फॉरेस्ट एरिया में पैदल मार्च किया। कमिश्नर ने निरीक्षण के दौरान मतदान केन्द्रों पर सामान्य सूचनाओं एवं टोल फ्री नम्बर 1950 का अंकन, विद्युत कनेक्शन, लाईट व पंखों की उपलब्धता, मतदेय स्थल पर शौचालय, जलापूर्ति की स्थिति, मतदेय स्थल पर शुद्ध पेयजल, स्थापित हैण्डपम्प की क्रियाशीलता, मतदेय स्थलविद्यालय की साफ.सफाई, रैम्प, मतदान केन्द्र पर नेटवर्क की उपलब्धता, कन्ट्रोल रूम का नम्बर, फोटोयुक्त मतदाता पहचान.पत्र वितरण, रूट चार्ट और कम्यूनिकेशन प्लान में दर्ज मोबाइल नम्बरों का सत्यापन भी किया।

कम मतदान के कारकों का तत्काल समाधान कराने के निर्देश

आयुक्त डॉ रोशन जैकब ने एसडीएम कार्तिकेय सिंह को निर्देश दिया कि कम मतदान के कारकों का तत्काल समाधान कराते हुए मतदान केन्द्रों पर आयोग की मंशानुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। कहा कि मतदेय स्थल सूडा पर विशेष कैंप लगाकर न केवल मतदाताओं को जागरूक किया जाए बल्कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता बनने से वंचित न रहने पाए। आयुक्त ने ग्राम प्रधान, कोटेदार, रसोईयां, रोजगार सेवक, अध्यापक, सचिव, लेखपाल, आंगनबाड़ी, आशा से वार्ता करते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें।

इंडो नेपाल बॉर्डर पहुंची कमिश्नर, विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश

गुरुवार को आयुक्त डॉ रोशन जैकब एसडीएम कार्तिकेय सिंह, सीओ पहिया के साथ इंडो नेपाल बॉर्डर पहुंची, जहां उन्होंने सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) कस्टम एवं पुलिस कवच सेल के जिम्मेदार अफसरो के साथ स्थलीय भ्रमण किया और लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के तहत विशेष सतर्कता बरतते हुए निगरानी करने के निर्देश दिए। इस दौरान आयुक्त ने जांच एवं सुरक्षा एजेंसियों के साथ एक बैठक की। सीमा पर सुरक्षा को लेकर जांच करने पगडंडियों पर निगरानी सहित स्थानीय अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

राज्यपाल आंनदीबेन पटेल से आज नवनियुक्त राज्य सूचना आयुक्त, डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने शिष्टाचार भेंट की

करोड़ों का चूना लगाने में बैंक अधिकारियों को सजा

विधि संवाददाता। लखनऊ

बैंक को करोड़ों रुपए का चूना लगाने के मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने इलाहाबाद बैंक के तत्कालीन अधिकारी राधा रमन बाजपेयी व तत्कालीन विशेष सहायक गोपीनाथ टंडन समेत पांच आरोपियों को दोषी करार दिया है। विशेष अदालत ने अभियुक्त राधारमण बाजपेयी को सात वर्ष की सजा और दो लाख रुपए का जुर्माना, रिकेश कुमार शुक्ला को पांच वर्ष की सजा और एक लाख 50 हज़ार रुपए का जुर्माना तथा अभियुक्त गोपीनाथ टंडन, संजय सोमानी और दीपक सोमानी को तीन तीन साल के कठोर कारावास व एक एक लाख रु के जुर्माने की सजा सुनाई है।

29 अप्रैल 1994 को सीबीआई ने इस मामले को दर्ज कर जांच शुरू की थी। इस मामले में राधारमण वाजपेई, गोपीनाथ टंडन, संजय सोमानी, रिकेश कुमार शुक्ला व दीपक सोमानी को आरोपी बनाया गया था। आरोपी है कि संजय सोमानी ने अन्य आरोपीयो के साथ षड्यंत्र रचा और धोखाधड़ी करके 27 मार्च 1992 से 16 जनवरी 1994 के बीच कानपुर के फीलखाना स्थित इलाहाबाद बैंक से 22 करोड़ 70 लाख रुपए प्राप्त किया और सारा पैसा हड़प लिया। 29 मई 1998 को सीबीआई ने आरोपीयो के ख़िलाफ़ आरोप पत्र दायर किया था। दूसरी तरफ सीबीआई की विशेष अदालत ने करेंसी चेस्ट में धन निकासी का ग़लत प्रेषण भेज कर करोड़ों रुपए हड़पने के मामले में कानपुर के हेल्सी रोड स्थित यूको बैंक के तत्कालीन सहायक शाखा प्रबंधक केके मेहता और प्राइवेट व्यक्ति सुनील कुमार अग्रवाल को भी दोषी करार दिया है। अदालत ने केके मेहता को पांच वर्ष के कठोर कारावास और एक लाख साठ हज़ार रुपए का जुर्माना जबकि सुनील कुमार अग्रवाल को तीन साल की क़ैद और 20 हज़ार रुपए के जुर्माने से दंडित किया है। 28 सितंबर 2005 को सीबीआई ने यूको बैंक हेल्सी रोड कानपुर के अधिकारियो और कर्मचारियों के ख़िलाफ़ मामला दर्ज किया था। आरोप है कि अप्रैल 2003 से अप्रैल 2005 के बीच बैंक के कर्मचारियों और अधिकारियो ने आर्मापुर स्थित करेंसी चेस्ट को धन निकासी के लिए ग़लत प्रेषण (रिमिटेंसेज़) दिखाए। और इन दो वर्ष में कुल एक करोड़ 58 लाख रुपए ग़लत तरीक़े से प्राप्त करके ग़बन किया व बैंक को आर्थिक क्षति पहुंचाई।

नशीला पदार्थ रखने के जुर्म में ढाई वर्ष की सजा

विधि संवाददाता। लखनऊ

खाने पीने की वस्तुओं में नशीला पदार्थ मिलाकर खिलाने व बेहोश होने पर राहगीरों का सामान उठा ले जाने के मामले में दोषी करार दिए गए अभियुक्त नबी अहमद को ढाई वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। एनडीपीएस एक्ट के विशेष जज सुरेश चंद्र ने इस पर 25 हजार रुपए का जुर्माना भी ठोंका है। 15 अक्तूबर 2021 को इसे पुलिस ने अमीनाबाद इलाके में सेंट्रल तिराहे के पास पकड़ा था। विशेष लोक अभियोजक प्रकाश श्रीवास्तव के मुताबिक इसके पास से 30 ग्राम नशीला पदार्थ बरामद हुआ था। इस मामले की एफआईआर थाना अमीनाबाद में दर्ज हुई थी।

नक्सली गतिविधियों के आरोप में निरुद्ध अभियुक्त की जमानत अर्जी खारिज

विधि संवाददाता। लखनऊ

नक्सली गतिविधियों के आरोप में निरुद्ध अभियुक्त राममुरत राजभर उर्फ राममुरत की जमानत अर्जी एनआईए/एटीएस की विशेष अदालत ने खारिज कर दी है। विशेष जज विवेकानन्द शरण त्रिपाठी ने प्रथम दृष्टया इसके अपराध को गंभीर करार दिया है। एनआईए के विशेष लोक अभियोजक एमके सिंह का कहना था कि अभियुक्त प्रतिबंधित संगठन सीपीआई (एम) का सदस्य हैं। इसके पास से कई प्रकार के दस्तावेज, हथियार, आयुध व नकदी बरामद हुई है। इसके द्वारा सीपीआई (एम) की विचारधारा को फैलाने, उससे प्रभावित व्यक्तियों को नए सदस्यों के रूप में नियुक्त कर उन्हें भारत सरकार के विरुद्ध युद्ध की तैयारी व इसकी साजिश करने का अपराध किया है। 15 अगस्त, 2023 को एटीएस ने इसे इसके साथियों समेत बलिया जिले से गिरफ्तार किया था। 16 अगस्त को इस मामले की एफआईआर एटीएस के निरीक्षक भारत भूषण तिवारी ने दर्ज कराई थी। इसके बाद इस मामले की विवेचना एनआईए को सौंप दी गई।

भविष्य निधि की धनराशि न मिलने से कर्मचारियों में आक्रोश, सीएफओ से मिले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

नगर निगम कर्मचारियों के वेतन से काटी गयी भविष्य निधि की धनराशि वापस न करने पर कर्मचारियों द्वारा विरोध किया गया। नगर निगम कर्मचारी संघ द्वारा मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही कर्मचारियों की परिवारी जनों की आ रही शिक्षा व विवाह आदि की परेशानियों से अवगत कराया गया। चेतावनी देते हुए संघ द्वारा सकारात्मक निर्णय न लिये जाने पर आंदोलन करने की बात कही गयी।

एक अप्रैल 2005 से 31 दिसंबर 2021 के विनियमित कर्मचारियों के वेतन से काटी गई भविष्य निधि धनराशि आवश्यकतानुसार कर्मचारियों को प्रदान किए जाने एवं समस्त विभागों एवं स्कूलों की महंगाई भत्ते, बोनस की धनराशि से राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में की गई कटौती का भुगतान तत्काल किए जाने के लिए नगर निगम प्रशासन से कर्मचारियों ने भेंट की। नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष आनंद वर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों कर्मचारियों ने मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी के कार्यालय में अपनी मांगों के संबंध में वार्ता कर मांगों पर सकारात्मक निर्णय किए जाने के लिए विवश किया गया। संघ अध्यक्ष आनंद वर्मा ने कहा कि भविष्य निधि का भुगतान पात्र कर्मचारियों को न किए जाने के कारण कर्मचारियों को अपने मकान मरम्मत, पुत्र व भाई व बहन के विवाह एवं शिक्षा-दीक्षा में कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं।

मुख्य वित्त एवं लेखा अधिकारी द्वारा दोनों मांगों पर सहमति व्यक्त करते हुए कहा गया कि जल्द ही मांगों पर विचार कर कर्मचारी हित में निर्णय लिया जाएगा। संघ अध्यक्ष आनंद वर्मा द्वारा कहा गया कि यदि मांगों पर कर्मचारी हित में तत्काल सकारात्मक निर्णय नहीं किया जाता है तो संघ आंदोलन के लिए बाध्य होगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश सरकार, उत्तर प्रदेश शासन, जिला प्रशासन एवं नगर निगम प्रशासन की होगी। वहीं वित्त एवं लेखाधिकारी नंदलाल कुरील द्वारा आश्वासन देते हुए कहा कि उच्चाधिकारियों से वार्ता कर जल्द सकारात्मक निर्णय किया जाएगा।

एलडीए बसन्तकुंज योजना में लगाएगा प्रॉपर्टी मेला, करायी जाएगी सम्पत्तियों की विजिट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

एलडीए जल्द ही हरदोई रोड स्थित बसन्तकुंज योजना में प्रॉपर्टी मेला लगाएगा।प्रापटी मेले में निवेशकों व निजी विकासकर्ताओं को आमंत्रित करके मौके पर ही व्यावसायिक व आवासीय सम्पत्तियों की साइट विजिट करायी जाएगी। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष द्वारा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करके निर्देश दिये गए हैं।

गुरुवार को एलडीए उपाध्यक्ष डॉ इंद्रमणि त्रिपाठी ने व्यावसायिक सम्पत्तियों के निस्तारण को लेकर ई.ऑक्शन के अंतर्गत की जाने वाली कार्यवाही की भी समीक्षा की। इसमें पाया गया कि प्राधिकरण ने नवम्बर 2023 से लेकर मार्च 2024 तक ई.ऑक्शन के माध्यम से कुल 212 व्यावसायिक व आवासीय सम्पत्तियां बेची हैं। समीक्षा में पता चला कि ई.नीमाली में बोली लगाने वाले कुछ सफल बोलीदाताओं को आवंटन पत्र विलम्ब से जारी हुआ है। इस पर उपाध्यक्ष ने सम्पत्ति व कम्प्यूटर अनुभाग के सम्बंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए कार्यप्रणाली सुधारने की हिदायत दी। उपाध्यक्ष ने बैठक में ही फाइल के मूवमेंट की समयसीमा निर्धारित करते हुए निर्देशित किया कि जिस दिन पत्रावली स्वीकृत हो, उसके 15 दिन के अंदर सफल बोलीदाता को आवंटन पत्र मिल जाना चाहिए। इसमें किसी भी सूरत में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिस स्तर पर फाइल जितने दिन लंबित रहेगी, सम्बंधित का उतने दिन का वेतन काटने के साथ ही उसके खिलाफ आरोप पत्र जारी किया जाएगा। उपाध्यक्ष ने निर्देशित किया कि सम्पत्तियों के साइट प्लान के सत्यापन के लिए अभियंत्रण अनुभाग को भेजी जाने वाली समस्त फाइलों की सम्बंधित अधिशासी अभियंता व मुख्य अभियंता द्वारा नियमित रूप से समीक्षा की जाएगी। साथ ही क्षेत्रीय अवर अभियंता को फाइल प्राप्त होने के दो दिन के अंदर उक्त सम्पत्ति का स्थल निरीक्षण करके रिपोर्ट लगानी होगी।

बैठक में मुख्य अभियंता एके सिंह, वित्त नियंत्रक दीपक सिंह, मुख्य नगर नियोजक केके गौतम, विशेष कार्याधिकारी देवांश त्रिवेदी एवं शशिभूषण पाठक, अधिशासी अभियंता मनोज सागर एवं नवनीत शर्मा समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ने राजधानी से मतदाता जागरूकता अभियान किया शुरू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल द्वारा राजधानी से मतदाता जागरूकता अभियान शुरु किया गया। प्रदेश कार्यालय में संगठन के पदाधिकारियों द्वारा अनिवार्य मतदान की शपथ ली गयी और दूसरों को जागरूक करने का संकल्प लिया गया। आदर्श व्यापार मंडल द्वारा पदयात्रा निकाल कर दुकानों पर जाकर व्यापारियों को अनिवार्य मतदान के लिए जागरूक किया गया। व्यापार मंडल अध्यक्ष द्वारा मतदान के अधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने का आह्वान किया गया। बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ने राजधानी लखनऊ से मतदाता जागरूकता अभियान की शुरुआत की। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के अयोध्या रोड स्थित प्रदेश कार्यालय पर व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने संगठन के पदाधिकारियो को अनिवार्य मतदान की शपथ दिलाई और व्यापारियों ने स्वयं वोट देने तथा दूसरों को वोट देने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। शपथ कार्यक्रम के बाद संगठन के पदाधिकारियो ने अयोध्या रोड की दुकानों पर पदयात्रा निकालकर जनसंपर्क किया और व्यापारियों को अनिवार्य रूप से मतदान के लिए जागरूक किया।

संगठन अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बताया उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल का प्रयास है कि लोकसभा के इस चुनाव में अधिक से अधिक मतदान का प्रतिशत बढ़े और शत. प्रतिशत मतदान के लिए आदर्श व्यापार मंडल राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के सभी जिलों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाएगा।

एटीएस ने ट्रेन से दिल्ली जा रहे चार रोहिंग्या नागरिकों को गिरफ्तार किया

● बांग्लोदश सीमा से घुसपैठ कर फर्जी दस्तावेजों के सहारे देश में कर रहे थे निवास

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने बांग्लोदश सीमा से घुसपैठ कर फर्जी दस्तावेजों के सहारे निवास कर रहे म्यांमार के चार रोहिंग्या नागरिकों को लखनऊ से गिरफ्तार किया। चारों दिल्ली जाने के लिए असम से ट्रेन में बैठे थे। उन्हें लखनऊ में ट्रेन से उतारा गया।

एटीएस को खुफिया जानकारी मिली थी कि 27 मार्च को कुछ रोहिंग्या नागरिक ट्रेन द्वारा सिलचर (असम) से नई दिल्ली जा रहे हैं, जिनमें कुछ महिलाएं भी हैं। एटीएस की टीम ने म्यांमार निवासी रोहिंग्या नागरिक आमिर हमज़ा के अलावा तीन महिलाओं मीना जहां, सुकुरा बेगम व ओनारा बेगम को महिला सिपाहियों की सहायता से ट्रेन से उतारा और एटीएस मुख्यालय लेकर आए। उनके मूल निवास, भारत आने के उद्देश्य तथा भारतीय दस्तावेज़ के संबंध में पूछताछ की गई तो पता चला कि वे मूल रूप से म्यांमार के निवासी हैं और भारत में निवास करने के उद्देश्य से बांग्लादेश के रास्ते से भारत आए हैं। खुद को भारतीय नागरिक के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से उन्होंने कूटरचित दस्तावेज़ भी बनवाए हैं। एटीएस उसके संबंध में विस्तृत जानकारी जुटा रही है।

इस संबंध में एटीएस के लखनऊ थाने में आईपीसी की धारा-420, 467, 468 व 471 तथा विदेशी अधिनियम की धारा-14 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। चारों अभियुक्त म्यांमार के बुटीडांग जिले के मोंगडू थाना क्षेत्र स्थित फकीरा बाजार व सोफरा के रहने वाले हैं। उनके कब्जे से एक मोबाइल व चार फर्जी आधार कार्ड बरामद हुआ है। एटीएस के अनुसार ये रोहिंग्या नागरिक बांग्लादेश सीमा के रास्ते अवैध रूप से भारत में प्रवेश कर और कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर स्वयं को भारतीय नागरिक प्रतिरूपित करके छद्म रूप से भारत में रहते हैं। वे भारत के भिन्न-भिन्न राज्यों में जाकर बस जाते हैं और देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहते हैं।

आज दोपहर तक चलेगी सरकारी अस्पतालों की ओपीडी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

गुड फ्राइडे के पर्व पर शुक्रवार को राजधानी के सरकारी अस्पतालों में दोपहर 12 बजे तक ही मरीजों को इलाज मिल सकेगा। चिकित्सा संस्थान पूरी तरह बंद रहेंगे।

शहर के बलरामपुर, सिविल, लोकबंधु, बीआरडी महानगर समेत सभी महिला अस्पताल, पीएचसी और सीएचसी पर शुक्रवार दोपहर 12 बजे तक ही ओपीडी संचालन होगा। खून, एक्सरे आदि की जांचें सिर्फ सुबह 11 बजे तक हो सकेंगी। बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि ओपीडी में दोपहर 12 बजे और इमरजेंसी में मरीजों को 24 घंटे इलाज मिलेगा। लोहिया संस्थान, पीजीआई, केजीएमयू और कैंसर संस्थान पूरी तरह बंद रहेगा। यहां ओपीडी बंद रहेगी सिर्फ इमरजेंसी में इलाज मिलेगा।

23 देशों के 34 लेखा परीक्षकों की टीम करेगी एलयू का दौरा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंफॉर्मेशन सिस्टम्स एंड ऑडिट (आईसीआईएसए) द्वारा प्रदर्शन ऑडिट पर आयोजित किए जा रहे 159वें अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के हिस्से के रूप में 23 देशों के 34 लेखा परीक्षकों की एक टीम लखनऊ विश्वविद्यालय का दौरा करेगी।

आईसीआईएसए, एसएआई (सुप्रीम ऑडिट इंस्टीट्यूशन) भारत का प्रमुख प्रशिक्षण संस्थान है, जो मुख्य रूप से आईएस (इंफार्मेशन सिस्टम) ऑडिट और डेटा एनालिटिक्स से संबंधित क्षेत्रों में दुनिया भर में ऑडिटरों की क्षमता निर्माण में काम करता है। आईसीआईएसए ऑडिट के मानक को बढ़ाने और सार्वजनिक ऑडिट संस्थानों की प्रभावशीलता बढ़ाने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समर्पित है और इसने 149 विभिन्न देशों के 5000 से अधिक ऑडिटरों को प्रशिक्षित किया है।

23 देशों के 34 लेखा परीक्षक विश्वविद्यालय द्वारा अपनाई जा रही शैक्षणिक उत्कृष्टता की यात्रा और विश्वविद्यालय की वर्तमान शैक्षणिक स्थिति का मार्ग प्रशस्त करने वाली विभिन्न पहलों को समझने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय का दौरा करेंगे। इस यात्रा के दौरान, विश्वविद्यालय की उपलब्धियों और उन प्रक्रियाओं को प्रदर्शित करने के लिए एक प्रस्तुति दी जाएगी, जिनके कारण वर्तमान स्थिति बनी है। प्रस्तुतिकरण में विश्वविद्यालय द्वारा की गई वित्तीय, प्रशासनिक और लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं का विवरण भी शामिल होगा। प्रजेंटेशन के बाद अंतरराष्ट्रीय टीम के साथ विश्वविद्यालय के अधिकारियों की बातचीत होगी। इसके बाद प्राचीन भारतीय इतिहास और पुरातत्व विभाग और पर्यटन अध्ययन संस्थान के निदेशक प्रो. पीयूष भार्गव टीम को ऐतिहासिक भवनों का दौरा करवाएंगे और उसके बारे में जानकारी देंगे। इसके बाद टीम मानव विज्ञान संग्रहालय, टैगोर पुस्तकालय संग्रहालय, इसके चित्रों, मूर्तियों और दुर्लभ पांडुलिपियों के साथ, भूविज्ञान संग्रहालय और प्राणीशास्त्र विभाग में प्रोफेसर एस सी बॉघ संग्रहालय का दौरा करेगी। इस यात्रा के दौरान, विश्वविद्यालय अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करेगा और प्रदर्शन ऑडिट की अंतर्राष्ट्रीय प्रक्रियाओं के बारे में भी सीखेगा।

10 छात्रों का विप्रो कंपनी मे हुआ प्लेसमेंट

लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकीय एवं तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 10 छात्र-छात्राओं का कैंपस प्लेसमेंट विप्रो कंपनी मे हुआ है। चयनित छात्रों को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं संकाय के डीन प्रो. ए. के. सिंह ने बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य हेतु आशीर्वाद दिया। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि विप्रो कंपनी के तृतीय चरण के कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव मे बीबीए के 4 छात्रों (वत्सला श्रीवास्तव,आलोक कुमार ओझा, स्टालिन विक्टर, आकाश गुप्ता) तथा बी.कॉम के 3 छात्रों (सिद्धांत मिश्रा, शाश्वत रस्तोगी एवं अंजलि भारद्वाज) एवं बीसीए के 3 छात्रों (अंशिका थापा, विकास कुमार, विकेश मौर्य) का चयन 3.08 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ। तृतीय चरण के कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के बाद विप्रो मे विश्वविद्यालय के कुल चयनित छात्रों की संख्या 25 हो गयी है। साथ ही लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए विप्रो कंपनी मे जॉब के लिए, चतुर्थ चरण की फिजिकल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन अप्रैल के द्वितीय सप्ताह मे लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय मे किया जायेगा।

मेजर डिग्री के साथ ही माइनर्स एवं ऑनर्स भी कर सकेंगे एकेटीयू के छात्र

● विश्वविद्यालय ने पाठ्यक्रम संचालन की प्रक्रिया जारी की

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ने बीटेक छात्रों को मेजर डिग्री के साथ ही माइनर्स एवं ऑनर्स डिग्री लेने का अवसर दिया है। सत्र 2023-24 में बीटेक के चौथे सेमेस्टर में पढ़ रहे छात्र अपनी मेजर डिग्री के साथ ही माइनर्स या ऑनर्स डिग्री का विकल्प चुन सकेंगे। छात्र चौथे सेमेस्टर में रजिस्ट्रेशन के समय माइनर्स या ऑनर्स डिग्री के चयन का विकल्प भर सकता है। प्रत्येक माइनर्स या ऑनर्स डिग्री पाठ्यक्रम पांच विषयों 18 से 20 क्रेडिट का एक ट्रैक होगा। जिसे चौथे से आठवें सेमेस्टर तक सामान्यतया एक अतिरिक्त विषय के रूप में चलाया जाएगा।

छात्रों को मेजर डिग्री के साथ ही ऑनर्स डिग्री के पाठ्यक्रम को पूरा करना होगा। माइनर डिग्री मेजर डिग्री से अलग ब्रांच की होगी जबकि ऑनर्स डिग्री मेजर डिग्री की विशेष ब्रांच होगी। यदि कोई छात्र ऑनर्स डिग्री के पाठ्यक्रम को पूरा नहीं कर पाता तो मेजर डिग्री पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। वहीं छात्र की ओर से माइनर्स एवं ऑनर्स डिग्री के पूरे किये गये विषयों को उसके मेजर डिग्री की अंक तालिका में अतिरिक्त विषय और क्रेडिट के रूप में दर्ज किया जाएगा। जिससे कि छात्रों को इसका लाभ आगे मिल सके। छात्र की डिग्री पर मेजर डिग्री के साथ ही माइनर्स एवं ऑनर्स डिग्री का भी उल्लेख किया जाएगा। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय के निर्देश पर डीन यूजी प्रो. गिरीश चंद्रा ने सभी संबद्ध संस्थानों को पत्र जारी कर इच्छुक छात्रों के लिए माइनर्स एवं ऑनर्स डिग्री का विकल्प देने और पढ़ाई की व्यवस्था करने को कहा है।

इनमें कर सकेंगे आनर्स

इरिगेशन एंड ड्रेनेज इंजीनियरिंग, फार्म मशिनरी एंड पावर इंजीनियरिंग, प्रोसेस एंड फूड इंजीनियरिंग, सॉयल एंड वाटर कंजरवेशन इंजीनियरिंग, कम्प्यूटेशनल बायोलोजी एंड बायोइंफॉर्मेटिक्स, थ्री डी प्रिंटिंग एंड बायोटेक्नोलॉजी,इंवायरमेंटल इंजीनियरिंग, जियोइंफॉमेर्टिक्स, जियो टेक्निकल इंजीनियरिंग, स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग, ट्रांसपोर्टेशन इंजीनियरिंग, वाटर रिसोर्स इंजीनियरिंग, पेट्रोलियम इंजीनियरिंग, साइबर सिक्योरिटी, एडवांस कम्यूनिकेशन टेक्नोलॉजी, सेंसर एंड ट्रांसड्यूसर टेक्नोलॉजी, कन्वर्टर एंड ड्राइव्स, मिल्क एंड मिल्क प्रोडक्ट टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रिक एंड हाइब्रिट वेहिक्ल्स, स्मार्ट मैटेरियल्स एंड स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग, रोबोटिक्स एंड आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस, फंक्शनल टेक्सटाइल्स शामिल है। वहीं माइनर डिग्री के लिए 11 ब्रांच तय किया गया है।

यह होंगे फायदे: नई शिक्षा नीति को लागू करते हुए विश्वविद्यालय ने अपने छात्रों को अधिक रोजगार परक शिक्षा देने की व्यवस्था की है। इस क्रम में बीटेक छात्र नई तकनीकी में विशेषज्ञता हासिल कर सकेंगे। उद्योगों की मांग के अनुसार छात्र पूरी तरह से तैयार रहेंगे।

सही दिशा में पड़ा आपका एक वोट कश्मीर से धारा 370 समाप्त कर देता है: सीएम

● मुख्यमंत्री ने सहारनपुर में भाजपा प्रत्याशी राघव लखन पाल के पक्ष में की मतदान की अपील

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/सहारनपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सही दिशा में पड़ा आपका एक वोट कश्मीर में धारा 370 समाप्त कर देता है। उग्रवाद और आतंकवाद का समाधान कर देता है। इतना ही नहीं रामलला को नव्य, दिव्य और भव्य मंदिर में विराजमान कर देता है। यही तो मोदी की गारंटी है। ऐसे में आप अपने एक वोट की कीमत को पहचानिए। उन्होंने कुछ लोग अपने फायदे के लिए तुष्टीकरण के आधार पर समाज को बांटते थे। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ और सबके विकास के लिए कार्य करते हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को सहारनपुर के सेठ गंगा प्रसाद माहेश्वरी सभागार में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने बीजेपी के लोकसभा प्रत्याशी और पूर्व सांसद राघव लखन पाल के पक्ष में मतदान के लिए प्रबुद्धजनों से संवाद किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कुछ लोगों ने जाति, संप्रदाय, मत और मजहब के नाम पर समाज को विभाजित किया, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब कल्याण के आधार पर समाज के प्रत्येक तबके को शासन की योजना का लाभ दिया है, जो उनकी विकसित भारत की संकल्पना को दर्शाता है। विकसित भारत का मतलब हर भारतवासी के जीवन में खुशहाली लाना, हर नौजवान के हाथ को काम देना, उसकी आजीविका की पुख्ता व्यवस्था करना, हर व्यापारी को सुरक्षित माहौल देना और हर हस्तशिल्प-कारीगर के हुनर का सम्मान करना है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत में हर उद्यमी को ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के माध्यम से व्यापार और उद्योग लगाने की पूरी स्वतंत्रता होगी। उसके पास अपने प्रोडेक्ट को देश और दुनिया में पहुंचाने के लिए बेहतर कनेक्टिविटी होगी। सीएम ने कहा कि आज भी विघटनकारी और विभाजनकारी ताकत तेजी के साथ प्रहार करने के लिए आतुर दिखाई दे रही हैं, ऐसे में उन्हें जवाब देने के लिए आपको राघव लखन पाल को वोट करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी विकसित भारत गारंटी है। इसका मतलब देश के 12 करोड़ अन्नदातों को किसान सम्मान निधि, 4 करोड़ गरीबों को सर ढकने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना, ढाई करोड़ को मुफ्त में बिजली का कनेक्शन, 10 करोड़ गरीबों को मुफ्त में उज्ज्वला योजना के तहत रसोई गैस का सिलेंडर, 60 करोड़ लोगों को पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा का कवर है। इतना ही नहीं उत्तर प्रदेश में 15 करोड़ और देश में 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन की सुविधा का लाभ मिलना ही मोदी की गारंटी है।

उन्होंने कहा कि हमें दिल्ली से सहारनपुर आने में सात घंटे लगते थे, वहीं इस वर्ष के अंत तक केवल दो घंटे में दिल्ली से सहारनपुर पहुंचा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि सिविल टर्मिनल एयरपोर्ट के लिए पैसे दे दिये गये हैं और काम भी शुरू हो गया है। इसके बाद सहारनपुर में एयर, रेल और रोड कनेक्टिविटी काफी बेहतर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि अभी हम रैपिड रेल को मेरठ तक लेकर आए हैं, लेकिन वह दिन दूर नहीं जब सहारनपुर में भी रैपिड रेल दौड़ेगी। सीएम योगी ने कहा कि हमारी प्रतिस्पर्धा दुनिया से है। इसकी शुरुआत सहारनपुर से होगी। यहां की काष्ठ कला दुनिया में छा रही है। यहां के बने फर्नीचर लोगों के दिलों में छा रहे हैं। हमने वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के माध्यम इसे एक नई पहचान देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जब अच्छी सरकार आती है तो सब काम अच्छा-अच्छा होता है। उन्होंने कहा कि सहारनपुर में सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई है। इसके लिये देवबंद में एटीएस का सेंटर बनाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंत में कहा कि आपका चुनाव पहले चरण यानी 19 अप्रैल को है। उस समय तापमान भी बढ़ जाएगा, लेकिन आपको इसकी परवाह नहीं करनी है बल्कि अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग कर खुद वोट करना है और दूसरों को भी प्रेरित करना है।

पहचान सुनिश्चित होने के बाद दें मतदान की अनुमति: भूपेंद्र चौधरी

● भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से की भेंट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी के नेतृत्व में पार्टी के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को जनपथ लखनऊ स्थित निर्वाचन आयोग के कार्यालय पहुंच कर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से भेंट की। प्रतिनिधिमंडल में पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर, प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, मोहित बेनीवाल, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, सह प्रभारी हिमांशु दुबे, अखिलेश अवस्थी सहित अन्य प्रमुख नेता सम्मिलित थे।

भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के मुख्य निर्वाचन आयुक्त से कहा कि लोकसभा चुनाव के समय प्रदेश मे भीषण गर्मी की संभावना है। ऐसे में मतदान स्थलों पर पेयजल की व्यवस्था सहित मतदाताओं को धूप से बचाने के लिए समुचित प्रबन्ध किए जाने का अनुरोध किया। साथ ही मतदान के दौरान प्रत्येक मतदाता की पहचान सुनिश्चित कर ही मतदान की अनुमति दिए जाने का आग्रह किया ताकि फर्जी वोटिंग को कड़ाई से रोका जा सके। प्रतिनिधि मंडल ने बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के लिए विशेष रूप से सुविधा जैसे व्हीलचेयर इत्यादि का प्रबंध कराये जाने का भी आग्रह किया। मतदाता पर्ची घर-घर पहुंचे इसका भी अनुरोध किया गया। पूर्व मंत्री और सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां को समाजवादी पार्टी द्वारा स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किए जाने को लेकर पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी अन्तर्कलह का शिकार है, निश्चित रूप से समाजवादी पार्टी का जो चरित्र है उसे जनता जानती है। सपा ने आजम खां को स्टार प्रचारक बनाया है, हो सकता है ये मुख्तार अंसारी को भी स्टार प्रचारक बना दें। इरफान सोलंकी को भी स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया जा सकता है। समाजवादी पार्टी का यही चरित्र है, प्रदेश की जनता सब जानती है।उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश से पलायन कर चुकी है। उनके नेता राहुल गांधी 2019 में अमेठी से चुनाव हारने के बाद पलायन कर गए। उनकी नेता प्रियंका वाड्रा भी 2022 के विधान चुनाव के बाद पलायन कर गयी। आज उत्तर प्रदेश मोदीमय है।

भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता मोदी-योगी सरकार के कार्यों का लेखा-जोखा लेकर रिपोर्ट कार्ड के साथ जनता के बीच में हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा का गठबंधन बेमेल गठबंधन है, ये वैचारिक गठबंधन नहीं है। जिस प्रकार कांग्रेस का गठबंधन के प्रति इतिहास रहा है, पूरे देश व प्रदेश की जनता सब जानती है। सपा-कांग्रेस का गठबंधन स्वार्थ का गठबंधन है, जनता का गठबंधन मोदी और भाजपा से है हम उत्तर प्रदेश में सभी 80 सीटों पर मोदी के नेतृत्व में विजयी होगें और एक बार फिर केन्द्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनेगी।

राज्यपाल ने उच्च प्राथमिक विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण सुधारों के लिए दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को राजभवन परिसर में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण सुधारों हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव का अवलोकन किया और व्यापक दिशा-निर्देश प्रदान किए। राज्यपाल राजभवन में तैनात अधिकारियों के साथ राजभवन में चल रहे निर्माण कार्यों तथा यहाँ स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में सुधार हेतु पूर्व निर्देशों की समीक्षा कर रही थीं। इस क्रम में राज्यपाल ने स्कूल में बच्चों के बैठने के लिए समुचित कुर्सी, मेज, बेंच, कम्प्यूटर कक्ष और कम्प्यूटर सेट, स्मार्ट क्लास, खेल के सामान और भोजन सामग्री के लिए स्टोर रूम, पीने के लिए स्वच्छ पानी, शौचालय, खेल का मैदान, प्रार्थना सभा का स्थान जैसी स्कूल के लिए आवश्यक तमाम व्यवस्थाओं को गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूल की सभी व्यवस्थाएं आधुनिकतम बनाई जाएं, जिससे बच्चे आधुनिक सुविधा सम्पन्न स्कूल का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि स्कूल में राजभवन के बाहर से प्रवेश लेने के इच्छुक सभी बच्चों को एडमिशन दिया जाए। उन्होंने स्कूल में प्रवेश पाए सभी बच्चों को मॉडर्न शिक्षा से लाभान्वित करने की व्यवस्था बनाने पर जोर दिया। राज्यपाल ने राजभवन में पहले से चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि समय से कार्यपूर्ति न करने वाली कार्यदायी संस्था, व्यक्ति को विलम्बित समय के लिए नोटिस दिया जाए।

राज्यपाल ने दी गुड फ्राइडे की शुभकामनाएं

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने देशवासियों तथा प्रदेशवासियों को गुड फ्राइडे की शुभकामनाएं दी हैं। अपने बधाई संदेश में राज्यपाल ने कहा कि गुड फ्राइडे प्रभु यीशु के साहस, करुणा, संघर्ष और बलिदान की याद दिलाता है। इसलिए हम सभी को प्रभु यीशु के मानवता की सेवा, करुणा और शांति के संदेश से प्रेरणा लेनी चाहिए।

गुरुप्रीत सिंह जार्जी बने सपा के प्रदेश सचिव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल द्वारा गुरुप्रीत सिंह जार्जी पूर्व ब्लाक प्रमुख पलिया, लखीमपुर खीरी को समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नामित किया गया है। अखिलेश यादव के निर्देश पर इमरान खान 'रिंकू' निवासी कुंडा कला मुगलसराय जनपद चंदौली को समाजवादी युवजन सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय सचिव नामित किया गया है। इसके अलावा अरविन्द गिरि प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी युवजन सभा द्वारा शशिभूषण यादव निवासी ग्राम मानसिंह छपरा (नवकागॉव) पोस्ट अचलगढ़ जनपद बलिया तथा शवेन्द्र प्रताप यादव निवासी मोतीपुर चौराहा महमूदाबाद जनपद सीतापुर को समाजवादी युवजन सभा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नामित किया गया है।

आपसी लड़ाई में उलझा विपक्ष, प्रदेश की अस्सी सीटों पर जीतेगी भाजपा: स्वाति सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

भारत के विकास के लिए दिन-रात एक करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक तरफ विकास की बातें कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ विपक्ष आपसी झगड़े को निपटाने में जुटा हुआ है। यही नहीं वह कभी महिलाओं का अपमान कर रहा है तो कभी भारत विरोधी बयान दे रहा है। ऐसे में चुनाव परिणाम पहले से ही स्पष्ट हैं। उप्र में आपसी लड़ाई में उलझी सपा, जातिगत समीकरण भिड़ा रही बसपा और कांग्रेस शून्य पर सिमट जाएंगे। सभी 80 सीटों पर कमल खिलने जा रहा है। ये बातें भाजपा नेता व उत्तर प्रदेश सरकार की पूर्व मंत्री स्वाती सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि रामपुर और मुरादाबाद में सजा पा चुके आजम खां के आगे अखिलेश यादव झुक गये। उन्हें अपने सीटिंग सासंद को टिकट देने के बाद पुन: वापस लेना पड़ा। सपा मुखिया पार्टी के अंदर चल रहे अंतरद्वद्व को समाप्त करने में ही पूरा समय गंवाना पड़ रहा है। वहीं दूसरी तरफ भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को भाजपा के जनहितकारी कामों को बहुत पहले ही समझा चुके हैं। आज चुनाव भाजपा नहीं लड़ रही है, बल्कि भाजपा की तरफ से हर एक आम आदमी खुद ही लड़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का चेहरा ही चुनाव में काफी है। स्वाती सिंह ने कहा कि बसपा सिर्फ जातिगत और धार्मिक आधार पर अपने कैंडिडेट का चुनाव लड़ रही है। उसके पास न तो कोई विजन है और न ही उसका कोई उद्देश्य। उसका सिर्फ एक मात्र उद्देश्य है कि किसी तरह वह दो-चार सीटों पर जीत हासिल कर ले। इसे जनता भी जानती है। वहीं सपा की स्थिति यह है कि अलीगढ़ से 2009, 2014 और 2019 में चुनाव हार चुके बिजेन्द्र सिंह को टिकट देना पड़ा।

भाजपा की नीति और नियत दोनों से वर्तमान समस्याओं का हल नहीं: अखिलेश यादव

● आईएए के प्रतिनिधिमंडल ने सपा मुखिया का किया अभिनंदन, सौंपा ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि लघु, मध्यम एवं सूक्ष्म श्रेणी की औद्योगिक इकाइयां बिना सरकारी सहयोग के पूरी क्षमता से नहीं चल सकती है। प्रदेश में 9 हजार से अधिक इकाइयां है। बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के आगे

छोटी मध्यम इकाइयों को तमाम चुनौतियों से जूझना पड़ता है। चीन ने हमारे बाजार पर कब्जा कर लिया है। भाजपा सरकार की नीतियां जनविरोधी हैं। भाजपा की नीतियों से पूंजी घराने ही फायदा पाते हैं। बड़े उद्योगपतियों का 15 लाख करोड़ रुपए का कर्ज माफ कर दिया गया लेकिन किसानों और गरीबों का कर्ज माफ नहीं किया गया। छोटी व मध्यम इकाइयों को अगर मदद दी जाती तो 90 प्रतिशत से ज्यादा रोजगार सृजित हो जाता। किसान और व्यापारी के सहयोग से ही बेरोजगारी का समाधान हो सकता है। यादव गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में पूर्वांचल के विभिन्न जनपदों के उद्यमियों से भेंट करने के दौरान अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस दौरान सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम औद्योगिक इकाइयों की संगठित संस्था इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) की ओर से अखिलेश यादव को एक ज्ञापन सौंपा गया। आईआईए प्रतिनिधि मण्डल ने अखिलेश यादव का अभिनंदन भी किया। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के प्रतिनिधिमण्डल में बृजेश कुमार यादव अध्यक्ष, मोहम्मद सुहेल एवं आशीष यादव उपाध्यक्ष, गुलाब पाण्डेय महासचिव, शत्रुहन मौर्य कोषाध्यक्ष एवं अरविन्द मौर्य सचिव शामिल थे। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई और भ्रष्टाचार बेलगाम है। विकास अवरुद्ध है। समाजवादी सरकार में विद्युत व्यवस्था में व्यापक सुधार हुआ था।

इंडिया गठबंधन को विजयी बनाने के लिए कांग्रेस ने वरिष्ठ नेताओं को सौंपी अहम जिम्मेदारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

इंडिया गठबंधन के लखनऊ लोकसभा प्रत्याशी व विधायक रविदास मेहरोत्रा एवं जिला कांग्रेस कमेटी लखनऊ के जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी तथा समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित ने गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता की। प्रेसवार्ता से पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में लखनऊ के कांग्रेसजनों की एक महत्वपूर्ण बैठक लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर सम्पन्न हुई जिसमें जनपद के वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने हिस्सा लिया। प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि लखनऊ एवं मोहनलालगंज लोकसभा प्रत्याशी को जीत सुनिश्चित करने के लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा पूरी रणनीति तैयार कर ली गई है। चुनाव को गंभीरता से देखते हुए इंडिया गठबंधन को विजयी बनाने के लिए संगठन एवं जिले के वरिष्ठ कांग्रेसजनों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है साथ ही लोकसभा चुनाव की चुनावी गतिविधियों पर निगाह रखने के लिए दोनों लोकसभाओं के अन्तर्गत कंट्रोल रूम की स्थापना भी गई है। जिसके तहत लखनऊ लोकसभा चुनाव के कंट्रोल रूम का पूर्व पार्षद केके शुक्ला एवं मोहनलालगंज लोकसभा का रितु अग्रवाल को प्रभारी बनाया गया है।

समाज की बेहतरी के लिए करें अपने अनुभवों का इस्तेमाल: सीएस

● सेवानिवृत्त हुए 12 सचिवालय कर्मियों का मुख्य सचिव ने किया उत्साहवर्धन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने उप्र सचिवालय सेवा से सेवानिवृत्त हुए 12 कार्मिकों को उनके सेवानैवृत्तिक लाभों से सम्बन्धित आदेशों का वितरण और स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस मौके पर मुख्य सचिव ने सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को जीवन की नई पारी के लिए मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि पूर्व निर्धारित सेवानिवृत्ति जीवन की दूसरी यात्रा का शुभारंभ है। आप सभी को शासकीय सेवा में रहकर पुण्य प्राप्त करने का अवसर प्राप्त हुआ।

उन्होंने श्रीमद् भगवत गीता के श्लोक का उदाहरण देते हुए कहा कि हमारे शरीर का धर्म कर्म है। जब तक हम कर्म करेगें हमारा शरीर चलता रहेगा। जिस दिन हम कर्म से मुक्त हो जाएंगे उस दिन शरीर से मुक्त हो जाएंगें। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सेवानिवृत्त होने के उपरांत वह सभी बंधनों से मुक्त हो गए हैं। नई ऊर्जा एवं उत्साह के साथ अपने अनुभवों का इस्तेमाल गांव, शहर, प्रदेश और देश की समाज की बेहतरी के लिए करें। आस-पास के क्षेत्र को साफ-सुथरा रखें। लोगों को योग सिखायें, अध्यात्म सिखाएं। सचिवालय सेवा से सेवानिवृत्त कार्मिकों में 1 संयुक्त सचिव, 5 अनुभाग अधिकारी, 2 समीक्षा अधिकारी, 1 निजी सचिव, 1 मुख्य अग्निशमन अधिकारी, 1 सहायक समीक्षा अधिकारी तथा 1 अनुसेवक शामिल थे। इस अवसर पर प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन के. रवीन्द्र नायक सहित अन्य अधिकारी, सेवानिवृत्त कार्मिकों के परिजन आदि उपस्थित थे।

दक्षिण के राज्यों में यूपी के योगी मॉडल को लेकर उत्सुकता

● अयोध्या से रामेश्वरम तक की पदयात्रा करने वाली वाटर वूमेन शिप्रा पाठक ने साझा किए अपने अनुभव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

वॉटर वुमेन के नाम से मशहूर उत्तर प्रदेश की बेटी शिप्रा पाठक ने अयोध्या से रामेश्वरम तक 3,952 किमी की पदयात्रा के उपरांत अपने अनुभवों को साझा किया है। उन्होंने इस बात पर सबसे ज्यादा हर्ष व्यक्त किया कि योगी आदित्यनाथ का यूपी मॉडल दक्षिण के राज्यों में भी लोकप्रिय है। कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे प्रांतों में योगी मॉडल के प्रति लोगों में काफी उत्सुकता देखने को मिलती है। वहीं उन्होंने ये भी कहा कि योगी आदित्यनाथ के यूपी के मुख्यमंत्री होने के कारण आज प्रदेश की बेटियों के मन में सुरक्षा की भावना पैदा हुई है। यूपी की बेटियों में सबसे ज्यादा इस बात को लेकर भरोसा पैदा हुआ है कि उनके साथ अगर कुछ भी गलत होता है तो महाराज जी के भय से उनकी सुनवाई हर कहीं होगी। उन्होंने बताया कि योगी आदित्यनाथ आज पूरे देश में उत्तर प्रदेश के पर्यायवाची बन चुके हैं। सरयू से सागर तक जाने वाली राम जानकी वन गमन पथ की भारत की प्रथम पदयात्री वॉटर वूमन शिप्रा पाठक ने यात्रा की शुरुआत 27 नवंबर को राम नगरी अयोध्या से की थी। राम नाम के संकल्प के साथ उतर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु में पड़ने वाले राम वन गमन पद चिन्ह के साथ साथ चलकर 11 मार्च को उनकी यात्रा रामेश्वरम पहुंची। शिप्रा ने अपनी इस यात्रा के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि उनकी पदयात्रा के साथ-साथ विभिन्न नदियों का जल लेकर एक वाहन भी चल रहा था, जिस पर उत्तर प्रदेश का रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित था।

बेटे पर चोरी का आरोप लगाकर मां को पीटा, पुलिस ने कराया मुक्त

मोहनलालगंज। सिसेण्डी इलाके में बेटे पर चोरी का आरोप लगाकर दबंगो ने घर में घुसकर मां की बेरहमी से पिटाई कर दी। फिर उसे बंधक बनाकर बंगला बाजार तक ले गए। पति की शिकायत पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद महिला को बंधन मुक्त कराकर वापस थाने लाई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर एफआईआर दर्ज की है। मोहनलालगंज में बुधवार को रायपुर निवासी कुंवारे के घर पहुंचे अयोध्या खेड़ा के रामबाबू व भूषन समेत अन्य महिलाओं ने कुंवारे के बेटे पर पचास हजार रुपए व बाली चोरी का आरोप लगाकर उसकी मां गीता की बेरहमी से पिटाई कर दी। फिर गीता को बंधक बनाकर बंगला बाजार लेकर चले गए। उधर जानकारी मिलने पर पति कुंवारे ने मोहनलालगंज थाने पहुंचकर पुलिस से मदद मांगी। पुलिस टीम बंगला बाजार पहुंची तो आरोप है कि दबंग गीता को छोड़ने से मना करने लगे। लिहाजा बंगला बाजार थाने से पुलिस फोर्स मंगवाकर गीता को बंधन मुक्त कराया गया।

रुपयों के लिए दोस्त ने की थी मजदूर की हत्या, पुलिस ने किया गिरफ्तार

● प्लाटिंग साइट में बरामद हुआ था मजदूर का शव बाइक लेकर फरार हो गया था हत्यारोपी दोस्त

मोहनलालगंज। रुपयों के लेनदेन को लेकर दोस्त ने ही मजदूर धर्मेन्द्र रावत को मौत के घाट उतारा था। हत्यारोपी दोस्त घटनास्थल से उसकी बाइक लेकर भी फरार हो गया था। गुरुवार को हत्यारोपी दोस्त को गिरफ्तार कर पुलिस ने आलाकत्ल ईंट और मृतक की बाइक बरामद करने का दावा किया है। नगराम के गड़रियन खेड़ा निवासी मजदूर धर्मेन्द्र रावत 20 मार्च को बाइक से बिजनौर में मजदूरी करने गए थे लेकिन वापस नही लौटे। काफी खोजबीन के बावजूद उसका कुछ पता नही चल सका। 22 मार्च को मोहनलालगंज के बिन्दौवा स्थित प्लाटिंग साइट में धर्मेन्द्र का शव बरामद किया गया। जबकि उसकी बाइक गायब मिली। परिजनों ने पुलिस से शिकायत कर हत्या की आशंका जताई। लेकिन पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई का बहाना बनाकर टाल दिया। पीएम रिपोर्ट आने के बाद भी पुलिस केस दर्ज करने में टालमटोल करती रही। मामला अधिकारियों की जानकारी में पहुंचने के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर गुरुवार को डिघारी निवासी प्रशान्त मिश्र को गिरफ्तार कर उसके पास से मृतक की बाइक और आलाकत्ल ईंट बरामद करने का दावा किया है। पुलिस के मुताबिक रुपयों के लेनदेन को लेकर मृतक धर्मेन्द्र के दोस्त प्रशान्त ने ही ईंट से सिर पर वारकर उसे मौत के घाट उतार दिया। फिर उसकी बाइक लेकर वहां से भाग निकला। पुलिस ने मामले में लूट की धारा भी बढ़ा दी है।

फरियाद लेकर भटकते रहे परिजन प्रदर्शन की चेतावनी पर मिला इंसाफ

संवाददाता। मोहनलालगंज

● शव के अंतिम संस्कार से मना करने पर बिजनौर पुलिस ने दर्ज किया केस

बेटी की हत्या का आरोप लगाकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर दो थाने के चक्कर काटते रहे परिजनों को प्रदर्शन की चेतावनी के बाद न्याय मिल सका। शव का अंतिम संस्कार करने से मना करते ही पुलिस ने आनन फानन केस दर्ज कर आरोपी पर कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिया। तब जाकर आक्रोशित परिजन शान्त हुए और शव को अंतिम संस्कार के लिए ले गए।

बिजनौर के सौसीरन खेड़ा निवासी भोला की बेटी सोनी मंगलवार को मौसेरे भाई राजेन्द्र के साथ बाइक से मोहनलालगंज के गौरा में उसके घर गई थी। बुधवार को सोनी के मौसी के घर नही पहुंचने की सूचना मिली तो पिता भोला के पैरों तले की जमीन खिसक गई। भोला के मुताबिक उन्होने फौरन बिजनौर पुलिस को सूचना देकर अनहोनी की आशंका जताई। लेकिन बिजनौर पुलिस बेपरवाह बनी रही। शाम को मोहनलालगंज के अतरौली में रेलवे ट्रैक के निकट अज्ञात युवती का शव बरामद किया गया। फिर भी बिजनौर पुलिस के कान में जूं नही रेंगी। उधर सोशल मीडिया पर मृतका के शव की फोटो वायरल होने के बाद भोला ने मोहनलालगंज थाने पहुंचकर फोटो देखकर शव की शिनाख्त अपनी बेटी सोनी के रुप में की। भोला का आरोप है कि उन्होने मोहनलालगंज पुलिस को साढू के बेटे राजेन्द्र समेत अन्य लोगों पर बेटी की हत्या करने का शक जाहिर कर शिकायत की। लेकिन घटनास्थल बिजनौर थाना क्षेत्र बताकर मोहनलालगंज पुलिस ने वहां जाने की सलाह देकर टरका दिया। जबकि बिजनौर पुलिस ने भी कार्रवाई में कोई तेजी नही दिखाई।

उधर पोस्टमार्टम के बाद सोनी का शव लेकर परिजन गांव पहुंचे और आरोपियों पर कार्रवाई होने तक अंतिम संस्कार नही करने और प्रदर्शन की चेतावनी दी तो हड़कंप मच गया। कुछ देर में ही पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लेने की जानकारी दी और मामले में प्रभावी कार्रवाई का भरोसा दिया। तब जाकर आक्रोशित परिजन शान्त हुए और शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया। हालांकि पुलिस अधिकारियों ने शिकायत मिलते ही केस दर्ज कर कार्रवाई किए जाने का दावा किया।

मूल्यांकन बहिष्कार लिया गया वापस, मान ली गईं मांगें

● शिक्षकों ने शिक्षक नेता लालमणि और डॉ हरि प्रकाश यादव का जताया आभार

संवाददाता। प्रयागराज

शिक्षकों ने मूल्यांकन बहिष्कार का निर्णय वापस ले लिया है। बता दें कि राजकीय हाई स्कूल महंगाव वाराणसी के शिक्षक धर्मेंद्र कुमार की एक सिपाही के द्वारा 17/18 मार्च की रात में मुजफ्फरनगर में निर्मम हत्या कर दी गयी। इसके विरोध में 18 मार्च को पूरे प्रदेश के सभी मूल्यांकन केंद्रों पर मूल्यांकन बहिष्कार कर दिया गया। ठकुराई गुट के प्रदेश महामंत्री लालमणि द्विवेदी ने बताया कि शिक्षकों के सुरक्षा और सम्मान की दृष्टिगत सरकार को स्पष्ट संदेश देने के लिए माध्यमिक शिक्षा से जुड़े सभी संगठनों को जोड़ने का प्रयास किया गया।

19 मार्च को पूर्वान्ह 11 बजे सभी संगठनों के प्रांतीय प्रतिनिधियों की अपरिहार्य बैठक राजकीय इंटर कॉलेज प्रयागराज में आयोजित की गई। सभी संगठनों की सर्वसम्मति से स्व धर्मेंद्र कुमार के परिवार को न्याय तथा व्यवस्था परिवर्तन संबंधी पांच प्रमुख मांगों का मांगपत्र राजकीय शिक्षक संघ के पैड पर सरकार के सामने प्रस्तुत करने तथा इन मांगों पर विचार करने के लिए सरकार को तीन दिन का समय देने का निर्णय लिया गया। 19 मार्च को शाम चार बजे सभी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ मुख्यमंत्री को संबोधित मांगपत्र को माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिव्यकांत शुक्ल को सौंपा गया। सरकार या विभाग की तरफ से अगले तीन दिन में पांच मांगों के संबंध में संगठनों को कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई। विवश होकर 22 मार्च को शाम चार बजे सभी संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित कर 23 मार्च से मूल्यांकन का अनवरत बहिष्कार का निर्णय लिया गया। पुरजोर समर्थन और सहयोग से पूरे प्रदेश में मूल्यांकन बहिष्कार पूरी तरह सफल रहा।

यह मूल्यांकन बहिष्कार मांगों पर विचार किए जाने तक आगे भी जारी रहना था। 26 मार्च को दोपहर बाद से माध्यमिक शिक्षा विभाग से जुड़े हुए शीर्ष अधिकारियों के द्वारा कई बार मुझसे फोन पर वार्ता होती रही। वार्ता के परिणाम स्वरूप रात तक तीन आदेश जारी किए गए। जिसमें पांच मांगों में से दो मांगों को स्वीकार करते हुए उन पर आदेश निर्गत किए गए। धर्मेंद्र कुमार के परिवार को असाधारण पेंशन दिए जाने संबंधी शासन का आदेश निर्गत किया गया तथा भविष्य में उत्तर पुस्तिकाओं के बंडलों को पहुंचाने के कार्य से शिक्षकों को विरत रखने का आदेश जारी किया गया। एक तीसरे पत्र के माध्यम से शेष तीन बिंदुओं के संबंध में शासन में विचार विमर्श कर सकारात्मक निर्णय लिए जाने का आश्वासन दिया गया।

उधर सभी शिक्षक संगठनों की बैठक आज राजकीय इंटर कालेज प्रयागराज में हुई। जिसमें शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार की हत्या के बाद न्याय दिलाने को लेकर सभी संगठनों ने सामूहिक रूप से 22 मार्च की बैठक मूल्यांकन बहिष्कार का निर्णय लिया था। 23 मार्च को मूल्यांकन बहिष्कार के व्यापक प्रभाव को देखते हुए माध्यमिक शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारी एवं शासन ने संज्ञान लिया एवं कल कई आदेश जारी किये। कुछ पर सकारात्मक आश्वासन मिला। इसी परिप्रेक्ष्य में आज प्रयागराज में सभी संगठनों के प्रतिनिधियों की सम्मिलित बैठक कर जारी हुए आदेशों एवं शासन के सकारात्मक रुख को देखते हुए मूल्यांकन बहिष्कार वापस ले लिया गया है। सभी शिक्षकों से छात्र हित में मूल्यांकन कार्य शीघ्र पूरा करने की अपील की।

सभी प्रतिनिधियों ने एक स्वर में कहा कि यदि उच्चाधिकारियों द्वारा दिये गए आश्वासन का पालन शीघ्र नही होता तो संगठन फिर से संघर्ष का रास्ता अख्तियार करेगा। बैठक में राजकीय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर पांडेय महामंत्री रविभूषण यादव माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट के प्रदेश सरंक्षक डॉ हरिप्रकाश यादव प्रदेश उपाध्यक्ष उपेन्द्र वर्मा चेतनारायण गुट के प्रदेश कोषाध्यक्ष महेश यादव वित्तविहीन शिक्षक संघ के उदय राज यादव एकजुट के प्रदेश आय व्यय निरीक्षक सुरेंद्र प्रताप सिंह जिला मंत्री देवराज सिंह मंडल अध्यक्ष मिथिलेश मौर्य अटेवा के प्रदेश संगठन मंत्री अशोक कनौजिया अशोक पटेल विनोद यादव लक्ष्मी नारायण सिंह सहित जिला एवं मंडल के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

उधर शिक्षकों के आंदोलन को सफल होने पर एकजुट के प्रदेश संरक्षक डॉ हरिप्रकाश यादव ने सभी शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों का आभार जताते हुए आभार व्यक्त किया। डा हरि प्रकाश यादव ने कहा कि अगर इसी तरह से सभी संगठन एक होकर समस्याओं के निस्तारण के लिए अगर लग जाये तो समस्याओं का शीघ्र निस्तारण होगा।

सभी मतदेय स्थलों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं कर ली जाएं सुनिश्चितः एडीएम

संवाददाता। सोनभद्र

अपर जिलाधिकारी वि0रा0 सहदेव कुमार मिश्र की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त जोनल सेक्टर मजिस्ट्रेटों को आवंटित मतदेय स्थलों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के सम्बन्ध में बैठक की गयी, इस दौरान अपर जिलाधिकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जोनल सेक्टर मजिस्ट्रेटों आवंटित मतदेय स्थलों बूथों पर उपलब्ध आवश्यक मूलभूत सुविधाओं जैसे कि पीने की पानी, रैम्प, विद्युतीकरण सहित अन्य सुविधाओं के उपलब्धता के सम्बन्ध में बूथवार जानकारी प्राप्त की।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए सेक्टर मजिस्ट्रेटों द्वारा बूथ निरीक्षण के दौरान बूथों पर उपलब्ध आवश्यक मूलभूत सुविधाओं में जो भी कमियां अंकित की गयी है, उन कमियों को दूर करते हुए 15 दिवस के अन्दर बूथों पर सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कर ली जाये, जिससे कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान पोलिंग पार्टी मतदाता को मतदान केन्द्रों पर किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़ें, जिन मतदान केन्द्रों पर पानी की उपलब्धता की समस्या हो, वहां पर हैण्डपम्पों के मरम्मत व रिबोर के कार्य भी अवश्य करा लिये जाये।

बैठक में उप जिलाधिकारी घोरावल राजेश सिंह, उप जिलाधिकारी सदर निखिल यादव, सहायक निर्वाचन अधिकारी जगरूप सिंह पटेल, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ संपन्न हुआ होली मिलन समारोह

प्रयागराज। न्याय विहार कॉलोनी सुलेम सराय के समस्त निवासियों द्वारा पारिवारिक जनों के साथ भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। वरिष्ठ अधिवक्ता हाईकोर्ट अजय कुमार पांडे की अध्यक्षता में रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ-साथ अबीर गुलाल एवं रात्रि भोज के साथ संपन्न हुआ।

इस अवसर पर प्रेम उल्लास उमंग की त्रिवेणी की प्रवाह के साथ साथ नगर के सुप्रसिद्ध गायक मनोज गुप्ता एवं साथियों ने अपनी अविस्मरणीय प्रस्तुतियों के माध्यम से रंग डारो नहीं कृष्ण मुरारी उड़त गुलाल उड़त है अबीरा सिया संग होली खेलत रघुबीरा होली खेले अवध बिहारी लेकर रंग और पिचकारी होली खेले रघुवीरा रंग बरसे भीगे चुनरवाली सहित लगभग दो दर्जन गीतों से तीन घंटे तक श्रोताओं को होली के रंगों में सराबोर कर दिया। उनके साथ सह गायिका के रूप में रेनू राज सिंह तथा सिंथेसाइजर पर शैशव गुप्ता तबले पर सूर्या भट्ट ढोलक पर राजेंद्र कुमार एवं ऑक्टोपैड पर प्रशांत भट्ट ने साथ दिया। इसी क्रम में गजेंद्र सिंह ने अपने हनुमत नृत्य एवं रोहित एवं शक्ति ने श्री राधा एवं कृष्ण के रूप में फूलों की होली एवं मयूर नृत्य से सबको भाव विभोर कर दिया।

190 ग्राम हेरोइन के साथ चार तस्कर पुलिस की गिरफ्त में

● बाराबंकी के तस्कर से खरीदकर बेचते हैं हेरोइन

संवाददाता। सोनभद्र

आगामी लोक सभा चुनाव के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा अवैध मादक पदार्थ हेरोइन, गांजा, शराब की तस्करी करने वाले तस्करों के विरुद्ध अभियान चलाया गया है, इसी के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर राहुल कुमार पाण्डेय के निर्देशन में गुरुवार को प्रभारी निरीक्षक चोपन विश्वनाथ प्रताप सिंह चौकी प्रभारी डाला राजेश कुमार सिंह आरक्षी मुकेश कुमार सिंह व रंजीत कुमार सरोज द्वारा प्रातः सेवका मोड़ डाला के पास से राजेश कुमार पुत्र स्व0 जमुना प्रसाद निवासी सेक्टर सी मोड़ डाला थाना चोपन जनपद सोनभद्र के पास से 20 ग्राम हेरोइन अनुमानित कीमत 02 लाख रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया।

बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना चोपन पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

एक अन्य कार्यवाही मे गुरुवार को समय 10.15 बजे एसओजी व थाना हाथीनाला पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग के दौरान हाथीनाला रेनूकुट बार्डर से एक अदद स्वीफ्ट डिजायर कार से 170 ग्राम अवैध हेरोइन अनुमानित कीमत 17 लाख रुपये व हेरोइन बिक्री के 55 हजार रुपये बरामद कर मौके से 03 नफर हेरोइन तस्कर आकाश सोनकर पुत्र प्रेम लाल सोनकर उम्र लगभग 20 वर्ष निवासी चण्डी होटल थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र रिजवान अंसारी पुत्र इकराम अंसारी उम्र लगभग 22 वर्ष निवासी बनकट मोड़ थाना अनपरा जनपद सोनभद्र अजीत कुमार पुत्र निर्मल सिंह मौर्या उम्र लगभग 22 वर्ष निवासी ओदार थाना घोरावल जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना हाथीनाला पर मुकदमा पंजीकृत किया गया।

घटना में संलिप्त अन्य अभियुक्तों के विरुद्ध टीम गठित कर कार्यवाही की जा रही है। पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हम लोग बाराबंकी के तस्कर मो0 रिजवान उर्फ अंकल से हेरोइन खरीदकर यहां लाकर फूटकर में बेचते हैं। हेरोइन का पैसा ज्यादातर कैस व कुछ ऑनलाइन भी मो0 रिजवान उर्फ अंकल को भेजे देते हैं।

गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक हाथीनाला प्रणय प्रसून श्रीवास्तव एसओजी प्रभारी रामस्वरूप वर्मा उ0नि0 हाथीनाला प्रेमशंकर मिश्रा हे0का0 जगदीश मौर्य शशि प्रताप सिंह सतीश पटेल प्रेम कुमार चौरसिया जय प्रकाश सरोज तेरसू यादव विनोद यादव विश्व शंकर उपाध्याय सामिल रहे।

राजभाषा प्रगति का भी निरीक्षण करना करें सुनिश्चितः डीआरएम

प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल में मंडल रेल प्रबंधक हिमांशु बडोनी की अध्यक्षता में गुरुवार को मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न हुई। मंडल रेल प्रबंधक हिमांशु बडोनी ने सभी शाखाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की राजभाषा नीतियों का अनुपालन कराना हमारा संवैधानिक दायित्व है। यद्यपि हमारे मंडल में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग हो रहा है फिर भी सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को पूरी तरह से हासि ?ल करने के लिए हमें और प्रयास करने की आवश्यिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की कोई छूट नहीं है। आप सभी अपने अपने कार्यालयों में राजभाषा नीति का समुचित अनुपालन सुनिश्चित कराएं ताकि हमारा मंडल राजभाषा हिंदी के प्रयोग के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना सके। उन्होंने कहा कि सभी कार्यालय अपने यहां जारी होने वाले पत्रों हिंदी में ही जारी करें तथा छोटे छोटे प्रयास करें जैसे हस्ताक्षर और अपने पदनाम आदि हिंदी में लिखें जाए। हिमांशु बडोनी ने अधिकारियों को निदेश दिया कि वह अपने निरीक्षणों के दौरान राजभाषा प्रगति का भी निरीक्षण करना सुनिश्चित करें और निरीक्षित कार्यालय में राजभाषा के प्रयोग प्रसार की स्थिति का जिक्र अपनी निरीक्षण रिपोर्ट में भी करें।

दायित्व निर्वाह की कोई भी जिम्मेदारी छोटी या बड़ी नही होतीः राकेश त्रिवेदी

संवाददाता। गाजीपुर

भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न सांगठनिक कार्यो को गति प्रदान करने, माइक्रो डोनेशन तथा लाभार्थी सम्पर्क सहित लोकसभा चुनाव की सफलता हेतु आज मोर्चा, विभाग और प्रकोष्ठों की बैठक जिलाध्यक्ष सुनील सिंह की अध्यक्षता में जिला कार्यालय छावनी लाइन पर हुई। इस अवसर पर जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी ने माइक्रो डोनेशन तथा लाभार्थी सम्पर्क अभियान पर वृत्त निवेदन करते हुए एक एक पदाधिकारी से वार्ता कर उनके जिम्मेदारी के इमानदारी पूर्वक निर्वहन के प्रति उत्साहित किया और कहा कि दायित्व निर्वाह की कोई भी जिम्मेदारी छोटी या बड़ी नही होती बल्कि मनुष्य का व्यवहार, काम करने की शैली, लोगों के साथ सम्पर्क की निरंतरता संगठन और व्यक्ति दोनों की अमिट छवि लोगों के हृदय में स्थापित करती है। उन्होंने दावा किया कि गाजीपुर लोकसभा सीट पर लगभग एक लाख से ज्यादा मतो से भारतीय जनता पार्टी चुनाव जीत रही है। जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि कर्मठ कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयास से भारतीय जनता पार्टी का परचम जिले की लोकसभा में लहराया जाएगा। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के काशी क्षेत्र संयोजक राजन तिवारी ने गीत के माध्यम से अपना संबोधन दिया। सबके प्रति आभार धन्यवाद जिला महामंत्री प्रवीण सिंह ने व्यक्त किया।

संचालन पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिल राजभर ने किया। इस अवसर अभय प्रताप सिंह, संकठा प्रसाद मिश्र, जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, शैलेश राम, साधना राय, आलोक शर्मा, राजीव कुमार सिंह, दीपक सिंह, विश्व प्रकाश अकेला, अविनाश सिंह, गुलाम कादिर राइनी, रुद्र प्रताप सिंह, रासबिहारी राय, गर्वजीत सिंह, सुशील सिंह, सनी चौरसिया, विरेन्द्र चौहान, देवी प्रसाद राय, अजीत सिंह, रूपेश सिंह सहित आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

संवाददाता। चन्दौली

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशाक्रम मे माध्यमिक विद्यालयो मे राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या 2023 के क्रियान्वयन के संदर्भ जनपद स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण गुरुवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सकलडीहा चंदौली में संपन्न हुआ। अन्तिम दिवस डायट प्राचार्य लालजी यादव ने प्रशिक्षण मे बताए गये बिन्दुओ के अनुसार विद्यालय मे गतिविधि कराने के निर्देश दिए व प्रतिभागियो को प्रमाण पत्र वितरण किया। प्रशिक्षण प्रभारी एवं संदर्भदाता डॉ0 बैजनाथ पाण्डेय (प्रवक्ता डायट जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चंदौली) ने संप्रेषण कौशल आदि बिन्दुओ पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए संदर्भदाता और कक्ष मे उपस्थित डायट प्राचार्य और प्रतिभागियों का धन्यवाद किया।

राज्य स्तरीय संदर्भदाता के रूप मे श्रीमति पद्मश्री (प्रवक्ता राजकीय बालिका इण्टर कालेज सैयदराजा) एवं डॉ 0 विपिन कुमार सिंह (प्रवक्ता आदित्य नारायण राजकीय इण्टर कालेज चकिया चंदौली) द्वारा नयी शिक्षा नीति के उद्देश्य नयी शिक्षा नीति मे भारतीय ज्ञान प्रणाली एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2023 के विभिन्न पहलुओ पर विस्तार पूर्वक चर्चा किये। इस प्रशिक्षण के दौरान राष्ट्रीय शिक्षानीति 2020 का परिचय माध्यमिक शिक्षा के परिप्रेक्ष्य मे पाठ्यचर्या एवं शिक्षण शास्त्र डिजिटल कलात्मक टी एल एम की सहायता से शिक्षण विधियो से संबंधित समूह कार्य भारतीय ज्ञान प्रणाली समावेशी शिक्षा सामुदायिक सहभागिता शिक्षा मे प्रौद्योगिकी साइबर सुरक्षा व नैतिकता व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास शारीरिक शिक्षा एवं समग्र कल्याण मूल्यांकन एवं आकलन बिन्दुओ पर तीन दिवसो मे राजकीय माध्यमिक विद्यालयो से आये प्रतिभागियो के साथ विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी।

बेसिक शिक्षा विभाग के प्रांगण में प्रदर्शनी का डीएम व एडीएम ने किया अवलोकन

अंबेडकर नगर। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन 28. 3.2024 को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अविनाश सिंह , अपर जिलाधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता, वरिष्ठ कोषाधिकारी तथा जिला विकास अधिकारी ने भी बच्चों के बनाए गए मॉडल का निरीक्षण एवं अवलोकन किया प्रत्येक विकास खंड के 10-10 बच्चे इस प्रकार कुल 100 बच्चों द्वारा अपने बेहतरीन मॉडल का प्रस्तुतीकरण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा प्रतीक मॉडल पर और बच्चों से प्रश्न पूछा गया और बच्चों द्वारा बड़े ही उत्साह से उसका उत्तर दिया गया बच्चों ने अपने मॉडल में रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम विद्युत चुंबकीय प्रेरण पाचन तंत्र सौर ऊर्जा हृदय की संरचना आदि कई समसामयिक बिंदुओं पर अपना प्रस्तुतिकरण दिया प्रतियोगिता के पश्चात क्रमशः प्रथम से दशम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेंद्र प्रताप सिंह द्वारा प्रमाण पत्र शील्ड प्रशस्ति पत्र तथा उनके बैंक खातों में धनराशि भेजी गई प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों के लिए 10000 द्वितीय स्थान के लिए 7500 तृतीय स्थान के लिए 5000 और चतुर्थ से दशम स्थान तक प्रत्येक बच्चे की खाते में 2500 रुपए प्रेषित किए गए।

फूलपुर संसदीय क्षेत्र में रिकार्ड मतों से होगी भाजपा की जीतः डॉ विक्रम सिंह पटेल

संवाददाता। प्रयागराज

भाजपा नेता डॉ विक्रम सिंह पटेल ने कहा कि पूरे देश में एनडीए के पक्ष में माहौल तैयार हो गया है। जबकि विपक्षी पार्टियां पूरी तरह से हताश और निराश हैं। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के साथ ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने 400 पार का जो लक्ष्य दिया है। उस लक्ष्य को पूरा करने का जनता ने ही मन बना लिया है।

कहा कि यूपी में सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सभी 80 सीटों पर एनडीए गठबंधन बड़ी जीत दर्ज करने जा रही है और इस जीत को सुनिश्चित करने के लिए भाजपा की सहयोगी पार्टी अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल भी पूरी ताकत के साथ चुनाव मैदान में उतर आयी हैं। वहीं कुछ विपक्षी पार्टियों के नीचे से सियासी जमीन खिसक चुकी हैं। जिसके चलते ऐसी पार्टियों कभी इंडी गठबंधन और कभी सियासत में हासिए पर जा चुके और अन्य राजनीतिक दलों का सहारा ढूंढ रहे हैं।

कहा कि मिशन 2024 के लिए यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ मथुरा से चुनावी आगाज भी कर दिया है लेकिन विपक्षी पार्टियां अभी तक दूर दूर तक चुनाव मैदान में कहीं नजर नहीं आ रही हैं। कहा कि विपक्ष पूरी तरह से बिखर चुका है और विपक्षी गठबंधन में शामिल कांग्रेस के पास जहां चुनाव लड़ने के लिए मूल कैडर में प्रत्याशी ढूंढे नहीं मिल रहे तो वहीं समाजवादी पार्टी में रामपुर और मुरादाबाद सीटों पर अंतर कलह मची हुई है।

प्रयागराज की इलाहाबाद संसदीय सीट पर भी कांग्रेस को प्रत्याशी ढूंढे नहीं मिल रहा है। जिसके चलते पूरे दल से आयातित प्रत्याशी को चुनाव लड़ने की चर्चा है। उन्होंने कहा कि मैं स्वयं 2014 में फूलपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़े डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का प्रस्तावक रहा।

इसके अलावा फूलपुर लोकसभा सीट पर भाजपा और अपना दल के समन्वय की भी भूमिका निभाई और और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद ने तीन लाख से ज्यादा मतों के अंतर से सीट पर जीत दर्ज कर पहली बार कमल खिलाया था। इस जीत में भी हमारी बड़ी भूमिका रही है और 2019 में दूसरी बार इस सीट पर कमल खिलाने में भी अहम भूमिका हमने निभाई उन्होंने कहा कि मेरे पिता करण सिंह पटेल भी 2009 में फूलपुर संसदीय सीट से चुनाव लड़ चुके हैं। प्रेस वार्ता का संचालन मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने किया।

इस अवसर पर भाजपा नेता चंद्रशेखर ओझा मंडल अध्यक्ष अनिल भट्ट राजू गर्ग गणेश वर्मा अमन शर्मा उपस्थित रहे।

दोहरा दुष्प्रभाव सेहत के लिए नहीं माना जाता है बेहतर

प्रयागराज। साल दो हजार चौबीस की शुरुआत में डब्लूएचओ वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने पांच देशों को पहली बार सर्टिफिकेट प्रदान किये हैं। यह सर्टिफिकेट औद्योगिक रूप से बनने वाले ट्रांस फैट को दूर करने के प्रयासों को अपनाने के लिए दिये गये हैं। उपरोक्त को देखते हुए उत्तर प्रदेश स्थित न?यूट्रीशन एक?सपर्ट सुप्रिया कटियार ने लोगों को जहां तक संभव हो ट्रांस फैट से मुक्त उत्पादों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। न केवल ट्रांस फैट से दूर रहने के लिहाज से डालडा वनस्पति का चुनाव करना फायदेमंद है बल्कि स्वाद और ब्राण्ड की विरासत के नजरिये से भी काफी अच?छा है और पीढ़ियों से चलता आ रहा है। काफी लंबे समय तक ट्रांस फैट को हमारी सेहत के लिए अच्छा नहीं माना जाता रहा है। ऐसा माना जाता है कि इससे एलडीएल कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ता है वहीं लाभकारी एचडीएल कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम होता जाता है। इसकी वजह से असामान्य ब्लड लिपिड प्रोफाइल बनता है। इस तरह के दोहरे दुष्प्रभावों की वजह से इसे

उपचार की बदौलत अब टेढ़े मेढ़े पंजों के कारण खराब नहीं होगा बच्चों का बचपन

संवाददाता। मीरज़ापुर

स्वास्थ्य विभाग के राष्ट्रीय बाल स्वास्थय कार्यक्रम के तहत ईलाज व जागरूकता के लिए गुरूवार को मण्डलीय चिकित्सालय के अलावा जिले के समस्त सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर डाक्टरों द्वारा आशा कार्यकर्ताओं व आशा संगिनी को विस्तारपूर्वक बताया । जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर सी0एल0 वर्मा ने कहा कि यह खुशी की बात है कि हमारे यहां निःशुल्क टेढ़े मेढ़े बच्चों का उपचार निःशुल्क उपलब्ध है। इस योजना के तहत 50 बच्चों को चिन्हित करने का कार्य किया गया।

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी व नोडल अधिकारी डाक्टर अनिल कुमार ओझा ने बताया कि बच्चे का पैर जन्म से ही यदि टेढ़े मेढ़े होने पर इलाज के लिए अब परिवार वालों को कही भटकना नही पड़ेगा। राष्ट्रीय बाल किशोर कार्यक्रम के तहत मण्डलीय चिकित्सालय में हो रहा है। अब ऐसे बच्चों का जीवन कष्टमय न होकर बल्कि सुखमय रहेगा। पिछले वर्ष मण्डलीय चिकित्सालय में हर बुधवार को लगने वाले कैम्प में 65 बच्चों को लाभ दिया जा चुका है। इस वर्ष भी अभी तक अप्रैल माह से मार्च माह तक 50 बच्चों को लाभ दिया गया है। राष्ट्रीय बाल किशोर कार्यक्रम के प्रबन्धक राकेश तिवारी का कहना है कि गर्भ में कुछ बच्चों का पैर टेढे मेढ़े हो जाते हैं। इस बीमारी को सामान्य बोलचाल में जन्मजात दोष और डाक्टरी भाषा में क्लब फुट कहा जाता है। ऐसे परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए आरबीएसके की ओर ओपीडी का संचालन कर रही है। मण्डलीय चिकित्सालय में शून्य से लेकर पांच साल तक के बच्चों की इलाज की सुविधा उपलब्ध है। यह सुविधा प्रत्येक लाभार्थी को बुधवार के दिन चिकित्सालय के कमरा नं0 09 में दिया जा रहा है। हर बुधवार को 9 से 12 बच्चों का सफल उपचार किया जा रहा है। राकेश तिवारी ने बताया कि ऐसे बच्चों के पंजे जिनके भीतर की ओर मुडे होते हैं। उनका मामूली आपरेशन किया जाता है।

चुनाव प्रचार
अनावश्यक बयानबाजी

देश में चुनाव प्रचार तेज होने के साथ ही अनावश्यक बयानबाजी भी बढ़ रही है। हिमाचल प्रदेश के मंडी चुनाव क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत के खिलाफ दो कांग्रेस नेताओं द्वारा की गई अपमानजनक टिप्पणी से पैदा राजनीतिक विवाद से बचा जा सकता था। आक्रामक बयान देने वाली कांग्रेसी सुप्रिया श्रीनेत ने 'एक्स' से यह पोस्ट हटा ली और यह कहते हुए माफी मांगी कि किसी अन्य ने उनके मेटा एकाउंट पर यह 'अत्यधिक अनुपयुक्त पोस्ट' लिखी थी। लेकिन इससे आहत कंगना रनौत आपे से बाहर हैं। उन्होंने कहा, 'मंडी का प्रयोग हर जगह यौनिक संदर्भों में किया गया क्योंकि यहां एक युवा महिला उम्मीदवार है।' यह देख कर खुशी होती है कि इस विवाद की प्रतिक्रिया में सभी प्रकार के राजनेताओं ने बयान की निन्दा की। अनेक नेताओं ने संयम और सभ्यता का पालन करने की सलाह दी है। सामूहिक रूप से ऐसे बयान पर तीखी प्रतिक्रिया से राजनीति में सम्मानपूर्ण संवाद के मानक बनाए रखने की आवश्यकता उजागर होती है। डिजिटल संप्रेषण के युग में शब्दों का असाधारण महत्व है और उनमें सार्वजनिक सोच को स्वरूप देने की क्षमता है। ऐसे में स्वाभाविक रूप से राजनेताओं को सतर्कता और समुचित विचार पर चलने की आवश्यकता है। दूसरों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने वाले नेताओं को अवश्य ही जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। सार्वजनिक जीवन में रहने वालों को गरिमा के मानक बनाए रखने के साथ भड़काऊ या अपमानजनक भाषा प्रयोग से बचना चाहिए। राजनीतिक मतभेद विचारों और नीतियों के आधार पर होने चाहिए तथा व्यक्तिगत हमलों से बचना चाहिए।

हालांकि, यह अपने किस्म की पहली घटना नहीं है, पर नवीनतम प्रकरण से स्पष्ट है कि खासकर चुनाव अभियानों में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा सम्मानपूर्ण संवाद बनाए रखने की जिम्मेदारी के बीच संतुलन जरूरी है। ऐसी घटनाओं पर सरसरी नजर डालने से 2005 की घटना सामने आती है जब तत्कालीन रेल मंत्री लालू यादव ने बिहार की सड़कों को हेमा मालिनी के गालों जैसा बनाने की बात कही थी। हालांकि, बाद में उन्होंने स्वीकार किया कि यह तुलना गलत थी। 2009 में रामपुर लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार जया प्रदा ने अपने पूर्व सहयोगी तथा सपा नेता आजम खान पर आरोप लगाया था कि वे उनकी विकृत तस्वीरें वितरित कर आरोप लगा रहे हैं कि वे 'खाकी अंडरवियर पहनती' हैं। आजम खान ने कहा था, 'यदि मैं इस नाचने गाने वाली पर ध्यान दूं तो राजनीति पर कैसे ध्यान दूंगा?' 2012 में कांग्रेस नेता संजय निरुपम ने एक टीवी बहस में स्मृति ईरानी से कहा था, 'आप तो टीवी पर ठुमके लगाती थीं, आज चुनावी विश्लेषक बन गईं?' एक और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दिग्विजय सिंह ने जुलाई, 2013 में अपनी पार्टी की साथी मीनाक्षी नटराजन की प्रशंसा करते हुए मंदसौर में कहा था, 'मैं पुराना जौहरी हूं, ये 100 टंच माल है।' 2018 में राजस्थान चुनावों में जदयू नेता शरद यादव ने भाजपा नेता के प्रति अपमानजनक टिप्पणी करते हुए कहा था, 'वसुंधरा को आराम करने दें, वे बहुत थक गई हैं। वे बहुत मोटी हो गई हैं।' मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भाजपा मंत्री इमरती देवी के बारे में अक्टूबर, 2020 में डाबरा उपचुनाव अभियान में कहा था, 'ये क्या आइटम है।' स्पष्ट है कि लोगों को अपनी राय व्यक्त करने का अधिकार है, पर यह सभ्यता की सीमाओं में होना चाहिए। संवेदना और समझदारी की संस्कृति को बढ़ावा देने से राजनीतिक विमर्श के लिए ज्यादा अच्छा माहौल भी बनेगा।

अनंत प्रस्थान पर स्वामी स्मरणानंद

स्वामी स्मरणानन्द जी का जीवन, रामकृष्ण मिशन के सिद्धांत 'आत्मनो मोक्षार्थ जगद्धिताय च' का अमिट उदाहरण है। रामकृष्ण मिशन द्वारा, शिक्षा के संवर्धन और ग्रामीण विकास के लिए किए जा रहे कार्यों से हम सभी को प्रेरणा मिलती है।

नरेंद्र मोदी
(लेखक, भारत के प्रधानमंत्री हैं)

लोकसभा चुनाव के महापर्व की भागदौड़ के बीच एक ऐसी खबर आई, जिसने मन-मस्तिष्क में कुछ पल के लिए एक ठहराव सा ला दिया। भारत की आध्यात्मिक चेतना के प्रखर व्यक्तित्व श्रीमत स्वामी स्मरणानंद जी महाराज का समाधिस्थ होना, व्यक्तिगत क्षति जैसा है। कुछ वर्ष पहले स्वामी आत्मास्थानंद जी का महाप्रयाण और अब स्वामी स्मरणानंद का अनंत यात्रा पर प्रस्थान कितने ही लोगों को शोक संतप्त कर गया है। मेरा मन भी करोड़ों भक्तों, संत जनों और रामकृष्ण मठ एवं मिशन के अनुयायियों सा ही दुखी है।

इस महीने की शुरुआत में, अपनी बंगाल यात्रा के दौरान मैंने अस्पताल जाकर स्वामी स्मरणानंद जी के स्वास्थ्य की जानकारी ली थी। स्वामी आत्मास्थानंद जी की तरह ही, स्वामी स्मरणानंद जी ने अपना पूरा जीवन आचार्य रामकृष्ण परमहंस, माता शारदा और स्वामी विवेकानंद के विचारों के वैश्विक प्रसार को समर्पित किया। ये लेख लिखते समय मेरे मन में उनसे हुई मुलाकातें, उनसे हुई बातें, वो स्मृतियां जीवंत हो रहीं हैं।

जनवरी 2020 में बेलूर मठ में प्रवास के दौरान, मैंने स्वामी विवेकानंद जी के कमरे में बैठकर ध्यान किया था। उस यात्रा में मैंने स्वामी स्मरणानंद जी से स्वामी आत्मास्थानंद जी के बारे में काफी देर तक बात की थी।

आप जानते हैं कि रामकृष्ण मिशन और बेलूर मठ के साथ मेरा कितना आत्मीय संबंध रहा है। आध्यात्म के एक जिज्ञासू के रूप में, पांच दशक से भी ज्यादा के समय में, मैं भिन्न-भिन्न संत-महात्माओं से मिला हूं, अनेकों स्थलों पर रहा हूं। रामकृष्ण मठ में भी मुझे आध्यात्म के लिए जीवन समर्पित करने वाले जिन संतों का परिचय प्राप्त हुआ था, उसमें स्वामी आत्मास्थानंद जी एवं स्वामी स्मरणानन्द जी जैसे व्यक्तित्व प्रमुख थे। उनके पावन विचारों और उनके ज्ञान ने मेरे मन को निरंतर संतुष्टि दी। जीवन के सबसे महत्वपूर्ण कालखंड में ऐसे ही संतों ने मुझे जन सेवा ही प्रभु सेवा का सत्य सिद्धांत सिखाया। स्वामी आत्मास्थानंद जी एवं स्वामी स्मरणानन्द जी का जीवन, रामकृष्ण मिशन के सिद्धांत 'आत्मनो मोक्षार्थ जगद्धिताय च' का अमिट उदाहरण है। रामकृष्ण मिशन द्वारा, शिक्षा के संवर्धन और ग्रामीण विकास के लिए किए जा रहे कार्यों से हम सभी को प्रेरणा मिलती है। रामकृष्ण मिशन, भारत की आध्यात्मिक चेतना, शैक्षिक सशक्तिकरण और मानवीय सेवा के संकल्प पर काम कर रहा है। 1978 में जब बंगाल में बाढ़ की विभिषिका आई, तो रामकृष्ण मिशन ने अपनी निस्वार्थ सेवा से सभी का हृदय जीत लिया था। मुझे याद है, 2001 में कच्छ के भूकंप के समय स्वामी आत्मास्थानंद उन सबसे पहले लोगों में से एक थे, जिन्होंने मुझे फोन करके ये कहा कि आपदा प्रबंधन के लिए रामकृष्ण मिशन से हर संभव मदद करने के लिए तैयार है। उनके निर्देशों के अनुरूप, रामकृष्ण मिशन ने भूकंप के उस संकट काल में लोगों की बहुत सहायता की।

बीते वर्षों में स्वामी आत्मास्थानंद जी एवं स्वामी स्मरणानंद जी ने विभिन्न पदों पर रहते हुए सामाजिक सशक्तिकरण पर बहुत जोर दिया। जो भी लोग इन महान विभूतियों के जीवन को जानते हैं, उन्हें ये जरूर याद होगा कि आप जैसे संत मॉर्डर्न लर्निंग, स्किलिंग और नारी सशक्तिकरण के प्रति कितने गंभीर रहते थे।

स्वामी आत्मास्थानंद जी के विराट व्यक्तित्व की जिस विशिष्टता से मैं सबसे अधिक प्रभावित था, वो थी हर संस्कृति, हर परंपरा के प्रति उनका प्रेम, उनका सम्मान। इसका कारण था कि उन्होंने भारत के अलग अलग हिस्सों में लंबा समय गुजारा था और वो लगातार भ्रमण करते थे। उन्होंने गुजरात में रहकर गुजराती बोलना सीखा। यहां तक कि मुझसे भी, वो गुजराती में ही बात करते थे। मुझे उनकी गुजराती बहुत पसंद भी थी।

भारत की विकास यात्रा के अनेक बिंदुओं पर, हमारी मातृभूमि को स्वामीआत्मास्थानंद जी, स्वामी स्मरणानंद जी जैसे अनेक संत महात्माओं का आशीर्वाद मिला है जिन्होंने हमें सामाजिक परिवर्तन की नई चेतना दी है।इन संतों ने हमें एक साथ होकर समाज के हित के लिए काम करने कीदीक्षा दी है। ये सिद्धांत अब तक शाश्वत हैं और आने वाले कालखंड मेंयही विचार विकसित भारत और अमृत काल की संकल्प शक्ति बनेंगे। मैं एक बार फिर, पूरे देश की ओर से ऐसी संत आत्माओं को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मुझे विश्वास है कि रामकृष्ण मिशन से जुड़े सभी लोग उनके दिखाए मार्ग को और प्रशस्त करेंगे।

ओम शांति।

कृषि के क्षेत्र में मशीनीकरण का महत्व

ए.एस. मित्तल
(लेखक, उद्योग जगत से संबद्ध हैं)

कृषि पशुपालन एवं खाद्य प्रसंस्करण की संसदीय स्थाई समिति ने भारत में छोटे व हाशियाकृत किसानों के खेतों पर मशीनीकरण बढ़ाने पर जोर दिया है। अपनी हालिया रिपोर्ट में उसने रेखांकित किया है कि यह कृषि क्षेत्र की बहुआयामी चुनौतियों से निपटने के लिए जरूरी है जो देश की अर्थव्यवस्था में रीढ़ की हड्डी जैसी भूमिका निभाता है। भारत के पास दुनिया के भौगोलिक क्षेत्र का केवल 2.4 प्रतिशत तथा जल संसाधनों का केवल 4 प्रतिशत है, लेकिन इसकी खेती दुनिया की 17 प्रतिशत जनसंख्या का पालन पोषण करती है। पशुपालन में इसका योगदान 15 प्रतिशत है, देश की जीडीपी में यह 20 प्रतिशत योगदान करती है तथा 65 प्रतिशत जनसंख्या को रोजगार देती है। इसलिए छोटे और सीमान्त किसानों में मशीनीकरण बढ़ा कर इसकी उत्पादकता व मुनाफे में वृद्धि करना जरूरी है।

भारतीय कृषि में कम मशीनीकरण वाले क्षेत्रों में इसे बढ़ाने की जरूरत है ताकि किसानों की आमदनी बढ़े और वे परंपरागत व्यवहारों के स्थान पर उत्कृष्ट मशीनों का प्रयोग करें। मशीनीकरण की स्थिति पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि हमारे देश में कृषि मशीनीकरण का स्तर 40 प्रतिशत से कम है, जबकि यह विकसित देशों में बहुत अधिक है। चीन में मशीनीकरण 60 प्रतिशत तथा ब्राजील में 75 प्रतिशत है। उल्लेखनीय है कि पंजाब और हरियाणा जैसे कृषि प्रधान राज्यों ने हरित क्रांति में महत्वपूर्ण योगदान किया है जिससे मशीनीकरण का स्तर 40 प्रतिशत पर पहुंचा है, जबकि भारत के पूर्वोत्तर राज्यों जैसे क्षेत्रों में यह लगभग नगण्य है। समिति ने रेखांकित किया है कि देश में कुल खेतों का 86 प्रतिशत छोटे व हाशियाकृत किसानों के पास है जिसके मशीनीकरण के लिए विशेष प्रयासों की जरूरत है। समिति ने जोर दिया है कि मशीनरी खरीदने में छोटे किसानों को बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ता है, जब तक कि छोटे खेतों के लिए उपयुक्त मशीनों का निर्माण नहीं होता है या उनको ये उपलब्ध नहीं कराई जाती हैं अथवा कृषि भूमि का संकेन्द्रण नहीं होता है। इसे देखते हुए 75 प्रतिशत मशीनीकरण का स्तर प्राप्त करने के लिए अभी 25 साल और लगेंगे।

कृषि मशीनों का महत्व स्पष्ट करना जरूरी है क्योंकि इससे खेती का खर्च घटाने तथा संसाधनों के प्रभावी प्रयोग से उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिलती है। विशेषज्ञों और समितियों के अनुसार भारत में कृषि मशीनीकरण निवेशों के न्यायोचित व लागत-प्रभावी प्रयोग को बढ़ावा देता है। इससे बीजों के प्रयोग में 15-20 प्रतिशत बचत होती है, बीजों के जमने में 7-25 प्रतिशत का सुधार होता है जिससे 20-30 प्रतिशत समय बचता है। इसके साथ ही मशीनीकरण से खर-पतवार में 20-40 प्रतिशत कमी के साथ ही श्रम में 20-30 प्रतिशत कमी आती है, फसल की गहनता में 5-20 प्रतिशत वृद्धि होती है तथा फसलों की पैदावार में 13-23 प्रतिशत बढ़ोत्तरी होती है। इससे प्राकृतिक संसाधनों, जैसे पानी, मृदा पोषकों, आदि के संरक्षण में भी सहायता मिलती है। कृषि तथा इससे जुड़े पशुपालन जैसे क्षेत्रों में लगातार आधुनिकीकरण की जरूरत है। बड़े या छोटे पैमाने पर कृषि-विविधीकरण तथा ग्रामीण श्रमिकों की कमी व्यापक रूप से अनेक कृषि उपकरणों की आवश्यकता उजागर करते हैं। मूलभूत ट्रैक्टरों से लेकर संवेदनशील कंबाइन हार्वेस्टरों तक इस क्षेत्र को विशेष प्रयोगों और आवश्यकताओं के लिए उपकरणों के प्रयोग की समझदारी विकसित करने की जरूरत है। स्पैनिंग-फीडिंग उपकरणों, पोल्ट्री औजारों, मवेशियों के लिए कोरल व्यवस्थाओं तथा भारतीय कृषि मशीनरी बाजार की आवश्यकताओं को देखते हुए 2024 में इसका आकार 16.73 बिलियन डालर हो सकता है जो 2029 में बढ़ कर 25.15 बिलियन डालर तक पहुंच सकता है।

कृषि मशीनीकरण को बढ़ावा देने के लिए पहले कृषि इंजीनियरिंग निदेशालय की स्थापना होनी चाहिए। संसदीय समिति ने सुझाव दिया है कि सरकार की मशीनीकरण नीति के प्रभावी व सहज क्रियान्वयन के लिए हर राज्य में एक कृषि इंजीनियरिंग निदेशालय की स्थापना की जानी चाहिए। वर्तमान समय में ये केवल मध्य प्रदेश तथा तमिलनाडु में कार्यरत हैं। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-आईसीएआर इसे सभी राज्यों में स्थापित करने की दिशा में काम कर रहा है। ब्लाक और जिला स्तरों पर कृषि इंजीनियरों की आवश्यकता है क्योंकि किसानों को उनके खेतों पर ही प्रशिक्षण देने, कृषि मशीनों के प्रदर्शन तथा उनकी मरम्मत व रखरखाव के लिए कोई इंजीनियरिंग श्रमशक्ति उपलब्ध नहीं है। कृषि मशीनों के महंगे होने के कारण छोटे किसान इनको खरीद नहीं पाते हैं। इस समस्या को संबोधित करने के लिए सरकार ने लगभग सभी राज्यों में 'कस्टम हायरिंग सेंटर' तथा 'फार्म मशीनरी बैंक' बनाए हैं जहां किसान इन मशीनों का साझा कर सकते हैं। लेकिन इन योजनाओं के लाभ अभी ग्राम पंचायत स्तर तक नहीं पहुंचे हैं। सितंबर, 2022 में कृषि मशीनीकरण पर सब-मिशन का विलय राष्ट्रीय कृषि विकास योजना में कर दिया गया जिससे इसका कार्यक्षेत्र प्रभावित हुआ है।

इसलिए सरकार को प्रक्रिया को गति देने के लिए एक पूर्णकालिक कृषि मशीनीकरण योजना बनानी चाहिए। कृषि मशीनीकरण योजना में शोध एवं विकास-आरएंडडी का बजट आबंटन पिछले चार साल से लगातार घट रहा है। 2019-20 से 2023-24 के बीच इसमें 30 प्रतिशत की भारी कमी आई है। अधिकांशतः छोटे व सीमान्त किसानों तथा बागवानों द्वारा प्रयोग किए जाने वाले कम हार्सपावर के ट्रैक्टरों और उनके हिस्से पुर्जों पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगता है। इसका अर्थ है कि 5-7 लाख का छोटा ट्रैक्टर खरीदने पर किसान को 60-84 हजार रुपये जीएसटी देना पड़ता है। कम हार्सपावर वाले ट्रैक्टरों पर जीएसटी घटा कर 5 प्रतिशत या शून्य किया जा सकता है। इससे छोटे किसानों को बहुत सहायता मिलेगी। देश के कम कृषि मशीनीकरण वाले क्षेत्रों में विनिर्माण इकाइयों को बढ़ावा देने तथा उनका टिकाऊ विकास बनाए रखने के लिए टैक्स व ड्यूटी प्रोत्साहन देना भी जरूरी हो गया है।

संक्षेप में कहा जाए तो कृषि मशीनीकरण को बढ़ावा देने के लिए संसदीय स्थाई समिति की संस्तुतियों को फौरन लागू किया जाना चाहिए। संसदीय स्थाई समिति ने जोर दिया है कि भारत के छोटे व सीमान्त किसानों की सहायता के लिए कृषि मशीनीकरण तेज करने की जरूरत है। कृषि मशीनीकरण के महत्वपूर्ण योगदान के बावजूद भारत में कृषि मशीनीकरण का स्तर वैश्विक समकक्षों की तुलना में बहुत कम है। इससे कृषि उत्पादकता तथा किसानों का मुनाफा बढ़ाने में बाधा आती है। 86 प्रतिशत खेतों का आकार छोटे एवं सीमान्त श्रेणी में आने के कारण इन क्षेत्रों में कृषि मशीनीकरण को बढ़ावा देने के लिए लक्षित दृष्टिकोण अपनाना जरूरी है। छोटे व सीमान्त किसानों के खेतों पर उनके लिए उपयुक्त मशीनों के प्रदर्शन, उनके प्रयोग में प्रशिक्षण, इनको खरीदने में सहायता तथा जरूरत पड़ने पर इनकी मरम्मत की व्यवस्था को व्यापक बनाया जाना चाहिए। मशीनीकरण से न केवल खेती की लागत कम होती है, बल्कि इससे उत्पादकता बढ़ती है तथा प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण भी होता है।

कृषि मशीनीकरण को बढ़ावा देने के लिए संसदीय स्थाई समिति ने कृषि इंजीनियरिंग निदेशालयों की स्थापना का सुझाव दिया है। इसके साथ ही फार्म मशीनरी बैंकों तक पहुंच का विस्तार किया जाना चाहिए ताकि किसान इनके माध्यम से कृषि मशीनों का व्यापक प्रयोग सुनिश्चित कर सकें। वर्तमान योजनाओं को पुनर्जीवित करने के साथ ही शोध एवं विकास को बढ़ावा देने तथा टैक्स प्रोत्साहनों की जरूरत है। ये उपाय भारतीय कृषि को पुनर्जीवित करने, किसानों की आय बढ़ाने तथा कृषि क्षेत्र का टिकाऊ विकास सुनिश्चित करने के लिए जरूरी हैं। समग्र रूप से कृषि मशीनीकरण को बढ़ावा देने से भारत को कृषि क्षेत्र के समक्ष उपस्थित बहुआयामी समस्याओं का सामना करने का अवसर मिलेगा। इससे भारत कृषि के क्षेत्र में वैश्विक शक्ति के रूप में उभरेगा तथा भारतीय किसान समुदाय का सशक्तीकरण होगा।

आप की बात

नकली दवायें

नकली व मिलावटी दवाओं के खिलाफ लड़ाई स्वास्थ्य रक्षा के लिए जरूरी है। इससे साधारण लोगों को सेहत के प्रति सावधानी और जानकारी देने का महत्व और भी बढ़ गया है। इसके लिए सबको साथ मिलकर अभियान चलाना होगा। जागरूकता के लिए सार्वजनिक जागरूकता कार्यक्रम, सोशल मीडिया, अखबारों और टीवी जैसे माध्यमों पर चलाना होगा। नकली दवाओं से मुकाबला करने के लिए चिकित्सा विशेषज्ञों, फार्मेसिस्टों तथा पैरा मेडिकल कर्मियों के स्वयंसेवी समूह बनाने होंगे जो नागरिकों को आवश्यक तथा अनावश्यक दवाओं के बारे में जानकारी दे सकें। अक्सर लोग अपने मर्ज का इलाज स्वयं करने लगते हैं और इंटरनेट पर विज्ञापित दवाओं के चक्कर में पड़ जाते हैं। इससे बचना होगा। सरकार को जेनेरिक दवाओं के उत्पादन, प्रसार तथा उनकी गुणवत्ता पर कठोर नजर रखने के साथ ही डाक्टरों को भी प्रेरित करना होगा कि वे मरीजों के लिए केवल आवश्यक जेनेरिक दवायें ही लिखें। दवाओं के विज्ञापनों तथा काउंटर से सीधे खरीदी जाने वाली दवाओं की संख्या में कमी के माध्यम से भी नकली दवाओं को रोकने में सहायता मिलेगी। दवा निर्माता कंपनियों पर लगाम लगाने के लिए समुचित संख्या में ड्रग इंस्पेक्टरों का होना बहुत जरूरी है, जबकि उनकी संख्या बहुत कम है।

अवनीश कुमार गुप्ता, आजमगढ़

सीतारमण की स्वीकारोक्ति

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की स्वीकारोक्ति आश्चर्यजनक है। जिस देश में अनेक सरकारी चपरासियों के पास लाखों की नगदी और पार्षद के पास करोड़ों की दौलत बरामद होती है, उस देश के वित्तमंत्री के पास केवल अपने वेतन से संचित बचत है जो चुनाव लड़ने के लिए काफी नहीं है। खर्च पूरा अपना खर्च पूरा करने के लिए वे पुनः चुनाव नहीं लड़ रहीं हैं। अपने नाम के अनुरूप उनके पास अपने परिश्रम से कमाया निर्मल धन है। उनकी यह स्वीकारोक्ति अनेक पूर्व मंत्रियों के मुंह पर तमाचा है जिन्होंने अपने बेटों-बेटियों व परिवार जनों के साथ देश की दौलत लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। एक पूर्व वित्त मंत्री और उनके पुत्र भ्रष्टाचार के आरोपों में जमानत पर बाहर हैं और काफी समय जेल में बिता चुके हैं। देश के सबसे बड़े वकील भी उनको जेल जाने से नहीं बचा सके थे। पिछली सरकारों ने देश के धन का उपयोग नेशन फर्स्ट नहीं फैमिली फर्स्ट के लिए किया। निर्मला सीतारमण की यह स्वीकारोक्ति उनका नेतृत्व करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आदर्शों के अनुरूप है। विपक्ष दसियों साल से लगातार प्रयास करने के बावजूद मोदी के खिलाफ एक पैसे का भ्रष्टाचार सिद्ध नहीं कर पाया है।

- शकुंतला महेश नेनावा, इंदौर

बदलता मौसम

दुनिया के मौसम पर नजर रखने वाले डब्लूएमआई के आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले 10 साल में धरती का तापमान औसत से ज्यादा रहा है। नई-नई चीजों के आविष्कार से होने वाले लाभ के साथ ही उसका खामियाजा पृथ्वी के वातावरण को भुगतना पड़ रहा है। अधिकांश मनुष्य सर्वाधिक भौतिक सुखों की प्राप्ति के लिए धरती के साथ क्रूरतम व्यवहार करने से बाज नहीं आ रहे हैं। निरंतर बढ़ती आबादी के आवास, खाने पीने और जीवनयापन के लिए वनों का लगातार विनाश हो रहा है। हालांकि, जीवन की मूलभूत जरूरतों के लिए धरती का सीमित दोहन स्वीकार हो सकता है। मगर अनेक लोगों ने अपना वर्चस्व स्थापित करने के लिए युद्ध के विध्वंसक साधनों का व्यापक विकास किया है जो पूरी मानवजाति के अस्तित्व को ही नष्ट कर सकते हैं। महात्मा गांधी ने चेतावनी दी थी कि धरती के पास सबकी आवश्यकतायें पूरी करने के लिए सब कुछ है, पर कुछ लोगों का लालच पूरा करने के लिए कुछ नहीं। विडंबना है कि आज कुछ लोगों का लालच व उनकी जीवनशैली अधिकांश लोगों की न्यूनतम आवश्यकताओं पर भारी पड़ रही है। यह पृथ्वी के बदलते मौसम तथा प्राकृतिक संसाधनों के लगातार विनाश का कारण बन गई है।

सुभाष बुडावन वाला, रतलाम

भारत-रूस संबंध

रूस में व्लादीमिर पुतिन की एक बार फिर बड़ी जीत होगी, इसीलिए उनकी जीत की घोषणा पर किसी को हैरानी नहीं हुई। पुतिन को 87.29 प्रतिशत वोट मिले हैं। पिछली बार उन्हें 76.7 फ़ीसदी वोट मिले थे, यानि उनकी लोकप्रियता बढ़ रही है। रूस ने कोरोना वायरस वैश्विक महामारी समेत अनेक चुनौतियों का सामना इस कालखंड में किया है। रूस-यूक्रेन युद्ध तीसरे वर्ष में प्रवेश कर गया है। इस विजय के बाद वे 2036 तक राष्ट्रपति रह सकते हैं। यूक्रेन को नाटो द्वारा मिल रहे समर्थन को देखते हुए रूस अपने अस्तित्व पर खतरा महसूस कर रहा है। ऐसे में रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करवाना तथा अपने देश पर लगे प्रतिबंध समाप्त करवाना उनकी प्राथमिकता होनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पुतिन से बहुत अच्छे मैत्री संबंध हैं। उनकी विजय पर मुबारकवाद देते हुए मोदी ने युद्ध समाप्त कराने के राजनयिक प्रयासों पर जोर दिया है। भारत यूक्रेन से भी इस बारे में लगातार संवाद बनाए हुए है। यदि मोदी और पुतिन के प्रयासों से युद्ध समाप्त होता है तो यह भारत-रूस संबंधों तथा विश्व शांति के लिए भी महत्वपूर्ण होगा।

- एमएम राजावत, शाजापुर

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

डीएम की अध्यक्षता में रामनवमी मेले की समीक्षा बैठक

अयोध्या। जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में चैत्र रामनवमी मेले की तैयारी की समीक्षा की गयी। उल्लेखनीय है कि 9 अप्रैल 2024 से चैत्र नवरात्र प्रारम्भ हो रहा है तथा 16 अप्रैल 2024 को अष्टमी एवं 17 अप्रैल 2024 को रामनवमी पड़ेगी। इस मेले में व्यवस्था हेतु लगभग डेढ़ दर्जन से ज्यादा विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की गयी, जिसमें जिलाधिकारी ने कहा कि मेले में बेहतर व्यवस्था बनाने के लिए सम्बंधित विभाग आवश्यक कार्यवाही करें। नगर निगम साफसफाई, स्वास्थ्य विभाग, चिकित्सा आदि की बेहतर व्यवस्था हेतु कार्यवाही करें और एआरटीओ और नगर निगम के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि किसी भी आटो द्वारा अतिरिक्त वसूली, यात्रियों/श्रद्धालुओं से न किया जाय उस पर रेट लिस्ट के साथ साथ उसका मार्ग भी सुनिश्चित किया जाय और पुलिस विभाग के अधिकारी इसकी क्रास चेकिंग करें। परिस्थिति के अनुसार वीणा चौराहे से टेढ़ी बाजार तक नियमित समयान्तराल पर गर्मी को देखते हुये इलेक्ट्रानिक बसे भी चलायी जाय तथा रात्रि को 10 बजे से सुबह 6 बजे तक मुख्य मार्गो पर वाहनों को न रोका जाय, जहां पर निर्माण कार्य चल रहे है वहां पर सुरक्षा के बेहतर प्रबन्ध किया जाय तथा कनेक्टिंग गलियों एवं मुख्य मार्ग भक्ति पथ, राम पथ, जन्मभूमि पथ, धर्मपथ आदि के साइड पर जहां मरम्मत की आवश्यकता हो उसको किया जाय तथा बिड़ला धर्मशाला के पास स्थित सरकारी जमीन को होल्डिंग एरिया के रूप में डेबलप किया जाय। रेलवे विभाग अतिरिक्त टेऊनों के चलाने हेतु व्यवस्था करें एवं स्टेशन पर सफाई की बेहतर व्यवस्था भी करें। परिवहन विभाग अतिरिक्त बसों की व्यवस्था किया जाय तथा सभी स्थानों पर साइन बोर्ड मानक के अनुसार तथा आवश्यकतानुसार लगाया जाय जिससे कि आम लोगों एवं यात्रियों को असुविधा न हों। जिलाधिकारी ने नगर निगम के साथ विद्युत विभाग आदि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि पेयजल व्यवस्था, साफ सफाई व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था बनायी रखी जाय तथा गर्मी को देखते हुये यात्रियों और श्रद्धालुओं के लिए सावधानी के तौर पर गर्मी से बचाव हेतु आवश्यक कार्यवाही किया जाय तथा पार्किंग आदि की भी व्यवस्थायें किया जाय। इसी प्रकार सिंचाई विभाग, पुलिस विभाग, जलनिगम, दुग्ध विकास एवं अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारी विगत वर्ष की तुलना में इस बार श्रीरामलला मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद आने वाली भीड़ को देखते हुये सभी विभाग तत्परता एवं मुस्तैदी के साथ बेहतर समन्वय के साथ कार्य करें। सूचना विभाग भी एलईडी के माध्यम से तथा कार्यक्रम के सजीव प्रसारण हेतु आवश्यक कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन विभाग के आमंत्रित अधिकारी नही आये है उनसे स्पष्टीकरण भी लिया जाय। इस बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर/मेलाधिकारी श्री सलिल कुमार पटेल ने बिन्दुवार विभाग के कार्यो की जानकारी देते हुये अपने-अपने विभाग से सम्बंधित कार्यो को अच्छी तरह करने हेतु अपेक्षा की है।

गैंगस्टर अधिनियम के वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार

बछरावां रायबरेली। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्रवाई के अंतर्गत दिनांक 28 मार्च 2024 को थाना बछरावां पुलिस टीम द्वारा थाने पर विभिन्न धाराओं में पंजीकृत अभियोग के अंतर्गत रंजीत कुमार सरोज पुत्र कमला प्रसाद सरोज निवासी खिजीरपुर थाना नवाबगंज जनपद प्रयागराज एवं रवि यादव पुत्र बृजेश यादव निवासी पतुलकी का पुरवा थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ को अवैध शस्त्र कारतूस के साथ थाना क्षेत्र से नियमानुसार गिरफ्तार किया गयास जिनके विरुद्ध स्थानीय थाने पर विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही हैस अभियुक्तों के पास से 02 अदद तमंचा एवं 02 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद हुई हैस अभियुक्तो को गिरफ्तार करने में थाना बछरावां की पुलिस टीम मौजूद रही।

निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव के लिए शिकायत समिति का किया गठन

अयोध्या। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में सामान्य लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु जिला शिकायत समिति का गठन किया जा चुका है। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी अयोध्या श्री ऋषिराज अध्यक्ष होंगे, इनके साथ अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री महेन्द्र कुमार सिंह संयोजक सदस्य व मुख्य कोषाधिकारी श्रीमती ममता सिंह सदस्य नामित की गयी है। उन्होंने बताया कि उक्त समिति पुलिस या एसएसटी या एफएसटी द्वारा की गयी जब्ती के प्रत्येक मामले की स्वत: जांच करेगी और जहां समिति यह पाती है कि जब्ती के लिए कोई एफआईआर/शिकायत दर्ज नही की गयी है या जहां पर जब्ती किसी अभ्यर्थी या राजनैतिक दल या निर्वाचन अभियान आदि से सम्बद्ध नही है तो एसओपी दिनांक 29 मई 2015 के अनुसार समिति इस निमित्त सकारण आदेश पारित करने के बाद ऐसी नकदी आदि को उस व्यक्ति को अवमुक्त किये जाने के लिए तत्काल कदम उठायेगी जिससे यह नकदी जब्त की गयी है।

यदि जब्ती की धनराशि 10 लाख रूपये से अधिक है तो धनराशि अवमुक्त करने से पूर्व आयकर विभाग के नोडल अधिकारी को भी सूचित किया जायेगा। आम जनता की सुविधा हेतु जिला शिकायत समिति की बैठक प्रत्येक दिन सायं 4 बजे मुख्य विकास अधिकारी अयोध्या के कार्यालय कक्ष में आयोजित की जायेगी। समिति के संयोजक अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अयोध्या के मो0नं0 9454417612 पर भी जब्ती से सम्बंधित शिकायत दर्ज की जा सकेगी।

समाजिक समीकरण को देखते हुए बनाएं पन्ना प्रमुखः लल्लू सिंह

अयोध्या। लोक सभा चुनाव कार्यालय सिविल लाइन में विधान सभा प्रभारी, संयोजकों, सह संयोजक व प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। चुनाव को लेकर बूथ प्रबंधन पर चर्चा की गई। बूथस्तर के पदाधिकारीयों व पन्ना प्रमुखों को एक्टिव करने को कहा गया। हर बूथ पर लाभार्थियों से जिले स्तर का पदाधिकारी सम्पर्क व संवाद स्थापित करने का निर्णय लिया गया। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि चुनाव में हर बूथ व हर घर तक पहुंचने का लक्ष्य लेकर पदाधिकारी कार्य करें। हर घर तक पहुंचने के लिए पदाधिकारी समाजिक समीकरण को देखते हुए पन्ना प्रमुख बनाएं। पन्ना प्रमुख पार्टी की चुनावी रणनीति का एक महत्वपूर्ण अंग है। पदाधिकारी लाभार्थियों से सम्पर्क अभियान पर विशेष ध्यान दें। सर्वाजनिक स्थलों पर पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों व विकास की चर्चा करें।

लोक सभा चुनाव संयोजक डा बांके बिहारी मणि त्रिपाठी ने कहा कि बूथ पदाधिकारियों को एक्टिव करें। पन्ना प्रमुखों के माध्यम से घर.घर सम्पर्क करें। पिछली बार से अधिक मतों से विजय का लक्ष्य लेकर कार्य करें। प्रत्येक 60 वोटर पर एक पन्ना प्रमुख बनाया जाए। विधानसभा स्तर पर पन्ना प्रमुख की बैंठकें व सम्मेलन कराया जाएगा। होली मिलन, 14 अप्रैल को समरसता दिवस व पार्टी के स्थापना दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजित करें। पर्ची हर घर तक पहुंचे। 4 जून को 400 पार का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अयोध्या में विजय का अतंर पिछली बार से अधिक हो इसके लिए पदाधिकारी चुनाव में जुट जांए। ओम प्रकाश सिंह महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, रामकृष्ण तिवारी, अवधेश पांडे बादल कमला शंकर पांडे, अभिषेक मिश्रा रुदौली विस संयोजक व प्रमुख राजीव तिवारी, रवि सोनकर अन्य विधान सभाओं के प्रभारी, संयोजक व सह संयोजक मौजूद रहे।

ऊंचाहार थाना क्षेत्र में साढ़े पांच करोड़ रुपए कीमत की गांजा की खेप बरामद

● पुलिस मुख्यालय और ऊंचाहार पुलिस के संयुक्त आपरेशन में कामयाबी

ऊंचाहार। रायबरेली मुख्यालय और ऊंचाहार पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने गांजा तस्करी की बड़ी खेप बरामद की है । पुलिस ने करीब साढ़े पांच करोड़ रुपए कीमत का तकरीबन नौ क्विंटल गांजा बरामद किया है । सारा गांजा ऊंचाहार थाना क्षेत्र से बरामद किया गया है ए जो विक्री हेतु तस्करी करके लाया गया है। पुलिस की इस सफलता ने नशे के कारोबार का क्षेत्र में फैले जाल का बड़ा सनसनीखेज खुलासा किया है । इससे यह प्रतीत होता है कि ऊंचाहार पूरा क्षेत्र नशे के कारोबारी के जद में है ए और क्षेत्र की युवा पीढ़ी बुरी तरफ नशे की गिरफ्तार में है । एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने यह कार्रवाई अपने मुखबिरों से मिली से सूचना के आधार पर की है । जिसमें एसओजी और ऊंचाहार पुलिस की मदद ली गई है । लखनऊ से आई एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का नेतृत्व पुलिस उपाधीक्षक राजवीर सिंह गौर कर रहे थे । टीम ने पहले क्षेत्र के चौबेपुर निवासी दिनेश सिंह को दबोचा था । उसके बाद उसने नशे के पूरे कारोबार का खुलासा कर दिया। उसके बताए अनुसार पुलिस फोर्स ने चौबेपुर गांव से बाहर खेत में बनी एक ट्यूबवेल की कोठरी से कुल आठ क्विंटल 79 किलो 35 ग्राम गांजा बरामद किया । जिसकी बाजार में कीमत पांच करोड़ चालीस लाख रुपए बताई जाती है । उसने पुलिस से बताया कि यह गांजा उसने उड़ीसा प्रांत से खरीदा था । उसकी गैंग में ऊंचाहार थाना क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी प्रकाश पटेल ए महराजगंज थाना क्षेत्र के गांव दुसौती गांव निवासी ऋषभ सिंह और अमर बहादुर उर्फ बबलू शामिल है। चारो लोग गांजा की आपूर्ति विभिन्न क्षेत्रों ने करते रहे हैं। पुलिस अन्य तीनों लोगों की तलाश कर रही है । गिरफ्तार किए गए दिनेश सिंह को ऊंचाहार पुलिस ने जेल भेजा है । इस आपरेशन में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स लखनऊ के निरीक्षक विवेक कुमार यादव समेत कुल आठ लोग ए एसओजी रायबरेली टीम के निरीक्षक अजय राय समेत कुल सात लोग तथा ऊंचाहार पुलिस के तीन लोग शामिल थे । इस प्रकार इस आपरेशन में कुल 18 लोगों की पुलिस टीम लगी हुई थी । ऊंचाहार कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि एक आपरेशन में करीब नौ कुंतल गांजा बरामद करके एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है ए जबकि उसके तीन अन्य साथी फरार है ।

क्विक न्यूज

गैंगस्टर के दो आरोपी गिरफ्तार

मुसाफिरखाना, अमेठी। गुरुवार को स्थानीय कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए तलाशी के दौरान 02 तमंचे व दो जिंदा कारतूस बरामद किया ।पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए दोनों व्यक्तियों को जेल भेज दिया। गुरुवार को स्थानीय कोतवाली पुलिस के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह इंस्पेक्टर राजेश कुमार एसआई देवेंद्र सिंह चौहान सहित मय हमराही क्षेत्र में चलाए जा सघन चेकिंग अभियान पर थे ।सूचना पर पुलिस टीम ने गौरीगंज रोड स्थित पुलिया के पास से सत्यम सिंह पुत्र अमरजीत सिंह व मंगल ऊर्फशिव मंगल पुत्र राज भवन निवासी ग्राम पिंडारा महराज कोतवाली मुसाफिरखाना अमेठी को हिरासत में लिया ।तलाशी के दौरान आरोपी सत्यम सिंह के कब्जे से 01 अदद तमंचा व 01 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर वही मंगल ऊर्फशिव मंगल के कब्जे से भी 01 अदद तमंचा व 01 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद किया ।प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सत्यम सिंह व शिव मंगल पर जानलेवा हमला करने सहित विभिन्न धाराओं में जिले के अलग अलग थानों में 04 आपराधिक मामले दर्ज हैं।दोनो आरोपियों को विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा जा रहा है।

मतदाता पहचान पत्र वितरण को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों के साथ की बैठक

अमेठी। जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में मतदाता पहचान पत्र वितरण को लेकर डाकघर के अधिकारियों तथा सभी उपजिलाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा पोस्ट ऑफिस के अधिकारियों से अब तक वितरित किए गए मतदाता पहचान पत्र के संबंध में जानकारी ली गई जिस पर बताया गया कि अब तक 97895 मतदाता पहचान पत्र वितरण हेतु तहसीलों द्वारा पोस्ट ऑफिस को उपलब्ध कराए गए हैं। बैठक में जिलाधिकारी ने पोस्ट ऑफिस के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मतदाता पहचान पत्र वितरण को लेकर जनपद के सभी पोस्टमैन के साथ बैठक कर लें एवं उन्हें शत प्रतिशत ईपिक वितरण करने हेतु निर्देशित कर दें। उन्होंने कहा कि यह चुनाव से संबंधित मामला है इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दौरान प्राप्त होने वाले पोस्टल बैलेट की डिलीवरी हेतु एक अलग से पोस्टमैन को नामित करने के निर्देश दिए जो प्रतिदिन प्राप्त होने वाले पोस्टल बैलेट को निर्धारित स्थान व समय पर उपलब्ध कराएं।

दुर्घटना में ट्रक की चपेट में आकर मासूम, गंभीर रूप से घायल

बछरावां रायबरेली। बछरावां नगर के मुख्य चौराहे के नजदीक ठीक महाराजगंज तिराहे पर अपनी मां के साथ सड़क पार करते समय ट्रक की चपेट में आकर अबोध बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिलेंडर लदा हुआ हिंदुस्तान पेट्रोलियम का ट्रक यूपी 35 एच 9592 लखनऊ से महाराजगंज की ओर जा रहा था। जैसे ही वह महाराजगंज रोड के तिराहे पर पहुंचा वैसे ही अनुष पुत्र लव कुश उम्र लगभग 6 वर्ष निवासी दृगपालगंज उन्नाव थाना मौरावा अपनी मां वह छोटी बहन के साथ सड़क पार कर रहे थे इस समय आ रहे ट्रक की चपेट में आ गए। ट्रक की चपेट में आकर अबोध बालक अनुष का पैर ट्रक की पहिए के नीचे आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में राहगीरों द्वारा अनुष को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। ज्ञात हो कि महाराजगंज रोड के इस तिराहे पर अवैध अतिक्रमण के कारण आए दिन लोग दुर्घटनाग्रस्त होते रहते हैं। एक तरफ पटरी पर अवैध रूप से ठेलिया वालों का अतिक्रमण वहीं दूसरी तरफपटरी पर सड़क पर संचालित होटल का अतिक्रमण कई बार प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान भी चलाया गया। लेकिन अतिक्रमण आज भी जस के तस बना हुआ है। कब हटेगा अतिक्रमण कब रुकेंगी दुर्घटनाएं यह एक यक्ष प्रश्न बना हुआ हैद् आने.जाने वाले राहगीरों के लिए अवैध रूप से यह अतिक्रमण काल बना हुआ है और तो और अतिक्रमण कार्यों के हौसले इतने बुलंद हैं कि दो पहियाए चार पहिया वाहनो के छू जाने पर लड़ाई झगड़ा पर आमादा हो जाते हैं।

रायबरेली से होगा भाजपा का सांसदः वीरेंद्र तिवारी

रायबरेली। भाजपा से रायबरेली लोकसभा प्रभारी वीरेन्द्र तिवारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव का बिगुल फुंक चुका है। भाजपा के कार्यकर्ता तन मन से जुट गए हैं। इस बार भारतीय जनता पार्टी ने 400 का पार का नारा दिया है और इस बार रायबरेली भी भारतीय जनता पार्टी के सांसद से सुशोभित होगा। उन्होंने आज होली के पावन पर्व पर श्मोदी का परिवार.बूथ पर होली मिलनश् कार्यक्रम के दौरान बछरावाँ में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मंडल के सभी पदाधिकारी व बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाओं से मतदाताओं को रूबरू करायें तथा केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से लाभ पाये।

संदेहास्पद खातों पर बैंक रखे निगरानीः डीएम

गोंडा। जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम नेहा शर्मा ने गुरूवार को निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण को लेकर एलडीएम एवं बैंको के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट में बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी बैंकों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि निर्वाचन संपन्न होने तक सभी खातों पर निगरानी रखी जाए। यदि किसी खाते में संदेहास्पद लेनदेन हो उस पर विशेष नजर रखी जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान सभी अभ्यर्थियों का अलग खाता खोला जाएगा उस खाते में होने वाले लेनदेन पर निगाह रखी जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि बैंक के अधिकारी व कर्मचारीगण नगदी के आवागमन के दौरान अपने साथ पर्याप्त साक्षय रखें। जनपद में उड़न दस्ता टीम द्वारा लगातार चेकिंग की जा रही है। बैंक के कर्मचारी अपना पहचान पत्र अवश्य रखें जिससे एफएसटी टीमों उनकी पहचान कर सके। बैठक के दौरान सीडीओ, अपर जिलाधिकारी, मुख्य कोषाधिकारी, मुख्य राजस्व अधिकारी, समस्त एसडीएम संबंधित आधिकारी उपस्थित रहे।

ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का डीएम ने किया निरीक्षण

निरीक्षण करते हुए डीएम

अमेठी। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निशा अनंत ने आज राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में बने ईवीएमध्वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निरीक्षण किया। उन्होंने गोदामों में रखी बीयूध्सीयू तथा वीवीपैट के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरा को भी देखा तथा गोदाम में लगी सिक्योरिटी को 24 घंटे तैनात रहने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार प्रत्येक माह वेयरहाउस में ईवीएम एवं वीवीपैट के सुरक्षित भंडारण एवं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण के निर्देश दिए गए थेए जिसके क्रम में आज वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ताए विभिन्न राजनैतिक पार्टियों के पदाधिकारी व निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर लगेगी स्वीप चौपालः नेहा शर्मा

● स्वीप अभियान को लेकर डीएम ने की बैठक

गोंडा। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने स्वीप के अंतर्गत जनपद का वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए 15 मई तक चलने वाले स्वीप अभियान को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि जनपद में वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए 50 प्रतिशत से कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर स्वीप चौपाल का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत स्वीप वाकथॉन, स्वीप चौपाल, ई.एल.सी. कार्यशाला, चुनावी पाठशाला, चौकीदार की दस्तक, हस्ताक्षर अभियान, जनजागरूकता कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की सहभागिता, युवक मंगल दलों के बीच प्रतिस्पर्धा आयोजन, नुक्कड़ नाटक, जगह-जगह पर सेल्फी प्वाइंट्स, एफएम. रेडियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम का प्रसारण, संचारी एवं दस्तक अभियान में लगाए गए कार्मिकों के माध्यम से मतदाताओं को बूथ तक आने के लिए अनुरोध, परिवहन निगम / प्राइवेट बसों में वॉयस क्लिप चलाकर मतदान के प्रति जागरूक करना, ट्रान्सजेंडर्स, युवाओं तथा विभिन्न क्लबों / संगठन के सदस्यों के साथ गोष्ठी, विशिष्ट दिवसों पर नवाचारयुक्त कार्यकम / प्रतियोगिताएं, जनपद स्तर पर तथा विधानसभा स्तर पर मानव श्रृंखला का नियत तिथियों पर आयोजन किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा इस दौरान मनुहार पाती का वितरण, बेकरी व दुग्ध के उत्पादों एवं अखबारों में हैंडबिल, गैस सिलेंडर पर स्टीकर आदि के द्वारा लोगों को 20 मई को मतदान के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य राजस्व अधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी के द्वारा कराए गए कार्यक्रमों का डॉक्यूमेंटेशन किया जाए ताकि सिर्फ स्वीपोत्सव के दौरान उसे प्रदर्शित किया जा सके।

60 क्षय रोगियों को दिया गया पोषाहार किट

क्षय रोगियों को पोषाहार प्रदान करते चिकित्सक।

संतकबीरनगर। कल्पित हॉस्पिटल द्वारा गोद लिये गये 60 क्षय रोगियों को टी बी अस्पताल में पोषाहार वितरित किया गया। इस वर्ष 2024 विश्व क्षय रोग (टीबी) दिवस का थीम 'यस; वी कैन एंड टीबी'। इस विषय से तात्पर्य निरंतर प्रयासों और जागरूकता अभियानों के साथ, दुनिया की सबसे घातक बीमारी को खत्म करना है। ज़िला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एसडी ओझा ने बताया कि दुनियाभर में ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) एक बड़ी समस्या रही है जिससे हर साल लाखों लोगों की मौत हो जाती है। भारत भी इस गंभीर स्वास्थ्य जोखिम से परेशान रहा है। एक आंकड़े के मुताबिक साल 2021 में टीबी से कुल 1.6 मिलियन (16 लाख) लोगों की मृत्यु हुई, दुनिया भर में टीबी रोग मौत का 13वां प्रमुख कारण है।

भारत ने 2025 तक टीबी को खत्म करने का लक्ष्य बनाया था, हालांकि आंकड़े बताते हैं कि वास्तविक स्थिति, निर्धारित लक्ष्य से काफी दूर है। ज़िला कुष्ठ रोग अधिकारी डॉ0 बी पी पांडेय ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने तपेदिक (टीबी) को दुनिया के सबसे घातक संक्रामक रोगों में रखा है। साल 2022 में भारत में दर्ज किए गए टीबी के कुल मामलों की संख्या 21.42 लाख थी, जिनमें से अकेले तेलंगाना में 72,878 मामले दर्ज किए गए। वहीं राष्ट्रीय स्तर पर देश में साल 2022 में टीबी के कुल मामलों में 13 फीसदी की वृद्धि हुई है। दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ0 सोनी सिंह ने पोषाहार वितरित करते हुए कहा कि भारत सरकार के साथ साथ, चिकित्सक वर्ग भी टी बी मुक्त भारत के लिए संकल्पित है व सभी लोगों को टीबी रोग को लेकर विशेष सावधानी बरतते रहना जरूरी है। बचाव के लिए आवश्यक है कि हमें इस रोग के लेकर सही जानकारी हो। इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक खलीलाबाद डॉ0 वारूणेश दूबे, डॉ0 विशाल यादव, डॉ0 गौरव यादव, अमित आनंद, रम्भा, अनिल, कविता पाठक, संगीता, ईश्वर, राजेश आदि उपस्थित रहे।

आंचलिक विज्ञान केंद्र की विजिट कर बच्चों ने जानी विज्ञान की बारीकी

● राष्ट्रीय आविष्कार अभियान क्विज प्रतियोगिता में बेहतर करने वाले बच्चों की कराई एक्सपोजर विजिट

रायबरेली। परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे देश और दुनिया के बारे में अधिक से अधिक जान सकेंए इसके लिए सरकार की तरफ से एक्सपोजर विजिट कराई जा रही है। एक्सपोजर विजिट के माध्यम से बच्चों को नवीन चीजों से रूबरू कराया जा रहा है। विज्ञान और खगोलीय की दुनिया कितनी बड़ी है इसका नमूना अमावां ब्लॉक के 200 बच्चों ने लखनऊ में स्थिति आंचलिक विज्ञान केंद्र की विजिट करके देखा। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बच्चों ने लखनऊ की एक्सपोजर विजिट करके जानी। परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले ब बच्चों को विभाग की तरफ से एक्सपोजर विजिट कराई जा रही है।

अमावां प्रभारी खण्ड शिक्षा अधिकारी बृजलाल वर्मा ने बताया कि लखनऊ में बच्चों की कराई गई एक्सपोजर विजिट के माध्यम से बच्चों को नवीन चीजों से रूबरू कराया गया। बीईओ ने बताया कि लखनऊ में एक्सपोजर विजिट के लिए भेजे गए छात्र आंचलिक विज्ञान केंद्र पहुँचेए यहां पर उनका भ्रमण करना किसी अजूबा से कम नहीं था। बच्चों ने बहुत ही बारीकी के साथ में सभी चीजों को देखा और उसके बारे में जानकारी एकत्रित की। करीब 10 एकड़ भूमि के बड़े क्षेत्र में फैले इस केंद्र वैज्ञानिक सिद्धांतों को दर्शाने वाली आकर्षक प्रदर्शनियाँ हैं। एआरपी रितेश कुमार, सलाउद्दीन अंसारी, डॉ. शिवशंकर श्रीवास्तव, सुरेश कुमार, ब्रजेन्द्र कुमार, राजेश सिंह, मीना, शिल्पी, संगीता, बबिता, प्रीति सक्सेना आदि शिक्षकों ने भी बच्चों के साथ में विजिट की।

मुख्यमंत्री का आदेश जगह जगह बना दिया अवैध पार्किंग

● उपजिलाधिकारी डलमऊ द्वारा अतिक्रमण पर क्रियान्वयन से दहशत

डलमऊ रायबरेली। उपजिलाधिकारी डलमऊ ने चार्ज संभालते ही डलमऊ में पंगु दिख रहे प्रशासनिक अमले को हरकत में ला कर खड़ा कर दिया उपजिलाधिकारी द्वारा भ्रमण के दौरान चेतावनी को गंभीरता से व्यापारियों द्वारा लिया गया जिसके परिणामस्वरूप नगर में मकड़जाल की तरह फैले अतिक्रमण को अतिक्रमणकारियों द्वारा स्वयं ही हटाते हुए प्रशासन का सहयोग करते नजर आएण् एक वर्ष पूर्व अतिक्रमण पर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ ने वीडियो कांफ्रेंसिंग कर अतिक्रमणकारियों व अवैध वाहनों के पार्किंग पर पूर्व ही स्पष्ट निर्देश जारी किए गए थे जिन पर पूर्व अधिकारियों ने क्रियान्वयन के संदर्भ में खास रुचि न दिखाते हुए ठंडे बस्ते में डाल दिया था आदेश के पालन में मात्र टेंडर प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया था इस बावत जिलाधिकारी समेत पुलिस के सभी आलाधिकारियों को प्रभावी कार्यवाही का आदेश दिए थे आदेश के लगभग एक वर्ष हो गए जिसका परिणाम बहुत ही भयावह रूप से सामने आ रहे थे उसमें अतिक्रमण प्रमुख कारण बन चुका था जिससे नगर के जाम की समस्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही थी उपजिलाधिकारी आशुतोष राय ने समस्या की जड़ तक पहुंचते हुए प्रभावी कदम से अतिक्रमणकारियों में खलबली मच गई जिसके परिणामस्वरूप अतिक्रमणकारियों द्वारा स्वयं अतिक्रमण हटाया जा रहा है जो अभी केवल रायबरेली मार्ग तक ही सीमित है अतिक्रमण पर लालगंज और प्रयागराज मार्ग अभी भी अछूते है जिनपर वाहनों का अवैध अतिक्रमण बहुतायत मिलता है जिससे आवागमन अवरुद्ध होता है चौराहे के लगभग सभी मार्ग पर जगह जगह खड़े ई रिक्शा यातायात को अवरुद्ध करने में अतिक्रमणकारियों से एक कदम आगे खड़े नजर आते है सभी मार्गो सहित प्रमुख चौराहे पर खड़े ई रिक्शा वाहनों के स्वामियों के लिए कोई नियम या कानून नही है न ही कोई रोकने वाला बेरोकटोक मनमानी करते हुए सड़कों पर खड़े पाये जाते है।

क्या अब मुख्य चौराहे पर सुरक्षा हेतु पुलिस पिकेट बन पाएगा

मुराई बाग कस्बे के मुख्य चौराहे पर लोक निर्माण विभाग की भूमि पर क्या पुलिस विभाग के लिए पिकेट बनने का रास्ता साफ हो पायेगा या अभी भी वो स्थान अतिक्रमण कारियों के कब्जे में ही रहेगी पूर्व के कई अधिकारियों ने इस बावत मुख्य चौराहे पर पुलिस विभाग की उपस्थिति के लिए जगह हेतु पत्राचार किया गया पर पूर्व में किसी भी अधिकारी को उस अतिक्रमण पर कार्यवाही करने से बचते ही देखा गया उपजिलाधिकारी आशुतोष राय क्या नागरिकों की सुरक्षा व पुलिस विभाग की चौराहे पर मौजूदगी हेतु पिकेट का स्थान अतिक्रमण कारियों से मुक्त करा पाएंगे ये तो वक्त के गर्भ में है।

डीएम ने की संचारी रोग नियंत्रण के टास्क फोर्स/ अंतर विभागीय जिला समन्वय समिति की बैठक दिये निर्देश

● जनपद में 01 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा, विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान व 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान

● झाड़ियों की कटाई, नालियों की सफाई, जल निकासी आदि पर दिया जाए विशेष ध्यानः जिलाधिकारी

कानपुर देहात। डीएम आलोक सिंह के अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के जनपदीय टास्क फोर्स/ अंतर विभागीय समन्वय समिति की द्वितीय बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई। बैठक में सीएमओ ने डीएम को बताया कि जनपद में 01 से लेकर 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा, जिसके दृष्टिगत विभिन्न ब्लॉको पर ब्लाक स्तरीय अंतर समन्वय समिति की बैठक कर ली गई है तथा विभागों से माइक्रोप्लान प्राप्त हो चुके हैं। डीएम ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत मुख्य रूप से सार्वजनिक भवनों, धार्मिक स्थलों व भीड़ भाड़ वाले स्थानों, सीएचसी, पीएचसी, ऑनगाबड़ी केन्द्र, विद्यालय आदि के आसपास नालियों की सफाई, झाड़ियां की कटाई, एंटी लार्वा का छिड़काव, फॉगिंग आदि से संबंधित गतिविधियों पर विशेष जोर दिए जाने के निर्देश दिए। डीएम ने डीपीआरओ व अधिशासी अधिकारी नगर निकायों को निर्देश दिये कि संचारी रोग अभियान के दौरान शासन द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें। वर्तमान समय में मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है ऐसे में अभियान चलाकर एंटी लार्वा का छिड़काव व फॉगिंग से संबंधित गतिविधि प्रत्येक कस्बों व गांवो में संचालित कराई जाएए इसमें किसी भी प्रकार की उदासीनता ना बरती जाए।

सीडीओ व सीएमओ को पूरे अभियान की नियमित निगरानी करने के भी निर्देश दिए। पशु चिकित्साधिकारी को सूअर बाड़ोए अन्य पशु बाड़ो के आसपास सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। किसी भी स्थान पर जलभराव न होने पाए, जहां पर भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो वहां एंटीलार्वा का छिड़काव किया जाए, संचारी रोग से संबंधित समस्त गतिविधियों के लिए एक ग्रुप बनाकर उसमें दिन प्रतिदिन होने वाले क्रियाकलापों की फोटोग्राफ्स डाली जाए, सभी क्षेत्रों में होने वाली विभिन्न गतिविधियों की मॉनिटरिंग हेतु नोडल अधिकारी तैनात किए जाने के भी निर्देश दिए।

परिषदीय विद्यालयों में अभी तक नहीं पहुंची पाठ्य पुस्तके

संडीला (हरदोई)। प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में नया शिक्षा सत्र शुरू होने में मात्र तीन दिन शेष रह गए हैं जबकि अभी तक विद्यालयो ंमें सरकारी पुस्तकों का कहीं कोई अती पता नहीं है। प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा सत्र 1 अप्रैल से 31 मार्च तक निर्धारित है। परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 1 से लेकर कक्षा 8 तक के छात्र छात्राओं को विभाग द्वारा नि:शुल्क पुस्तकें उपलब्ध कराने का प्रावधान हैए लेकिन सत्र शुरू होने में मात्र 3 दिन शेष हैं लेकिन अभी तक नए सत्र की पाठ्य पुस्तकें किसी भी बीआरसी पर नहीं पहुंची हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि 1 अप्रैल के बाद छात्र छात्राएं नवीन कक्षाओं में जब बैठेंगे तो उन्हें अध्यापक बिना पुस्तक कैसे शिक्षा दे पाएंगेघ् वह भी विशेष रूप से विज्ञानए गणितए अंग्रेज़ी आदि विषयों में। यह शिक्षकों के समक्ष एक गंभीर चुनौती होगी।

तीन सगे भाइयों सहित पांच पर हत्या का दर्ज हुआ केस

संवाददाता। फर्रुखाबाद

युवक की लाठियों से पीटकर हत्या किये जाने के मामले में पुलिस नें मृतक के भाई की तहरीर पर तीन सगे भाईयों सहित पांच के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नकटापुर निवासी नेत्रपाल पुत्र राजा राम के भाई सत्यपाल की बीती देर शाम लाठियों से पीटकर हत्या कर दी गयी थी। नेत्रपाल की तहरीर पर पुलिस नें सत्यपाल की हत्या में गाँव के ही संजीब, कुलदीप, कमल प्रताप पुत्र रामनिवास, शेर सिंह पुत्र दयाराम व भूरे पुत्र महिपाल के खिलाफरंजिश में हत्या को अंजाम देनें के मामले में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी है।

घटना के समय ही भीड़ ने एक आरोपी संजीब पुत्र रामनिवास को भीड़ नें पकड़ कर उसकी जमकर धुनाई भी कर दी। वह फिलहाल सीएचसी में भर्ती है। पुलिस कई बार आरोपियों के घर दबिश मार चुकी है लेकिन आरोपियों के घरों पर ताले लटक रहें है । कोतवाल मनोज भाटी नें बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। फिलहाल आरोपी फरार हैं ।

तीन टैक्टर व एक जे सी वी को अवैध खनन में लिया कब्जे में अबैध खनन करनें में नायब तहसीलदार नें तीन ट्रैक्टर-ट्राली व एक जेसीबी मशीन को कब्जे में ले लिया है। नायब तहसीलदार अतुल कुमार को सूचना मिली कि करनपुर दत्त में अबैध खनन हो रहा है। जिससे वह दल-बल के साथ मौके पर पंहुचे । मौके पर उन्हें अबैध रूप से खनन होता मिला। उन्होंनें मौके पर मिली एक जेसीबी मशीन व तीन ट्रैक्टर-ट्राली सील कर उपनिरीक्षक जगमोहन के सुपुर्द कर दी। मौके पर कई फीट गहरे गड्ढे खनन से हो गये थे। नायब तहसीलदार अमित कुमार के द्वारा बताया कि लेखपाल से नाप कराकर कितने फुट गहरे गड्ढे हुए हैं तो उसी हिसाब से इन ट्रैक्टरों पर कार्रवाई होगी। तीन ट्रैक्टर, एक जेसीबी मशीन थाना पुलिस को सौंप दिये गये हैं।

सॉसद व राज्यमंत्री की उपस्थिति में आयोजित होगा होली मिलन समारोह

● चैयरमैन रामजी गुप्ता व रूरा मण्डल अध्यक्ष पुच्चू अवस्थी ने भाजपाईयों सहित भारी सॅख्या में लोगों से आयोजन में सम्मिलित होने की अपील की

कानपुर देहात। आज शाम छह बजे रूरा के सीडी गर्ल्स इण्टर कालेज के पास क्षेत्रीय भाजपा सॉसद देवेन्द्र सिंह भोले व राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला की उपस्थित में होली मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा। आयोजक रूरा चैयरमैन रामजी गुप्ता ने जानकारी देते हुये बताया कि इस अवसर पर फाग सहित अन्य कार्यक्रमों के आयोजन में लोगों से सम्मिलित होने की अपील की है। रूरा चैयरमैन रामजी गुप्ता व रूरा मण्डल अध्यक्ष पुच्चू अवस्थी ने बताया कि आज सब्जी मण्डी स्थल पर आयोजित होने वाले होली मिलन समारोह में क्षेत्रीय भाजपा सॉसद देवेन्द्र सिंह भोले व राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला मौजूद रहेंगे। होली मिलन समारोह में फाग के गायन के अतिरिक्त अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। चैयरमैन ने भाजपाईयों सहित स्थानीय व क्षेत्रीय लोगों से भारी सॅख्या में सम्मिलित होने की अपील की है।

इंडो नेपाल बॉर्डर पहुंची कमिश्नर, विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश

● आयुक्त ने देखे विसभा क्षेत्र पलिया के सुदूरवर्ती मतदान केन्द्र, लिया जायजा

● कम मतदान के कारकों का तत्काल कराए समाधान, मतदान केन्द्रों पर आयोग की मंशानुरूप हो व्यवस्थाएंः आयुक्त

लखीमपुर खीरी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन.2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जनपद भ्रमण कार्यक्रम पर खीरी पहुंची आयुक्त लखनऊ मंडल लखनऊ डॉ रोशन जैकब ने दूसरे दिन गुरुवार को तहसील पलिया के दूरस्थ मतदान केन्द्र प्राथमिक विद्यालय गौरीफंटा सहित ग्राम सरियापारा, ग्राम सूडा के मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का जायज़ा लिया।

मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने मतदाताओं के बीच स्वयं मतदाता सूची में लिखे नामों को पढ़कर सुनाये जाने तथा ग्रामवासियों से पढ़े गये नामों के बारे में जानकारी प्राप्त की। बूथ लेबिल अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्राम से बाहर रह रहे मतदाताओं के मोबाइल नम्बर पर एसएमएस भेजकर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया जाय। आयुक्त ने गौरीफंटा थाना क्षेत्र के ग्राम सरियापारा, ग्राम सूडा के मतदेय स्थलों के निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों से संवाद कर मतदान दिवस ;13 मईद्ध को शत प्रतिशत मतदान का संकल्प दिलाया। इसके बाद उन्होंने चंदन चौकी बॉर्डर पर सब पुलिस राजस्व टीम के साथ फॉरेस्ट एरिया में पैदल मार्च किया।

कमिश्नर ने निरीक्षण के दौरान मतदान केन्द्रों पर सामान्य सूचनाओं एवं टोल फ्री नम्बर 1950 का अंकन, विद्युत कनेक्शन, लाईट व पंखों की उपलब्धता, मतदेय स्थल पर शौचालय, जलापूर्ति की स्थिति, मतदेय स्थल पर शुद्ध पेयजल, स्थापित हैण्डपम्प की क्रियाशीलता, मतदेय स्थल/विद्यालय की साफ सफाई, रैम्प, मतदान केन्द्र पर नेटवर्क की उपलब्धता, कन्ट्रोल रूम का नम्बर, फोटोयुक्त मतदाता पहचान.पत्र वितरण, रूट चार्ट तथा कम्यूनिकेशन प्लान में दर्ज मोबाइल नम्बरों का सत्यापन भी किया।

आयुक्त डॉ रोशन जैकब ने एसडीएम कार्तिकेय सिंह को निर्देश दिया कि कम मतदान के कारकों का तत्काल समाधान कराते हुए मतदान केन्द्रों पर आयोग की मंशानुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। कहा कि मतदेय स्थल पर विशेष कैंप लगाकर न केवल मतदाताओं को जागरूक किया जाए बल्कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता बनने से वंचित न रहने पाए।

आयुक्त ने ग्राम प्रधान, कोटेदार, रसोईयां, रोजगार सेवक, अध्यापक, सचिव, लेखपाल, आंगनबाड़ी, आशा से वार्ता करते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें। गुरुवार को आयुक्त डॉ रोशन जैकब एसडीएम कार्तिकेय सिंहए सीओ पहिया के साथ इंडो नेपाल बॉर्डर पहुंची, जहां उन्होंने सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), कस्टम एवं पुलिस कवच सेल के जिम्मेदार अफसरो के साथ स्थलीय भ्रमण किया और लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरतते हुए निगरानी करने के निर्देश दिए।

क्विक न्यूज

अस्पताल में भर्ती अज्ञात घायल अधेड़ की शिनाख्त

फतेहपुर। थरियांव थानां क्षेत्र के बरई खुर्द गांव निवासी स्व. गया प्रसाद का 55 वर्षीय पुत्र ननकू 26 मार्च को घर से किसी काम से निकला था। तभी उसको कोई अज्ञात वाहन टक्कर मारते हुए निकल गया। वाहन की टक्कर से ननकू के सिर में चोट आने की वजह से उसका मानसिक संतुलन बिगड़ गया और वह अपना नाम पता बताने में असमर्थ हो गया। बुधवार की शाम अज्ञात में उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर उसका इलाज कर रहे है। उधर अचानक बिना बताए ननकू के गायब होने से परिजन काफी परेशान थे। खोज करते हुए ननकू की पुत्री पूजा देवी पत्नी राम मिलन ग्रामीणों के साथ जिला अस्पताल पहुंचकर अपने पिता की पहचान किया।

सीढ़ियों से गिरकर युवक जख्मी

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के मुराइनटोला मोहल्ला निवासी लाल बहादुर निषाद का 25 वर्षीय पुत्र सूरज निषाद आज सुबह अपने घर की छत पर किसी काम से गया था। जब वह सीढियो से उतरने लगा तभी उसका पैर सीढ़ी से फिसल गया और वह लुढ़कता हुआ नीचे गिरकर घायल हो गया। घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो तुरन्त उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर उसका इलाज कर रहे है।

जहरीला पदार्थ खाने से युवक की हालत बिगड़ी

रसूलाबाद कानपुर देहात। जहरीला पदार्थ खाने से नव युवक की हालत बिगड़ गई वहीं आनन फानन में परिजनों ने उसे सीएससी पहुंचाया जहां उसका उपचार शुरू हुआ। रसूलाबाद कोतवाली क्षेत्र के हीकेपुर गांव निवासी दीपक कुमार उम्र लगभग 18वर्ष पुत्र राजेंद्र ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाकर जान देने का प्रयास किया हालत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिए सीएचसी ले गए जहां मौजूद चिकित्सक डॉक्टर बृजेश कुमार ने उपचार शुरू किया।

सडक दुर्घटना में ग्रामीण हुआ घायल

रसूलाबाद कानपुर देहात। क्षेत्र के पहाड़ीपुर गांव के नजदीक गुरुवार को सड़क दुर्घटना में हरचंद निवादा निवासी नीलेश घायल हो गया। जहां उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रसूलाबाद लाया गया। वहां मौजूद चिकित्सक बृजेश कुमार ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत को गंभीर देखते हुए उसे कानपुर रेफर कर दिया।

डीजे पर डांस कर रहे दंपति को पीटा

राठ। कोतवाली के अकौना गांव निवासी शिफा पत्नी जयहिंद राजपूत ने बताया कि मंगलवार की रात करीब ग्यारह बजे घर के पास उसके पति डीजे पर डांस कर रहे थे। तभी गांव के जवाहर राजपूत, उसका पुत्र सरजेश और अरुण राजपूत पति के साथ गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने पति के मारपीट शुरू कर दी। बताया कि जब वह बचाने पहुंची तो उसे भी मारा.पीटा। मारपीट से उसे व उसके पति को चोटें आईं हैं। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

गायत्री महायज्ञ 29 मार्च से

संडीला (हरदोई)। घुम्मन बाबा देवस्थान ग्राम घुमना खेड़ा में पं0 श्रीराम शर्मा आचार्य के सूक्ष्म संरक्षण में नौकुंडी गायत्री महायज्ञ 29 मार्च से शुरू होगा। जिसमें सुश्री राधिका विदुशी;काशीद्ध द्वारा प्रवचन होगा। इसके अलावा 29 मार्च को कलश पूजन शोभा यात्राए 30 मार्च सतसंग प्रवचन होगा। 31 मार्च को ज्ञान विज्ञान पंचकोष साधना तथा 1 अप्रैल को दीप यज्ञए 2 अप्रैल गायत्री यज्ञए कन्या भोज आदि के कार्यक्रम होंगे। एक प्रेस वक्तव्य में गायत्री परिवार द्वारा यह सूचना दी गयी है।

महिला व युवक ने खाया जहरए दोनों रेफर

राठ। मझगवां थाने के कोठा गांव निवासी 27 वर्षीय रजनी पत्नी निर्दोष ने पारिवारिक कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया। वहीं कोतवाली के पड़रा गांव निवासी 36 वर्षीय कुंवरलाल पुत्र मक्खू ने जहरीला पदार्थ खा लिया।

रविवार को खुला रहेगा एआरटीओ कार्यालय

फतेहपुर। सहायक सम्भगीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) श्रीमती पुष्पांजलि मित्रा गौतम ने बताया कि राजस्व हित के दृष्टिगत रविवार को कार्यालय, वाहनों का कर (टैक्स) जमा करने हेतु खुला रहेगा।

मारपीट से घायल हुए किसान ने तोड़ा दम

राठ। होली के पर्व पर ठेका पर शराब लेने को लेकर हुई मारपीट में घायल हुए किसान ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पुत्र आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध कोतवाली में शिकायत की है। कोतवाली के औंता गांव निवासी राहुल राजपूत ने पुलिस को बताया कि मंगलवार को होली के पर्व पर उसके पिता 46 वर्षीय भारत सिंह गांव में स्थित ठेका से शराब ले रहे थे। गांव का रामसहाय वहां आया और पहले शराब लेने को लेकर पिता के साथ गाली गलौज करने लगा। शाम को उसके पिता खेत पर चले गए। रात करीब 10 बजे रामसहाय अपने पुत्र सचिन, लवकेश लक्ष्मण पुत्र नंदराम, अमित पुत्र लक्ष्मणए सर्वेशए राहुल खेत पर गए और चारपाई पर सो रहे पिता के साथ मारपीट करने लगे। उसके पिता वहीं बेहोश हो गए। बताया कि उक्त लोग बेहोशी हालत में छोड़ कर भाग गए। बुधवार की सुबह जानकारी होने पर उन्हें सीएचसी ले गए। जहां से चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

अचानक नाना की बंदूक से चली गोली, नाती की हुई मौत

● महोली कोतवाली इलाके के चंद्रा गांव की घटना, मचा कोहराम

● नाती की मौत से सदमें आए नाना की हालत गंभीर, जिला अस्पताल रेफर ● पुलिस ने बंदूक को कब्जे में लेकर जांच के लिए भेजा

संवाददाता। महोली सीतापुर

लोकसभा चुनाव के मद्दे नजर बंदूक जमा करने के लिए उसकी सफाई करने के दौरान अचानक गोली चल गई। बंदूक से निकली गोली सामने खेल रहे 3 साल के नाती को जा लगी जिससे मौके पर ही मौत हो गई। यह दुखद घटना महोली कोतवाली इलाके के चंद्रगांव की है। यहां के निवासी अरुण त्रिवेदी पुत्र स्वर्गीय श्याम किशोर त्रिवेदी की बेटी अपराजिता मिश्रा की शादी लखनऊ में अमित मिश्रा के साथ हुई है।

होली के पर्व पर वह अपने तीन साल के बेटे स्वास्तिक के साथ मायके आई हुई थी। लोकसभा चुनाव के चलते सभी के लाइसेंसी शस्त्र जमा कराए जा रहे है। इसे देखते हुए गुरुवार सुबह नाना अरुण त्रिवेदी अपनी एकनाली बंदूक को साफ करने बैठे थे। बंदूक पहले से लोड थी, अचानक गोली चल गई, जो सामने खेल रहे स्वास्तिक के जा लगी। इस मामले में कोतवाली प्रभारी उमाकांत शुक्ला ने बताया शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर बंदूक को कब्जे में लिया गया है जिसे फारेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा और नाना की हालत सामान्य होने पर पूछंतांछ की जाएगी।

जिला जज, जिलाधिकारी व एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

बंदियों से पूंछताछ करते जिला जज व डीएम, एसपी।

गुरसहायगंज (कन्नौज)। जनपदीय अधिकारियों जनपद-न्यायाधीश लोकेश वरूण, एडीजे लवली जायसवाल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जिलाधिकारी सुभ्रांत कुमार शुक्ला व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा सम्पूर्ण कारागार का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। सभी अहातों की बैरकों में निरूद्ध बंदियो (पुरूष व महिला) से उनकी समस्याओं के संबंध में पूछताँछ की गयी, बैरकों की तलाशी करायी गयी, तलाशी के दौरान कोई निषिद्व वस्तु नहीं पायी गयी। बंदियों से पूछताछ के दौरान उनके द्वारा कारागार से संबंधित किसी भी प्रकार की कोई शिकायत नहीं बतायी गयी। जेल की सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े उपकरणों की क्रियाशीलता को देखा गया। अक्रियाशील कैमरों को तत्काल ठीक कराये जाने तथा कैमरों को प्रत्येक समय क्रियाशील रखे जाने व उनकी प्रत्येक समय मानीटरिंग करने के निर्देश दिये गये। बीमार बंदियों के उपचार में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही न बरती जाये। कारागार में निरूद्ध वृद्ध व अशक्त बंदियों पर विशेष निगरानी रखे तथा उनका नियमित रूप से परीक्षण कर समुचित उपचार करना सुनिश्चित करनें के लिये निर्देशित किया।

जेल अधीक्षक द्वारा कारागार की स्वच्छता, सौन्दर्यीकरण एवं बंदियों को अनुशासित रखने हेतु विशेष ध्यान दिये जाने के लिये जनपद न्यायाधीश द्वारा प्रशंसा कर निर्देशित किया जाता है कि भविष्य में भी इसी प्रकार विशेष रूचि के साथ कारागार को सुगमतापूर्वक संचालन करना सुनिश्चित करें। कारागार को सुगमतापूर्वक संचालन हेतु निर्देशित किया गया। महिला बैरक में निरीक्षण के दौरान जनपदीय अधिकारियों द्वारा महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों को टॉफी, बिस्कुट, चाकलेट आदि वितरित की गयी जिसे पाकर बच्चो में उत्साह देखा गया। जेल अधीक्षक, कारापाल विजय कुमार शुक्ला, उपकारापाल उर्मिला सिंह, उपकारापाल रामबहाल दुबे, चिकित्साधिकारी डा. अजय कुमार पाल तथा प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार, जेल वार्डर कुलदीप सिंह के साथ सभी प्रशासनिक कर्मचारी उपस्थित थे।

खाद्य पदार्थ से ऊर्जा बनाने पर अर्पित को मिला पुरस्कार

पुस्कृत बच्चों के साथ मौजूद अधिकारीगण।

कन्नौज। शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रम राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल कन्नौज में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर एवं सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण करनें के उपरान्त कहा कि बच्चों द्वारा विभिन्न मॉडल और प्रदर्शनी को प्रदर्शित किया जा रहा है। निश्चित यह बच्चे आगे चल वैज्ञानिक बनेंगे। बेसिक के विद्यार्थियों द्वारा अद्भुत प्रदर्शन किया जा रहा है। सीडीओ, जिला विद्यालय निरीक्षक डा. पूरन सिंह ,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रत्येक विकासखंड से आए हुए कुल 99 प्रतिभागियों के मॉडल और प्रोजेक्ट का अवलोकन किया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार अर्पित कुमार ने प्राप्त किया, द्वितीय पुरस्कार सागर ने तथा तृतीय पुरस्कार रंजीत ने प्राप्त किया। प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार को क्रमशः एक हजार, सात हजार पॉच सौ, पॉच हजार रुपये का नगद पुरस्कार दिया गया साथ ही चौथे स्थान से लेकर दसवें स्थान तक के बच्चों को 2500 रुपए नगद पुरस्कार दिया गया सभी उत्कृष्ट 10 बच्चों को नगद पुरस्कार के अतिरिक्त मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी प्रतिभागी बच्चों को बैग, स्टेशनरी, मोमेंटो, प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपासना रानी वर्मा द्वारा सभी शिक्षकों और बच्चों को इसी प्रकार कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया और कहा कि इस प्रकार सकारात्मक कार्य करते हुए अपना और अपने विभाग का नाम रोशन करिए। जनपद नोडल आशुतोष दुबे ने बताया कि उक्त प्रदर्शनी में उत्कृष्ट दो स्थान प्राप्त बच्चों की सूचना राज्य स्तर पर भेजी जायेगी। समस्त ब्लाक नोडल शिक्षकों एवं मार्गदर्शक शिक्षकों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रदर्शनी में सुनील चतुर्वेदी वरिष्ठ डायट प्रवक्ता, शिवमोहन कुशवाहा, प्रधानाध्यापक, राजेश वर्मा डायट प्रवक्ता, ब्लाक नोडल रवि त्रिपाठी, शशिकांत शुक्ला, भोले शंकर चतुर्वेदी, तेज प्रताप सिंह, पीयूष गुप्ता, अतुल कुमार दीक्षित उपस्थित रहे।

बलवन्त हत्याकाण्ड में आरोपियों ने दोबारा जिरह के लिये अपील की

कानपुर देहात। बहुचर्चित बलवन्त हत्याकाण्ड में आरोपी गण दुर्वेश कुमार, अनूप कुमार, ज्ञान प्रकाश पाण्डे व राजेश सिंह की तरफसे पिछली तिथि पर अलग अलग प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर, अभियोजन साक्षी गुड्डू उर्फ राघवेन्द्र सिंह को तलब कर पुन: जिरह का अवसर प्रदान करने की प्रार्थना की गई थी जिस पर वादी अंगद सिंह ने विस्तृत आपत्ति दाखिल करते हुए विरोध किया और आरोप लगाए कि आरोपी जिले में पूर्व में तैनात पुलिस के अधिकारी पुलिस कर्मी है वह पुलिस व आप्राधिधियों के माध्यम से गवाहों को आरोपियों के विरुद्ध गवाही न देने के लिए धमका रहे है इसी लिए केश को लम्बा खींच गवाही में व्यवधान उत्पन्न कर रहे हैं। अन्य आरोपी प्रशान्त गौतम की तरफ से भी साक्षी गुड्डू उर्फ राघवेन्द्र से जिरह का अवसर देने हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया। न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद आरोपियों का प्रार्थना पत्र स्वीकृत कर साक्षी गुड्डू उर्फ राघवेन्द्र सिंह से जिरह हेतु 4 अप्रैल की तिथि नियत करने का आदेश किया है। यह जानकारी वादी पक्ष की तरफ से पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने दी। पिछली तिथि पर वादी अंगद सिंह ने प्रथम सूचना रिपोर्ट के आरोपी तत्कालीन रानियां थाना प्रभारी शिव प्रकाश सिंह व एस ओ जी के तत्कालीन आरक्षी महेश गुप्ता को केश में अभियुक्त के रूप में तलब कर विचारण किए जाने हेतु न्यायालय में प्रार्थना पत्र दाखिल किया था जिस पर अभी सुनवाई होना शेष है। चश्मदीद गवाह मृतक के बलवंत सिंह के चचेरे भाई गुड्डू उर्फ राघवेन्द्र सिंह के बयान न्यायालय में पूर्व में दर्ज किए गए थे। गवाह ने आरोपियों में पांच आरोपियों प्रशान्त कुमार गौतम, प्रशान्त कुमार पाण्डे, सोनू, दुर्वेश व अनूप कुमार को देख कर पहचान कर कहा कि इन्हीं आरोपियों ने घटना वाले दिन व समय पर मृतक बलवंत सिंह की गाड़ी की चाभी निकाल कर बलवंत को मारते हुए बलवंत व रामजी को घसीट कर अपनी बोलेरो गाड़ी में बैठा लिया।

पालतू जानवरों का होगा रजिस्ट्रेशन, आवारा जानवरो पर लगेगा जुर्माना

फर्रुखाबाद। अब आवारा जानवर पकड़े जाने पर मालिक से 5 हजार का जुर्माना वसूला जाएगा। यह निर्णय आज डीएम डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान हेतु अंतर्विभागीय जनपद स्तरीय समिति की वैठक मैं लिया गया। बैठक में सीएमओ ने अवगत कराया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक व दस्तक अभियान 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा। बैठक में डीपीआर ओ व ईओ को निर्देशित किया गया कि जनपद के सभी तालाबो की सफाई करा ली जाये, पशुपालन विभाग सभी सुअर पालन केंद्रों व मुर्गी पालन केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करें। जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी कुपोषित बच्चों का चिन्हीकरण कर सूची उपलब्ध कराए।

शिक्षा विभाग से अपेक्षा की गई कि सभी स्कूलों में बच्चो को मच्छरजनित बीमारियो के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई जाये। खंड शिक्षा अधिकारी व बीआरसी के द्वारा विद्यालयो में जागरूकता के कार्यक्रम कराये जाये। कृषि विभाग व उद्यान विभाग को निर्देशित किया गया कि सभी किसानों को ऐसे पौधे लगाने के लिये प्रेरित किया जाए जो मच्छर प्रतिरोधी हो। उद्यान अधिकारी ने बताया कि हर गाँव मे इस संबंध में गोष्ठी होती है। बैठक में प्रकाश में आया कि जनपद में मलेरिया विभाग द्वारा अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन सही तरीके से नही किया जा रहा है इस पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी जताते हुए जिला मलेरिया अधिकारी का स्पष्टीकरण माँगा गया।

पिछले एक महीने में मलेरिया निरीक्षकों ने क्या कार्य किया है लिखित में अवगत कराएं। बैठक में निर्देशित किया गया कि सभी पी एच सी पर एन्टीरैबीज वैक्सीन पहुचाई जाये। ईओ को निर्देशित किया गया कि नपा द्वारा पालतू जानवरों का पंजीकरण किया जाये। अपंजीकृत जानवर मिलने पर 5000 रुपए का जुर्माना लगाया जाये। सभी नगर पालिका व पंचायतों में जागरूकता के लिए हैंडबिल बंटवाये जाये, होर्डिंग लगवाए जाए, सभी पालतू जानवर जिनका वैक्सिनेशन हो। उनको कार्ड उपलब्ध कराए जाए। डीएम द्वारा आई एम ए के अध्यक्ष से यह अपेक्षा की गई कि वह अपनी संस्था के द्वारा आम जनमानस को मतदान के लिए जागरूक करे, सभी डॉ0 अपने पर्चे पर मतदान के स्लोगन अंकित कराये व मतदाता पहचान पत्र लाने पर अपनी फीस में भी छूट प्रदान करे जिससे आम जनमानस मतदान के प्रति जागरूक हो सके। बैठक में सीडीओ, सीएमओ, आईएमए अध्यक्ष व संवंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बीजद सांसद महताब, पूर्व सांसद सिद्धांत महापात्रा और संथाली लेखिका दमयंती बेसरा ने थामा भाजपा का दामन

आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनावों से पहले ओडिशा के सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) को बड़ा झटका लगा

भाषा। नई दिल्ली

आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनावों से पहले ओडिशा के सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) को बड़ा झटका लगा है। कटक के सांसद और बीजद के संस्थापक सदस्यों में से एक भर्तृहरि महताब और पूर्व सांसद सिद्धांत महापात्रा के साथ ही पद्मश्री से सम्मानित संथाली लेखिका दमयंती बेसरा बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए।

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, महासचिव विनोद तावड़े, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा और पार्टी की ओडिशा इकाई के अध्यक्ष मनमोहन सामल की मौजूदगी में तीनों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।भाजपा नेताओं ने तीनों के पार्टी में शामिल होने का स्वागत किया और इसे ओडिशा में परिवर्तन का संकेत करार दिया। प्रधान ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत, विकसित ओड़िशा, पूर्वोदय और सबका साथ-सबका विकास की संकल्पना से प्रेरित होकर भाजपा परिवार में शामिल होने का इन तीनों गणमान्य व्यक्तियों का निर्णय अभिनंदनीय है। ओड़िशा में इस बार परिवर्तन तय है। ज़मीन से जुड़े ऐसे अनुभवी और प्रतिष्ठित लोगों के भाजपा से जुड़ने से ओडिशा में परिवर्तन के संकल्प को और अधिक मज़बूती मिलेगी।

कटक लोकसभा क्षेत्र से छह बार सांसद रहे माहताब ने 22 मार्च को बीजद की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि उन्हें बीजद में स्वतंत्र रूप से काम करने का पर्याप्त मौका नहीं मिला। तभी से उनके भाजपा में शामिल होने की अटकलें थीं।उनके इस्तीफा देने के कुछ ही दिन बाद बीजद ने लोकसभा चुनाव के लिए महताब का टिकट काट दिया था। कटक में महताब के स्थान पर बीजद ने संतृप्त मिश्रा को उम्मीदवार बनाया है।भाजपा में शामिल होने के बाद महताब ने दावा किया कि ओडिशा में परिवर्तन होने जा रहा है और इसका आभास राज्य का दौरा करने से होगा।

उन्होंने कहा कि जीवन के पड़ाव में एक निर्णय लेना अनिवार्य हो जाता है और उन्हें लगता है कि इस समय भाजपा के साथ जुड़ने का उनका निर्णय सही साबित होगा।महताब ने कहा, मेरा जो अनुभव है, उसके हिसाब से कह सकता हूं कि राष्ट्रवाद, एकात्मता और पूर्वोदय का मिलाप भाजपा के जरिए ही हो सकता है। इसके कई उदाहरण हैं जो मैंने पिछले 10 साल में अनुभव किए। मुझे लगा राज्य की प्रगति और उन्नति के लिए यही सही मौका है। ओडिशा के लिए कुछ कर जाने का मौका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शक्ति, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का विश्वास और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा की प्रेरणा उन्हें आगे ले जाने में मददगार होगी।वड़े ने तीनों नेताओं का भाजपा में स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर अलग-अलग क्षेत्रों से लोगों का भाजपा के साथ जुड़ने का सिलसिला जारी है।उन्होंने दावा किया कि ओडिशा में भी राजनीतिक हालात बदले हैं और वहां के नेताओं का भाजपा में शामिल होना इसे दर्शाता भी है।उन्होंने कहा, ओडिसा की जनता बदलाव चाहती है। ओडिशा की जनता के हित में पार्टी सभी नेताओं का उनकी क्षमता के अनुरूप उपयोग करेगी। बेसरा जनजातीय मुद्दों की शोधकर्ता होने के साथ ही साहित्य अकादमी पुरस्कार भी प्राप्त कर चुकी हैं।उन्होंने कहा कि वह जनता की तो पहले से ही थी लेकिन आज से वह उनके कल्याण की दिशा में काम करेंगी।बेसरा ने कहा कि वह प्रधानमंत्री मोदी के सबका साथ, सबका विकास के नारे से प्रेरित हैं और उसमें सहयोग देने को आतुर हैं।उन्होंने भी दावा किया अभी ओडिशा में परिवर्तन की हवा बह रही है।उन्होंने कहा, यह हवा ओडिशा में सभी को छू रही है। पार्टी के आदर्श में लोगों का विश्वास और भी दृढ़ हुआ है।

हरियाणा की पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल

चंडीगढ़। हरियाणा की पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल कांग्रेस छोड़कर बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गईं। कुछ ही दिन पहले उनके बेटे और उद्योगपति नवीन जिंदल कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। सावित्री जिंदल (84) हिसार में आयोजित एक कार्यक्रम में भाजपा में शामिल हुईं। इस दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और अन्य भाजपा नेता उपस्थित थे। सावित्री ने बुधवार देर रात एक सोशल मीडिया पोस्ट में कांग्रेस छोड़ने के अपने फैसले की घोषणा की। उन्होंने एक पोस्ट कर कहा, मैंने एक विधायक के रूप में 10 वर्ष तक हिसार के लोगों का प्रतिनिधित्व किया और एक मंत्री के रूप में निस्वार्थ भाव से हरियाणा राज्य की सेवा की है। हिसार के लोग मेरा परिवार हैं और अपने परिवार की सलाह पर, मैं आज कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रही हूं। फोर्ब्स इंडिया पत्रिका ने इस साल देश की सर्वाधिक अमीर महिलाओं की सूची में सावित्री जिंदल का नाम शामिल किया था। पत्रिका के अनुसार, प्रसिद्ध उद्योगपति और हरियाणा के पूर्व मंत्री ओ पी जिंदल की पत्नी सावित्री जिंदल की कुल संपत्ति 29.1 अरब डॉलर है। सैनी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हम भाजपा परिवार में दिग्गज कांग्रेस नेता, हरियाणा सरकार में पूर्व मंत्री, प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती सावित्री जिंदल जी और उनकी बेटी श्रीमती सीमा जिंदल जी का स्वागत करते हैं। हरियाणा में कांग्रेस की पूर्ववर्ती भूपेंद्र हुड्डा सरकार में सावित्री जिंदल मंत्री थीं। वर्ष 2014 के चुनाव में सावित्री हिसार सीट पर भाजपा के डॉ. कमल गुप्ता से हार गई थीं। गुप्ता वर्तमान में नायब सिंह सैनी सरकार में मंत्री हैं। सावित्री जिंदल के बेटे और उद्योगपति नवीन जिंदल कांग्रेस छोड़कर रविवार को भाजपा में शामिल हुए। नवीन को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कुरूक्षेत्र से भाजपा का उम्मीदवार बनाया गया है। सैनी और खट्टर द्वारा पार्टी में स्वागत किए जाने के बाद सावित्री जिंदल ने कहा, हम एक बार फिर (प्रधानमंत्री नरेंद्र) मोदी के नेतृत्व में केंद्र में एक मजबूत सरकार बनाने के लिए मिलकर काम करेंगे। न्होंने कहा, हमें मोदी परिवार का सदस्य बनाने के लिए मैं भाजपा के प्रत्एक पदाधिकारी और कार्यकर्ता का आभार व्यक्त करती हूं। हम पार्टी की उम्मीदों पर खरे उतरेंगे। उन्होंने कहा कि पिछली खट्टर सरकार के तहत हरियाणा में अभूतपूर्व विकास हुआ। सावित्री जिंदल ने कहा, मैं 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण से प्रभावित हूं। साल 2005 में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में जान गंवाने वाले अपने पति ओ.पी. जिंदल को याद करते हुए उन्होंने कहा कि उनका विचार था कि दलित और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के उत्थान से भारत एक महान राष्ट्र बन सकता है। सावित्री ने कहा, उन्होंने (ओ. पी. जिंदल) 1991 में इसी प्रतिज्ञा के साथ राजनीति में प्रवेश किया था। मार्च 2005 में उनके निधन के बाद, मैंने उनके सपनों को साकार करने के लिए राजनीति में प्रवेश किया। उन्होंने कहा, हिसार मेरी जन्मभूमि और कर्मभूमि है। हिसार के लोगों ने हमेशा अपना प्यार बरसाया है और मैंने भी उन्हें अपने परिवार का हिस्सा माना है। सावित्री जिंदल ने कहा कि आज देश को भाजपा और मोदी की जरूरत है।इस अवसर पर सैनी ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार ने पिछले 10 वर्षों में बहुत सारे विकास कार्य किए हैं।

बिहार में प्रथम चरण के तहत 70 से अधिक उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए

पटना, नई दिल्ली (भाषा)। लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के तहत बिहार की चार सीट के लिए 70 से अधिक उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। जिन चार सीट पर 19 अप्रैल को पहले चरण में मतदान होगा उनमें सबसे अधिक 22 उम्मीदवार गया सीट पर हैं जबकि औरंगाबाद में 21, नवादा में 17, और जमुई में 12 प्रत्याशी हैं। प्रथम चरण के लिए दाखिल किए गए नामांकन पत्रों की जांच 30 मार्च को होनी है जबकि दो अप्रैल नाम वापसी की अंतिम तिथि है। सभी चार सीट पर प्रदेश में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और विपक्षी गठबंधन इंडिया के बीच सीधा मुकाबला होने की संभावना है और अंतिम दिन दोनों गठबंधनों से तीन-तीन उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। राजग के उम्मीदवारों पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने गया सीट से, विवेक ठाकुर ने नवादा और अरुण भारती ने जमुई से अपना नामांकन दाखिल किया।

बिहार में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के उम्मीदवारों अभय कुशवाहा (औरंगाबाद), अर्चना रविदास (जमुई) और कुमार सर्वजीत (गया) ने भी नामांकन पत्र दाखिल किए। राजद इंडिया गठबंधन में शामिल है। इंडिया गठबंधन द्वारा सामूहिक तौर सीट बंटवारे की घोषणा किए बिना ही बिहार में लगभग एक दर्जन सीट पर राजद ने एकतरफा उम्मीदवार उतारकर सबको चौंका दिया है। राजद ने औरंगाबाद सीट पर जद(यू) से आए अभय कुशवाहा को टिकट दिया है। औरंगाबाद से कांग्रेस के पूर्व सांसद निखिल कुमार को चुनावी मैदान में उतारे जाने की चर्चा थी, लेकिन राजद ने कुशवाहा को उम्मीदवार बना दिया।

औरंगाबाद से भाजपा के मौजूदा सांसद सुशील कुमार सिंह ने इस सप्ताह की शुरुआत में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था। हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के प्रमुख 79 वर्षीय जीतन राम मांझी ने प्रदेश भाजपा प्रमुख और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जदयू के मंत्री श्रवण कुमार और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान की उपस्थिति में गया (सुरक्षित) सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। जमुई के लिए रवाना होने से पहले राजग नेताओं ने जनसभा को संबोधित भी किया। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने चिराग पासवान के बहनोई अरुण भारती को जमुई (सुरक्षित) सीट से चुनावी मैदान में उतारा है। चिराग लगातार दो बार लोकसभा में जमुई का प्रतिनिधित्व करने के बाद अपने पिता दिवंगत रामविलास पासवान की पुरानी सीट हाजीपुर से चुनाव लड़ रहे हैं। नवादा में राज्यसभा सांसद और भाजपा उम्मीदवार विवेक ठाकुर ने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में नामांकन पत्र दाखिल किया।

गिरिराज सिंह 2014 में इस सीट से लोकसभा पहुंचे थे लेकिन 2019 का आम चुनाव उन्होंने बेगुसराय से लड़ा था। राजग उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल करने के समय जहां उनके कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे, वहीं राजद उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल करने के समय पार्टी प्रमुख लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव जैसे शीर्ष पार्टी नेता दिल्ली में होने के कारण अनुपस्थित रहे। इंडिया गठबंधन का प्रादेशिक गठबंधन महागठबंधन हालांकि बिहार तक ही सीमित है लेकिन इसमें शामिल राजद, कांग्रेस और तीन वामपंथी दलों के बीच अभी तक सीट बंटवारे की औपचारिक घोषणा नहीं हुई है।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) दोनों के एक-एक सीट से ही उम्मीदवार खड़ा किए जाने की संभावना है। उन्होंने बेगुसराय और खगड़िया से अपने-अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है।इस बीच, बिहार में महागठबंधन के नेताओं ने कहा कि तेजस्वी यादव शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करेंगे तब देर से ही सही गठबंधन के उम्मीदवारों के बारे में औपचारिक घोषणा होने की संभावना है। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने भी चारों सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। इस बीच, जद(यू) के उम्मीदवार संतोष कुशवाहा ने पूर्णिया लोकसभा सीट से अपने नामाकंन पत्र दाखिल किए, जिसपर दूसरे चरण में मतदान होना है।

दूसरी ओर पूर्व सांसद और झारखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता रहे रामटहल चौधरी बृहस्पतिवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। पश्चिम बंगाल में भारतीय गोरखा परिसंघ नामक संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनीष तमांग जी ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की और अपने संगठन का पार्टी में विलय कर दिया। चौधरी भाजपा के टिकट पर रांची से पांच बार लोकसभा सदस्य रहे। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने उनका टिकट काटकर संजय सेठ को उम्मीदवार बनाया था। इसके बाद वह भाजपा से अलग हो गए थे।

बड़े खुदरा ब्रांड आकर्षित कर रहे हैं अयोध्या, काशी जैसे शहर

नई दिल्ली। आध्यात्मिक पर्यटन के लगातार बढ़ने के बीच खुदरा ब्रांड अयोध्या, वाराणसी, अमृतसर, पुरी, तिरुपति तथा अजमेर जैसे शहरों में अपनी उपस्थिति बढ़ा रहे हैं। साथ ही तीर्थयात्रियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए कई उत्पाद भी पेश कर रहे हैं। रियल एस्टेट सलाहकार सीबीआरई की ओर से बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट डिकोडिंग रियल एस्टेट थ्रू द स्पिरिचुअल टूरिज्म लेंस में इस बात पर भी जोर दिया गया कि खुदरा श्रृंखलाएं भारत के 14 प्रमुख शहरों में आध्यात्मिक पर्यटन में वृद्धि का लाभ उठा रही हैं। रिपोर्ट में अमृतसर, अजमेर, वाराणसी, कटरा, सोमनाथ, शिरडी, अयोध्या, पुरी, तिरुपति, मथुरा, द्वारका, बोधगया, गुरुवायुर और मदुरै को इस खुदरा उछाल के प्रमुख शहरों के रूप में पहचाना गया है। सीबीआरई के अनुसार, खुदरा ब्रांड बढ़ती पर्यटक आबादी की मांग को पूरा करने के लिए स्थापित मॉल समूहों और हाई-स्ट्रीट स्थानों दोनों में रणनीतिक रूप से पेशकश कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि अयोध्या में मान्यवर, रिलायंस ट्रेंड्स, रेमंड्स, मार्केट99, पैंटालून, डोमिनोज, पिज्जा हट और रिलायंस स्मार्ट ने अपने खुदरा स्टोर खोले हैं। मान्यवर, रिलायंस ट्रेंड्स, जूडियो, पैंटालून, शॉपर्स स्टॉप, बर्गर किंग, डोमिनोज़, पिज़ूज़ा हट, मैकडॉनल्ड्स, स्पेंसर, रिलायंस स्मार्ट, क्रोमा और रिलायंस डिजिटल वाराणसी में मौजूद हैं। सीबीआरई के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया, पश्चिम एशिया और अफ्रीका) अंशुमन मैगज़ीन ने कहा, भारत में आध्यात्मिक पर्यटन का तेजी से विस्तार देश के आस्था-आधारित पर्यटन बाजार के विकास को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने और तीर्थ स्थलों के बीच संपर्क में सुधार करने की सरकारी पहल इस विकास को और बढ़ावा दे रही है।

टिकट कटने के बाद सपा सांसद एस.टी. हसन ने कहाः इस बार न तो चुनाव लड़ूंगा, न प्रचार करूंगा

मुरादाबाद। मुरादाबाद लोकसभा सीट से अपना टिकट काटे जाने के बाद समाजवादी पार्टी (सपा) के मौजूदा सांसद एस.टी. हसन ने बृहस्पतिवार को कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की कोई मजबूरी ही रही होगी कि उन्होंने उनका टिकट काट दिया। उन्होंने कहा कि वह इस बार न तो लोकसभा चुनाव लड़ेंगे और न ही प्रचार करेंगे। मुरादाबाद लोकसभा सीट से मंगलवार को नामांकन दाखिल कर चुके हसन ने पीटीआईभाषा से बातचीत में कहा, मैं न तो लोकसभा चुनाव लड़ूंगा और न ही प्रचार करूंगा। इससे पहले, संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा, अखिलेश यादव की शायद कोई मजबूरी होगी जिसके कारण उन्होंने मेरी उम्मीदवारी रद्द कर दी। आखिरी वक्त तक अखिलेश यादव चाहते थे कि मैं मुरादाबाद से ही चुनाव लड़ूं लेकिन पार्टी के कुछ नेताओं ने फिर से नामांकन दाखिल करने के लिए अखिलेश यादव की तरफ से भेजे गए कागजात मुझ तक नहीं पहुंचने दिए। हसन ने कहा, मैं मुरादाबाद में प्रचार नहीं करूंगा। इसके अलावा अखिलेश यादव जहां भी कहेंगे वहां प्रचार करूंगा। रामपुर में पार्टी आजम खां के सुझाए गए प्रत्याशी को उम्मीदवार नहीं बना सकी, इसलिए खां के कहने पर रुचि वीरा को मुरादाबाद से उम्मीदवार बनाया गया है। हसन ने मंगलवार को मुरादाबाद सीट से अपना नामांकन दाखिल किया था। बाद में उनका टिकट काटकर पूर्व विधायक रुचि वीरा को दिए जाने की खबर पर उनके समर्थकों ने इसका कड़ा विरोध किया था। वीरा ने बुधवार को मुरादाबाद से नामांकन दाखिल कर दिया, जिसके बाद पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी को लेकर संशय की स्थिति पैदा हो गई। हालांकि बाद में पार्टी ने वीरा को अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित कर स्थिति स्पष्ट कर दी। हसन 2006 से 2012 तक मुरादाबाद के महापौर रह चुके हैं। वह 2014 के लोकसभा चुनाव में सपा उम्मीदवार के रूप में मुरादाबाद से मैदान में उतरे थे लेकिन भाजपा के कुंवर सर्वेश कुमार सिंह से हार गए थे। पार्टी ने 2019 में हसन को मुरादाबाद से दोबारा अपना उम्मीदवार बनाया था और उन्होंने भाजपा के कुंवर सर्वेश कुमार सिंह को 97,878 मतों से हराकर जीत हासिल की थी।

कांग्रेस प्रत्याशी नकुल नाथ की घोषित संपत्ति करीब 700 करोड़

भोपाल। मध्यप्रदेश में छिंदवाड़ा संसदीय सीट से दोबारा चुनाव लड़ रहे कांग्रेस नेता नकुल नाथ ने करीब 700 करोड़ रुपए की संपत्ति की घोषणा की है। उनके चुनावी हलफनामे से यह जानकारी मिली। नकुल नाथ मध्यप्रदेश से कांग्रेस के इकलौते लोकसभा सदस्य हैं। नकुल नाथ उन 113 उम्मीदवारों में शामिल हैं, जिन्होंने पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। इस चरण के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया बुधवार को समाप्त हो गई। उनके हलफनामे के मुताबिक, पिछले पांच साल में नकुल नाथ की संपत्ति 40 करोड़ रुपए बढ़ गई है। निर्वाचन आयोग को दिए अपने नवीनतम आवेदन में नकुल नाथ ने नकदी, शेयर और बॉण्ड सहित 649.51 करोड़ रुपए की चल संपत्ति और 48.07 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति घोषित की है। गैर-लाभकारी संगठन एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के अनुसार, पूर्व मुख्यमंत्री और प्रभावशाली कांग्रेस नेता कमल नाथ के बेटे नकुल छिंदवाड़ा लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद हैं और वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव जीतने वाले 475 करोड़पति नेताओं की सूची में वह शीर्ष पर थे। एडीआर के अनुसार, उद्यमी नेता ने 2019 में अपने पिता के निर्वाचन क्षेत्र छिंदवाड़ा से चुनाव लड़ने के दौरान 660 करोड़ रुपए की संपत्ति घोषित की थी। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने मध्य प्रदेश की 29 में से 28 सीट पर जीत दर्ज की थी, जबकी एक सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी नकुल नाथ ने जीत दर्ज की थी। एडीआर के अनुसार, छिंदवाड़ा से सफलतापूर्वक चुनाव लड़ने वाले कमल नाथ ने पिछले साल विधानसभा चुनाव से पहले अपने चुनावी हलफनामे में 134 करोड़ रुपए की संपत्ति घोषित की थी। नकुल नाथ अक्सर विमान का उपयोग करते हैं, लेकिन उनके हलफनामे के अनुसार उनके पास कार नहीं है। भाजपा ने नकुल नाथ के खिलाफ विवेक साहू को खड़ा किया है। कांग्रेस 1952 से छिंदवाड़ा लोकसभा सीट पर जीत का सिलसिला जारी रखे हुए है। वह सिर्फ एक बार यहां भाजपा से हारी है। इस सीट पर कमलनाथ ने रिकॉर्ड नौ बार जीत हासिल की थी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने हाल ही में सीधी में एक चुनावी रैली में कहा था, कांग्रेस के एक बड़े नेता, एक बहुत बड़े नेता... अपने घर पर एक नहीं, दो-दो हेलीकॉप्टर रखते हैं। जब वह घर लौटते हैं, तो वह हेलीकॉप्टर को सीधे अपने घर के अंदर उतारते हैं। वह मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। भाजपा प्रत्याशी साहू ने भी जनसंपर्क के लिए हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल करने पर पूर्व मुख्यमंत्री पर निशाना साधा। स्थानीय लोगों के अनुसार, छिंदवाड़ा के शिकारपुर इलाके में स्थित कमलनाथ के आवासीय परिसर में दो हेलीपैड हैं।

झारखंड में भाजपा 13 और आजसू एक सीट पर लड़ेगी चुनाव

नई दिल्ली। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए झारंखड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) के बीच सीटों का तालमेल हो गया है। भाजपा जहां राज्य की 13 सीट पर चुनाव लड़ेगी वहीं आजसू एक सीट पर अपना प्रत्याशी उतारेगी।भाजपा महासचिव अरुण सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड की जनता के हित में भाजपा एवं आजसू के पुराने एवं नैसर्गिक गठबंधन के तहत इस बार लोकसभा के चुनाव में झारखंड के 13 लोकसभा संसदीय क्षेत्र पर भाजपा के प्रत्याशी तथा एक संसदीय क्षेत्र गिरिडीह में आजसू पार्टी को लड़वाने का निर्णय किया है। उन्होंने कहा कि यह गठबंधन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा, झारखंड के सभी 14 में से 14 संसदीय क्षेत्रों पर गठबंधन के उम्मीदवार चुनाव जीतकर 4 जून को 400 के पार लक्ष्य को हासिल करेंगे। भाजपा ने गिरिडीह को अपनी गठबंधन सहयोगी आजसू पार्टी के लिए छोड़कर 13 सीटों पर पहले ही उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। साल 2019 के चुनाव में गिरिडीह से चंद्रप्रकाश चौधरी ने जीत दर्ज की थी।झारखंड में भाजपा और आजसू का गठबंधन है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा ने 11 सीट हासिल की थीं जबकि आजसू पार्टी, कांग्रेस और झामुमो ने राज्य में एक-एक सीट जीती थी।

पेज 1 का शेष

केजरीवाल की...

वह आए और कहा कि मैं दिल्ली में अपने परिवार का धर्मार्थ ट्रस्ट खोलना चाहता हूं। मैंने उनसे कहा कि जमीन हमारे अधीन नहीं आती है, यह उपराज्यपाल (एलजी) के अधीन आती है। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि मगुंटा श्रीनिवास रेड्डी ने एजेंसी को तीन बयान दिए लेकिन केवल एक पर विचार किया गया। उन्होंन कहा, ईडी की 25,000 पन्नों की रिपोर्ट में केजरीवाल के खिलाफ एकमात्र बयान क्यों शामिल किया गया है और अन्य दो बयानों पर विचार नहीं किया गया? मामले में तीनों बयानों को अदालत के संज्ञान में लाया जाना चाहिए था, ताकि वह सच्चाई का फैसला कर सके। उन्होंने कहा कि सरथ चंद्र रेड्डी, जो अपने नाम का उल्लेख करते हुए बयान देने वाले चौथे व्यक्ति थे, ने अपनी गिरफ्तारी से पहले अपने दो बयानों और गिरफ्तार होने के बाद नौ बयानों में मुख्यमंत्री के खिलाफ कुछ भी नहीं कहा। उन्होंने कहा, छह महीने तक जेल में रखे जाने के बाद, उन्होंने (सरथ चंद्र रेड्डी) आखिरकार हार मान ली और 25 अप्रैल, 2023 को एक और बयान दिया। उन्होंने मेरे खिलाफ केवल यही कहा था कि वह विजय नायर के साथ सीएम से मिलने गए थे। बृहस्पतिवार को शहर की एक अदालत में पेश किए जाने से कुछ मिनट पहले केजरीवाल से सक्सेना के बयान के बारे में पूछा गया। मुख्यमंत्री ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा, यह एक राजनीतिक साजिश है। जनता इसका जवाब देगी।

टिकट न मिलने...

मौत होने के मामले में बदल दिया जाएगा। अस्पताल के अधिकारियों ने शव को पुलिस को सौंप दिया जो उसे पोस्टमार्टम के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट (आईआरटी) मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गई। पार्टी के सूत्रों ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद उनके शव को यहां से 15 किलोमीटर दूर कुमारवलासु गांव ले जाया जाएगा और वहीं उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। गणेशमूर्ति 2019 में सांसद चुने गए थे। उन्होंने इससे पहले 1998 में पलानी और 2009 में इरोड से लोकसभा चुनाव जीता था। गणेशमूर्ति के परिवार में एक बेटा और एक बेटी है। वाइको ने कोयंबटूर में संवाददाताओं से कहा, वह एक साहसी और दृढ़निश्चई नेता थे। इस बात में रत्ती भर की भी सच्चाई नहीं है कि गणेशमूर्ति ने दोबारा लोकसभा चुनाव का टिकट न मिलने पर आत्महत्या की कोशिश की। चेन्नई में अपने कॉलेज के दिनों के दौरान दिवंगत नेता के साथ बिताए गए पलों को याद करते हुए वाइको ने कहा कि दोनों ने पार्टी (तत्कालीन द्रमुक) को विकसित करने के लिए कड़ी मेहनत की थी।

खत्म हुआ...

उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा, ‘कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पूरे राज्य में धारा-144 लागू कर दी गई है। हम स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। इसके अलावा बांदा, मऊ, गाजीपुर और वाराणसी जिलों में फोर्स की विशेष तैनाती की गई है। महानिदेशक ने कहाकि इन जिलों में स्थानीय पुलिस के साथ केंद्रीय अनुसंधान पुलिस बलों की टीम तैनात की जा चुकी हैं। जमीनी स्तर पर स्थिति को नियंत्रित करने के अलावा ऑनलाइन माध्यमों पर नजर रखने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस के सोशल मीडिया प्रकोष्ठ को सक्रिय कर दिया गया है।

भारत-चीन....

सिद्धांतों का सख्ती से पालन करने, जमीन पर स्थिति को भड़कने से रोकने और सुरक्षा के लिए पिछले विघटनकारी ताकतों को रोकने पर सहमति व्यक्त की। चीनी विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा, सीमा क्षेत्र में शांति बनी रहे। पैंगोंग झील क्षेत्र में हिंसक झड़प के बाद 5 मई, 2020 को पूर्वी लद्दाख सीमा पर गतिरोध पैदा हो गया था। जून 2020 में गलवान घाटी में झड़प के बाद दोनों देशों के बीच संबंध में गिरावट आई, जो कई दशकों में दोनों पक्षों के बीच सबसे गंभीर सैन्य संघर्ष था। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 11 मार्च को नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में कहा था कि भारत इस मुद्दे पर निष्पक्ष और उचित परिणाम खोजने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन ऐसा जो समझौतों का सम्मान करता हो और वास्तविक नियंत्रण रेखा को मान्यता देता हो। उन्होंने यह भी कहा, मुझे लगता है कि यह हमारे साझा हित में है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर हमारे पास इतनी अधिक सेनाएं नहीं होनी चाहिए। जयशंकर ने यह भी कहा कि पिछले चार वर्षों के दौरान हमने देखा है कि यह तनाव दोनों के लिए अच्छा नहीं रहा है।

भाजपा से....

हूं और मेरे दरवाजे आपके लिए हमेशा पहले जैसे ही खुले रहेंगे। मैं राजनीति में आम आदमी की आवाज उठाने आया था और आज आपसे यही आशीर्वाद मांगता हूं कि सदैव यह कार्य करता रहूं। भले ही उसकी कोई भी कीमत चुकानी पड़े। तीन दशक में पहली बार मेनका गांधी और उनके पुत्र वरुण गांधी दोनों ही पीलीभीत सीट के लिए चुनाव मैदान में नहीं हैं। नेपाल से लगने वाली तराई पट्टी पर स्थित पीलीभीत से इस बार वरुण को टिकट न मिलना आश्चर्यजनक नहीं है क्योंकि किसानों, स्वास्थ्य, रोजगार जैसे मुद्दों को लेकर वह कई बार भाजपा की आलोचना कर चुके हैं। वरुण की मां मेनका सुलतानपुर संसदीय सीट का प्रतिनिधित्व कर रही हैं और भाजपा ने इसी सीट से उन्हें दोबारा टिकट दिया है। पीलीभीत सीट का प्रतिनिधित्व 1996 से मेनका गांधी या उनके पुत्र वरुण करते रहे हैं। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के चचेरे भाई वरुण गांधी वर्ष 2009 में तथा 2019 में पीलीभीत से भाजपा के सांसद चुने गए थे। वरुण की मां मेनका गांधी ने वर्ष 1989 में जनता दल की उम्मीदवार के रूप में पीलीभीत सीट जीती थी। उन्हें 1991 में पराजय मिली थी लेकिन 1996 में उन्होंने इस सीट से एक बार फिर जीत हासिल की थी। उन्होंने 1998 और 1999 में एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में पीलीभीत से जीत हासिल की थी। मेनका बाद में 2004 और 2014 में भाजपा उम्मीदवार के रूप में पीलीभीत से सांसद बनीं। वरुण गांधी 2009 और 2019 में भाजपा के टिकट पर पीलीभीत से सांसद बने थे।

इलेक्शन किंग....

उनके कागजात जांच के दौरान खारिज कर दिए गए क्योंकि उनके नाम का प्रस्ताव करने के लिए कोई सांसद नहीं थे। यह अकारण नहीं है कि पद्मराजन नामांकन दाखिल करते हैं और चुनाव में हार जाते हैं। उन्होंने बताया, यह मेरी वजह से है कि चुनाव आयोग ने चुनाव प्रचार के दौरान किसी स्वतंत्र उम्मीदवार की मृत्यु या हत्या होने पर चुनाव स्थगित करने का प्रावधान पेश किया। तब तक चुनाव तभी रद्द किये जाते थे जब उम्मीदवार मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से हो। 1996 के आम चुनाव में पद्मराजन ने देश के पांच राज्यों में फैले पांच लोकसभा क्षेत्रों और तीन विधानसभा क्षेत्रों से नामांकन पत्र दाखिल करके एक तरह का रिकॉर्ड बनाया। पद्मराजन ने हंसते हुए कहा, इससे चुनाव आयोग को उन राज्यों की संख्या सीमित करने के लिए एक कानून बनाना पड़ा जहां से एक उम्मीदवार चुनाव लड़ सकता है। उनका एकमात्र जुनून यह है कि वह नामांकन पत्र दाखिल करने वाले पहले उम्मीदवार बन

दिव्यांगों के अनुकूल बुनियादी ढांचा विकसित हो : मुर्मू

● इंजीनियरिंग सेवा अधिकारियों से की अपील -किफायती ऊर्जा खपत वाले उपकरण पर दें जोर

भाषा। नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को इंजीनियरिंग सेवा अधिकारियों के एक समूह से किफायती ऊर्जा खपत वाला और दिव्यांगों के अनुकूल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा विकसित करने को कहा। मुर्मू ने अभियंताओं से अपने दृष्टिकोण में नवीनता लाने को भी कहा ताकि वे उभरती चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपट सकें। राष्ट्रपति केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (2022 और 2023 बैच) के सहायक कार्यकारी अभियंताओं (सिविल, इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल) के एक समूह को संबोधित कर रही थीं। इन अभियंताओं ने यहां राष्ट्रपति भवन में मुर्मू से मुलाकात की थी। उन्होंने युवा अधिकारियों से सामाजिक विवेक के साथ अभियंत्रण का अभ्यास करने को कहा। मुर्मू ने कहा, यह सुनिश्चित करना आपका कर्तव्य है कि आपके द्वारा डिजाइन किए गए सार्वजनिक बुनियादी ढांचे दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों के इस्तेमाल के लिए सुगम होना चाहिए, चाहे वह कार्यालय हो, आवास या सड़क हो। यह पहलू परियोजनाओं की योजना और कार्यान्वयन का अभिन्न अंग बनना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा, आपके द्वारा बनाई जाने वाली इमारतें, सड़कें और अन्य बुनियादी ढांचे टिकाऊ किफायती ऊर्जा खपत वाले और पर्यावरण के अनुकूल होने चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया, आपको अपने दृष्टिकोण में नवोन्वेषी होना चाहिए ताकि आप उभरती चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपट सकें। मुर्मू ने कहा कि थ्री-डी प्रिंटिंग के युग में भवन निर्माण तकनीक में व्यापक बदलाव आया है। उन्होंने कहा, बुनियादी ढांचे और निर्माण परियोजनाओं को अब जलवायु-अनुकूल और ऊर्जा खपत की दृष्टि से किफायती बनाया जा सकता है। मुर्मू ने कहा कि हरित निर्माण समय की मांग है। राष्ट्रपति ने कहा, निर्माण के नवीन तरीकों में इस क्षेत्र में बदलाव की क्षमता है। मुर्मू ने इंजीनियरिंग सेवा में बहुत कम महिलाओं के शामिल होने के कारणों की जांच का भी सुझाव दिया। मैं निर्णयकर्ताओं के विचारार्थ एक बिंदु छोड़ना चाहूंगी। मुझे बताया गया है कि इस सेवा में बहुत कम महिलाएं आती हैं। इस साल (महिलाओं का) कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। आपको न केवल निर्माण प्रक्रिया में तेजी लानी होगी, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना होगा कि महत्तम संसाधनों का इस्तेमाल करके कचरे को कम किया जा सके। कृत्रिम मेधा, मशीन लर्निंग, रोबोट, ड्रोन जैसी नई और उभरती प्रौद्योगिकियां पारंपरिक सोच को बाधित कर रही हैं।

दूसरों को धमकाना और धौंस दिखाना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति : मोदी

भाषा। नई दिल्ली

वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा समेत कुछ अन्य वकीलों की ओर से प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर न्यायपालिका पर दबाव डालने और अदालतों को बदनाम करने के प्रयास के आरोप लगाए जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस पर निशाना साधा और दावा किया कि दूसरों को धमकाना और धौंस दिखाना विपक्षी पार्टी की पुरानी संस्कृति है। प्रधान न्यायाधीश को लिखे गए पत्र में आरोप लगाया है कि एक निहित स्वार्थी समूह बेकार के तर्कों और घिसे-पिटे राजनीतिक एजेंडा के आधार पर न्यायपालिका पर दबाव डालने और अदालतों को बदनाम करने का प्रयास कर रहा है। इस पत्र की प्रति के साथ एक्स पर की गई एक पोस्ट को टैग करते हुए प्रधानमंत्री ने लिखा, दूसरों को धमकाना और धौंस दिखाना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति है। पांच दशक पहले ही उसने एक प्रतिबद्ध न्यायपालिका का आह्वान किया था। वे बेशर्मी से अपने स्वार्थी हितों के लिए दूसरों से प्रतिबद्धता चाहते हैं लेकिन राष्ट्र के प्रति किसी भी प्रतिबद्धता से दूर रहते हैं। उन्होंने दावा किया, कोई आश्चर्य नहीं कि 140 करोड़ भारतीय उन्हें खारिज कर रहे हैं। आधिकारिक सूत्रों द्वारा साझा किए गए पत्र में बिना नाम लिए वकीलों के एक वर्ग पर निशाना साधा गया है और आरोप लगाया गया है कि वे दिन में राजनेताओं का बचाव करते हैं और फिर रात में मीडिया के माध्यम से न्यायाधीशों को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं।

एक अप्रैल को 2000 का नोट बदलने, जमा करने की सुविधा नहीं: रिजर्व बैंक

भाषा। मुंबई

बैंकों में वार्षिक लेखाबंदी से जुड़े कार्यों के कारण 2000 रुपए के बैंक नोट को बदलने या जमा करने की सुविधा एक अप्रैल, 2024 यानी सोमवार को उपलब्ध नहीं होगी। आरबीआई ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि अगले दिन मंगलवार को यह सुविधा केंद्रीय बैंक के 19 क्षेत्रीय कार्यालयों में बहाल हो जाएगी।आरबीआई ने कहा, वार्षिक लेखाबंदी से जुड़े कार्यों के कारण भारतीय रिजर्व बैंक के 19 क्षेत्रीय कार्यालयों में 2000 रुपए के बैंक नोटों के विनिमयाजमा की सुविधा एक अप्रैल, 2024 दिन सोमवार को उपलब्ध नहीं होगी। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2000 रुपए के नोट को वापस लेने की घोषणा की थी।बैंक ने बताया कि 29 फरवरी को कारोबारी घंटों की समाप्ति तक 2000 रुपए के लगभग 97.62 प्रतिशत नोट बैंकिंग तंत्र में वापस आ चुके हैं और सिर्फ 8,470 करोड़ रुपए के नोट अब भी जनता के पास हैं।

मणिपुर सरकार ने ईस्टर को कार्यदिवस घोषित करने का आदेश वापस लिया

इंफाल। मणिपुर सरकार ने 31 मार्च यानी ईस्टर रविवार को कार्य दिवस के रूप मे घोषित करने के अपने एक दिन पुराने आदेश को बृहस्पतिवार को वापस ले लिया। ईसाई समुदाय के विरोध के बाद आदेश वापस लिया गया है। दुनिया भर मे ईसाई ईस्टर त्योहार मनाते है, जो ईशु मसीह को सूली पर चढ़ाए जाने के तीसरे दिन उनके पुनर्जीवित होने का प्रतीक है। राज्य सरकार ने बुधवार को एक अधिसूचना मे कहा था कि वित्तीय वर्ष के आखिरी कुछ दिनो मे शनिवार और रविवार होने के बावजूद कार्यालयो के सुचारू कामकाज के मद्देनजर 30 और 31 मार्च को सरकारी विभागो मे कार्य दिवस होगे।

टाटा नमक का अभियान

टाटानगर। भारत के आयोडीन युक्त नमक के अग्रणी ब्रांड, टाटा साल्ट ने अपनी मशहूर जिंगल, नमक हो टाटा का, टाटा नमक के साथ एक अनूठा अभियान शुरू किया है । विभिन्न मीडिया प्लेटफार्म पर शुरू किया, यह अभियान देश का नमक के रूप में ब्रांड की सर्वव्यापकता का प्रदर्शन करता है, और नये और युवा भारत की नब्ज पर भी हाथ रखता है। नमक हो टाटा का, टाटा नमक जिंगल का नया रूप उपभोक्ताओं को आश्चर्यचकित और खुश करेगा,यह देश भर में हर घर में अपनी स्थायी उपस्थिति को नए परिप्रेक्ष्य में पेश करता है। दीपिका भान, अध्यक्ष, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने कहा, टाटा साल्ट भारत के सबसे भरोसेमंद और जिम्मेदार ब्रांडों में से एक है।

मैकेनिकों को सशक्त और जागरूक बनाने पर जोर

आगरा। एसकेएफ इंडिया ने व्यापक राष्ट्रव्यापी ट्रक एक्टिवेशन अभियान, इंस्टॉल कॉन्फिडेंस, इंस्टॉल एसकेएफ शुरू करने की घोषणा की है, जो विशेष रूप से व्यावसायिक वाहनों के मैकेनिकों के लिए तैयार किया गया है। यह ट्रक 30 मार्च से 8 अप्रैल के बीच उत्तर प्रदेश के आगरा, लखनऊ, गोरखपुर और वाराणसी जैसे शहरों में आगमन करेगा और वहाँ की मैकेनिक कम्युनिटी को जागरूक करेगा। एसकेएफ ऑटोमोटिव इंडिया और दक्षिण पूर्व एशिया के निदेशक अलगेसन थसारी का कहना है- एसकेएफ में, हम उन उद्योगों के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हैं जिनकी हम सेवा करते हैं, जिस समाज का हम हिस्सा हैं, और जिस ग्रह पर हम सभी निवास करते हैं।

युवाओं को जोड़ेंगे

नई दिल्ली। भारत के सबसे विश्वसनीय स्मार्टफोन सेवा प्रदाताए रियलमी ने अपनी प्रतिष्ठित नंबर सीरीज़ में नया स्मार्टफोन रियलमी 12, 5 जी पेश किया है। यह लॉन्च ब्रांड के सफर में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो इसके मेक इट रियल् के सिद्धांत को जीवंत करके युवा आबादी की डायनामिक पसंदों से मेल खा रहा है। यह डिवाईस लगातार विकसित होते हुए स्मार्टफोन के परिदृश्य में गेमचेंजर बन जाएगी। अपने बेहतरीन मूल्य के साथ यह डिवाईस 10,से 12, 000 रुपये के बीच एंट्री लेवल 5जी किलर है, जो अपने प्रतिद्वंदियों को कड़ी टक्कर देगी।

दक्षिण मुंबई के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप

मुंबई। बिजली गुल होने के कारण बृहस्पतिवार रात को दक्षिण मुंबई के कई इलाके अंधेरे मे डूब गए। अधिकारियो ने कहा कि बिजली पारेषण मे बाधा के कारण महापालिका मार्ग, मरीन लाइन्स और क्रॉफर्ड मार्केट जैसे इलाको मे रात करीब 8:35 बजे बिजली गुल हो गई। उन्होने कहा कि आपूर्ति बहाल करने के लिए प्रयास जारी है।

विवाद में महिला की पीट-पीट कर हत्या

चतरा। झारखंड के चतरा जिले मे दो गुटो के बीच घरेलू विवाद मे 43 वर्षीय एक महिला की कथित तौर पर पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यह घटना झारखंड की राजधानी रांची से करीब 170 किलोमीटर दूर कक्कनातू गांव मे मंगलवार को हुई।

भारत की सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित : राजनाथ सिंह

भाषा। नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत की सीमाएं पूरी तरह से सुरक्षित हैं और देश के लोगों को सशस्त्र बलों पर पूरा भरोसा होना चाहिए। एक समिट के समापन दिवस पर बातचीत के दौरान अग्निवीर योजना की आलोचना को लेकर एक सवाल पर मंत्री ने कहा कि ऐसे सवालों का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि हर कोई मानता है कि सशस्त्र बलों का युवा स्वरूप होना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने लगभग 50 साल लंबे अपने राजनीतिक सफर के किस्से भी साझा किए। यह पूछे जाने पर कि भारत-चीन सीमा मुद्दे पर विपक्षी दलों सहित कई लोगों द्वारा उठाए गए सवालों पर उन्होंने क्या प्रतिक्रिया दी, सिंह ने कहा कि वे कभी उनसे परेशान नहीं हुए। सिंह ने कहा, देश के हितों को ध्यान में रखते हुए, मैं उन्हें (विपक्षी दलों को) जो कुछ भी बता सकता हूं, बताता हूं। लेकिन रक्षा क्षेत्र में कई चीजें हैं जिनका रणनीतिक महत्व है और हम उन्हें सार्वजनिक रूप से नहीं बता सकते। हम उन चीजों को बताने से बचने की कोशिश करते हैं, चाहे वह उत्तरी, पश्चिमी या पूर्वी क्षेत्र (के बारे में) हो या कुछ और। रक्षा मंत्री ने कहा, मैं देश के लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं...उन्हें हमारी सेना और सुरक्षा कर्मियों पर पूरा भरोसा होना चाहिए। पूर्वी लद्दाख में कुछ स्थानों पर भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच साढ़े तीन साल से अधिक समय से गतिरोध है। वहीं, दोनों पक्षों ने व्यापक राजनयिक और सैन्य वार्ता के बाद कई क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी कर ली है। सिंह ने कहा, पांच साल तक रक्षा मंत्री और उससे पहले गृह मंत्री रहने के दौरान, मैंने जो देखा, समझा और आकलन किया, उसके आधार पर मैं देश के लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हमारी सीमाएं और हमारा देश पूरी तरह से सुरक्षित है। पैंगोंग झील क्षेत्र में हिंसक झड़प के बाद पांच मई, 2020 को पूर्वी लद्दाख सीमा पर गतिरोध पैदा हो गया। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई भीषण झड़प के बाद भारत और चीन के बीच संबंधों में तनाव उत्पन्न हो गया। गलवान घाटी की झड़प पिछले कुछ दशकों में दोनों पक्षों के बीच सबसे गंभीर सैन्य संघर्ष था। कई दौर की सैन्य और राजनयिक वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने 2021 में पैंगोंग झील के उत्तरी और दक्षिणी हिस्से और गोगरा क्षेत्र से सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी की। सिंह ने अग्निवीर योजना का बचाव करते हुए कहा कि युवाओं की भर्ती से जोखिम लेने की भावना बढ़ेगी और तकनीक-कुशल सशस्त्र बल तैयार होंगे।

गलत काम करने वालों को कीमत चुकानी होगी : पीयूष गोयल

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को इस आरोप को खारिज कर दिया कि सरकार विपक्षी नेताओं को निशाना बना रही है। इसके साथ ही उन्होने जोर दिया कि जिन लोगो ने गलत काम किया है उन्हे अपनी करनी की कीमत चुकानी होगी।उन्होने कहा कि जांच एजेंसी - केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) - अपना काम करेंगे और उन लोगो को माफ करने का कोई सवाल ही नही है, जिन्होने गलत काम किया है।गोयल सरकार द्वारा विपक्षी नेताओ के खिलाफ केंद्रीय एजेसियो का उपयोग करने और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मे शामिल होने वालो को छूट देने से जुड़े सवालो का जवाब दे रहे थे। उन्होने यहा एक समिट 2024 मे कहा,हमे भारत को भ्रष्टाचार-मुक्त बनाना है। वे (विपक्ष) अपने भ्रष्टाचार को बचाना चाहते है और हमे उसे जड़ से मिटाना है... उन्होने जो भी गलतियां की है, उन्हे उनकी सजा भुगतनी होगी और कानून आपको पकड़ेगा, कानून उन लोगो को पकड़ रहा है जिन्होने गड़बड़ियां की है। विपक्षी दलो के गठबंधन इंडिया के नेताओ के एक प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही मे निर्वाचन आयोग से संपर्क कर आरोप लगाया कि विपक्षी दलो को दबाने के लिए सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा केंद्रीय एजेसी का उपयोग किया जा रहा है।

एनआईए ने रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में मुख्य साजिशकर्ता को गिरफ्तार किया

भाषा। नई दिल्ली

एक बड़ी सफलता के तहत राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी (एनआईए) ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले के एक मुख्य षड्यंत्रकर्ता को गिरफ्तार किया है। एक आधिकारिक बयान में बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी गई। इसमें कहा गया है कि एनआईए की कई टीम द्वारा 18 स्थानों कर्नाटक में 12, तमिलनाडु में पांच और उत्तर प्रदेश में एक स्थान) पर कार्वाई के बाद मुजम्मिल शरीफ को बुधवार को पकड़ा और सह-षड्यंत्रकर्ता के रूप में उसे हिरासत में ले लिया। एनआईए ने तीन मार्च को इस मामले को अपने हाथ में लिया था। एजेंसी ने इसके पहले मुख्य आरोपी के रूप में मुसाविर शाजीब हुसैन की पहचान की थी जिसने विस्फोट को अंजाम दिया था। बयान में कहा गया है कि एक अन्य षड्यंत्रकर्ता अब्दुल मथीन ताहा की भी पहचान की गई है जो अन्य मामलों में भी एजेंसी द्वारा वांछित है। इसमें कहा गया है दोनों आरोपी फिलहाल फरार हैं। एनआईए की जांच से पता चला है कि मुजम्मिल शरीफ ने एक मार्च को बेंगलुरु के आईटीपीएल रोड पर ब्रुकफील्ड स्थित कैफे में आईईडी विस्फोट से जुड़े मामले में पहचाने गए अन्य दो आरोपियों को जरूरी सहायता प्रदान की थी।

शाही परिवार ने हिंदू धर्म की रक्षा के लिए सिराजुद्दौला के खिलाफ लड़ाई लड़ी: अमृता रॉय

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में कृष्णानगर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार राजमाता अमृता रॉय बृहस्पतिवार को भी अपने उस रुख पर कायम रहीं कि बंगाल के तत्कालीन राजा कृष्णचंद्र रॉय ने 1757 में प्लासी की लड़ाई के दौरान अंग्रेजों का साथ दिया था, क्योंकि नवाब सिराजुद्दौला एक अत्याचारी था और उसके शासन के दौरान सनातन धर्म खतरे में था। कृष्णचंद्र रॉय के परिवार से संबद्ध एवं चुनाव में पहली बार कदम रखने वाली अमृता रॉय की इस टिप्पणी ने विवाद पैदा कर दिया है, क्योंकि तृणमूल कांग्रेस यह प्रचार कर रही है कि तत्कालीन महाराजा ने एक सैन्य जनरल मीर जाफर का पक्ष लिया था, जिसने 1757 की प्लासी की लड़ाई में सिराज को हराने में अंग्रेजों को मदद की थी और बाद में राजा बने। मृता रॉय कृष्णानगर लोकसभा सीट पर तृणमूल की उम्मीदवार महुआ मोइत्रा के खिलाफ चुनाव मैदान में हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के कुशासन और भ्रष्टाचारै ने उन्हें राजनीति में शामिल होने और राज्य के लिए विकास कार्य करने को मजबूर किया है।

नक्सल विरोधी अभियान के दौरान विस्फोटक सामग्री और माओवादी साहित्य बरामद

भाषा। गढ़चिरौली

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबलों ने जिलेटिन की कई छड़ें, तार, बैटरी और माओवादी साहित्य बरामद किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने कहा कि सुरक्षाबलों को महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद बुधवार को भुमकन गांव के पास तलाशी अभियान शुरू किया गया था। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के कसनसुर चटगांव दलम और औंधी दलम के सशस्त्र कैडर आगामी लोकसभा चुनाव से पहले विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए इलाके में डेरा डाले हुए हैं। राज्य की गढ़चिरौली-चिमूर (अजजा) लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को पहले चरण में मतदान होगा। राज्य पुलिस के विशेष नक्सल विरोधी बल सी-60 और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के त्वरित कार्वाई दल के सुरक्षाकर्मियों ने यह अभियान चलाया था।

गोविंदा शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल

भाषा। मुंबई

नब्बे के दशक के मशहूर अभिनेता और शानदार हास्य कला व अनोखे नृत्य के लिए चर्चित गोविंदा 14 वर्ष के अंतराल के बाद बृहस्पतिवार को राजनीति में वापसी करते हुए महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ शिवसेना में शामिल हो गए। कांग्रेस के पूर्व लोकसभा सदस्य रहे गोविंदा चुनावी मौसम में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में शिवसेना में शामिल हुए। दशकों लंबे करियर में कई सुपरहिट फिल्म में अभिनय करने वाले गोविंदा ने 2004 के चुनाव में चुनावी राजनीति में धमाकेदार प्रवेश किया था। हीरो नंबर। के अभिनेता गोविंदा ने उस साल बड़ा उलटफेर करते हुए मुंबई उत्तर लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिग्गज नेता राम नाइक को हराया था। शिंदे ने 60 वर्षीय अभिनेता का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि वह समाज के सभी वर्गों में लोकप्रिय हस्ती हैं। इस मौके पर गोविंदा ने कहा कि 2004 से 2009 के बीच राजनीति में उनके पहले कार्यकाल के बाद उन्हें कभी नहीं लगा था कि वह इस क्षेत्र में वापसी करेंगे। अभिनेता ने कहा, मैं 14 वर्ष के वनवास के बाद (राजनीति में) लौटा हूं। गोविंदा का पूरा नाम गोविंदा आहूजा है। उन्होंने कहा कि अगर मौका मिला तो वह कला और संस्कृति के क्षेत्र में काम करेंगे।

पीएचडी दाखिले में 2024-25 से एनईटी में अर्जित अंक का इस्तेमाल होंगे : यूजीसी

नई दिल्ली। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अनुसार राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (एनईटी) में अर्जित अंक (स्कोर) का इस्तेमाल 2024-25 से पीएचडी में दाखिले के लिए किया जाएगा, जिससे विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षा संस्थानों द्वारा अलग-अलग प्रवेश परीक्षाएं आयोजित करने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। एनईटी की परीक्षा साल में दो बार जून और दिसंबर में आयोजित की जाती है। इसमें अर्जित अंक का इस्तेमाल वर्तमान में जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) प्रदान करने और मास्टर डिग्री वाले लोगों के लिए सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्ति की पात्रता के लिए किया जाता है।आयोग ने परीक्षा के प्रावधानों की समीक्षा के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया था और समिति की सिफारिशों के आधार पर इसने निर्णय लिया है कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 से एनईटी में अर्जित अंक का इस्तेमाल पीएचडी कार्यक्रमों में दाखिले के लिए किया जा सकता है। अध्यक्ष जगदीश कुमार ने कहा, शैक्षणिक सत्र 2024-2025 से शुरू होकर, देशभर के विश्वविद्यालयों को पीएचडी कार्यक्रमों में दाखिले के लिए एनईटी में अर्जित अंक का इस्तेमाल करने का मौका मिलेगा, जिससे विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षा संस्थानों द्वारा अलग-अलग प्रवेश परीक्षाएं आयोजित करने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी।

स्नातक में साझा काउंसलिंग पर विचार

नई दिल्ली। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) मेडिकल और इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों की तर्ज पर सीयूईटी अंक (स्कोर) के आधार पर स्नातक पाठ्यक्रमों मे दाखिले के लिए एक साझा काउंसलिंग आयोजित करने पर विचार कर रहा है। सूत्रो ने यह जानकारी दी। सूत्रो ने बताया कि यूजीसी ने इस विचार पर चर्चा करने के लिए विभिन्न विश्वविद्यालयो के अधिकारियो के साथ एक समिति बनाई है और पांच विश्वविद्यालयो को प्रायोगिक आधार पर इसमे शामिल किया गया है। इस संबध मे हालांकि स्थिति स्पष्ट नही की गई है (

मनरेगा के तहत मजदूरी में चार से 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी

भाषा। नई दिल्ली

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी (मनरेगा) योजना के तहत मजदूरी को संशोधित किया गया है और अलग अलग राज्यों में मेहनताने में चार से 10 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है।एक अधिसूचना के अनुसार, अब योजना के तहत अकुशल श्रमिकों को देश में सबसे ज्यादा 374 रुपए प्रति दिन की मजदूरी हरियाणा में मिलेगी जबकि सबसे कम मेहनताना उन्हें अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड में मिलेगा जहां इस योजना के तहत काम करने पर मजदूरों को 234 रुपए प्रति दिन की मजदूरी मिलेगी। सिक्किम की तीन पंचायतों- ग्नथांग, लाचुंग और लाचेन में मजदूरी दर 374 रुपए प्रतिदिन है। लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लगे होने की वजह से निर्वाचन आयोग की मंजूरी के बाद केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने योजना के तहत मिलने वाली मजदूरी में बदलाव की अधिसूचना जारी की। योजना के तहत 2023 की मजदूरी दरों पर बढ़ोतरी की गई है।

क्विक न्यूज

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की पत्नी ने बेटी को जन्म दिया

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की पत्नी गुरप्रीत कौर ने बृहस्पतिवार को एक बेटी को जन्म दिया है। मान ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट साझा कर यह जानकारी दी है। उन्होने अपनी पोस्ट मे लिखा, भगवान ने मुझे उपहार मे एक बिटिया दी। मां और बेटी दोनो स्वस्थ है। मुख्यमंत्री ने एक अन्य पोस्ट मे अपनी नवजात बेटी की तस्वीर साझा की। सूत्रो ने बताया कि बेटी का जन्म मोहाली के एक निजी अस्पताल मे हुआ। मान ने साल 2015 मे अपनी पहली पत्नी से अलग होने के बाद 2022 मे गुरप्रीत कौर से शादी की थी। मान की पहली शादी से एक बेटी और एक बेटा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत विभिन्न लोगो ने मान और उनकी पत्नी को बधाई दी है। दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत से निकलते समय केजरीवाल ने मान को बेटी के जन्म की बधाई दी। ईडी ने आबकारी नीति मामले मे केजरीवाल को राउज एवेन्यू अदालत मे पेश किया था। केजरीवाल ने अदालत के बाहर पत्रकारो से कहा, मान साहब के बेटी हुई है, बहुत-बहुत शुभकामनाएं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पंजाब इकाई के प्रमुख सुनील जाखड़ ने भी मान परिवार को बधाई दी। मान के कैबिनेट सहयोगियो हरपाल सिंह चीमा, अमन अरोड़ा और अनमोल गगन मान ने भी उन्हे बधाई दी।

अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड के जिलों में अफस्पा छह महीने के लिए बढ़ाया गया

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अरुणाचल प्रदेश के तीन जिलो और नगालैंड के आठ जिलो तथा कुछ अन्य क्षेत्रो मे सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (अफस्पा) की अवधि छह और महीने के लिए बढ़ा दी है। मंत्रालय ने इन दोनो पूर्वोत्तर राज्यो मे कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया। अफस्पा अशांत क्षेत्रो मे काम करने वाले सशस्त्र बलो के कर्मियो को सार्वजनिक व्यवस्था के रखरखाव के लिए आवश्यक समझे जाने पर तलाशी लेने, गिरफ्तार करने और गोली चलाने की व्यापक शक्तियां प्रदान करता है। सशस्त्र बलो के अभियानो को सुविधाजनक बनाने के लिए अफस्पा के तहत किसी क्षेत्र या जिले को अशांत क्षेत्र के रूप मे घोषित किया जाता है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना मे कहा कि केंद्र सरकार ने सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम, 1958 की धारा-3 द्वारा प्रदत्त शक्तियो का प्रयोग करते हुए अरुणाचल प्रदेश मे तिरप, चांगलांग और लोंगडिंग जिलो तथा अरुणाचल प्रदेश के नामसाई जिले मे नामसाई, महादेवपुर और चौखम पुलिस थानाक्षेत्रो मे आने वाले इलाके को एक अप्रैल 2024 से छह माह की अवधि के लिए अशांत क्षेत्र के रूप मे घोषित किया गया है।

श्रावस्ती में बच्चों के कुपोषण में आई कमी

श्रावस्ती। उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती जिले में कुपोषण से लड़ने में बड़ी सफलता मिली है। बाल कल्याण के क्षेत्र में प्रयासरत संगठन बाल रक्षा भारत की पहल से क्षेत्र में बच्चों के पोषण की स्थिति में सुधार आया है। बाल रक्षा भारत ने यहां की 167 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा संगिनियों और एएनएम को पोषण ट्रैकर व ई.कवच एप्लिकेशन का प्रयोग करने और ट्रिपल बर्डन केस ऑफ मालन्यूट्रिशन टीबीएमकी रिपोर्टिंग एवं उनके दस्तावेजीकरण को लेकर प्रशिक्षित किया है। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप सीवियर एक्यूट मालन्यूट्रिशन और मॉडरेट एक्यूट मालन्यूट्रिशन के मामलों में उल्लेखनीय कमी आई है। यहां जून 2023 में इफिशिएंसी ऑफन्यूट्रिशन रेट 92.77 प्रतिशत था, जो जनवरी 2024 में 98.11 प्रतिशत पर पहुंच गया। यहां के 177 आंगनवाड़ी केंद्रों में से 95 ने 100 प्रतिशत मेजरमेंट इफिशिएंसी प्राप्त कर ली है। आकांक्षी ब्लॉक को मजबूत करने की पहलद्ध के सफल क्रियान्वयन से 28,000 से अधिक बच्चों को लाभ हुआ है। इस प्रोजेक्ट का लक्ष्य नीति आयोग की तरफसे चुने गए उत्तर प्रदेश के आकांक्षी जिले श्रावस्ती के आकांक्षी ब्लॉक जमुनहा में पोषण की स्थिति सुधारना और सरकारी सेवाओं तक पहुंच को विस्तार देना है। इस उपलब्धि आईएएस एवं आईसीडीएस डायरेक्टर उत्तर प्रदेश सरनीत कौर ने बधाई दी। बाल रक्षा भारत के सीईओ सुदर्शन सुची ने कहा कि स्ट्रेंथनिंग एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम् के साथ हमारा मिशन यह सुनिश्चित करना है कि जमुनहा ब्लॉक के प्रत्येक बच्चे को स्वस्थ और टिकाऊ जीवन के लिए पर्याप्त पोषण मिले।

गुड़ व चना से रक्त बढ़ाया जा सकता

नोएडा। होम्योपैथिक चिकित्सकों में सुमार डॉ एके द्विवेदी अल्प प्रवास पर लखनऊ में थे। उन्होंने कहा कि रक्त से जुड़ी सभी समस्यायों का समाधान घर में उपलब्ध खाद्य पदार्थों जैसे गुड़ चना से रक्त बढ़ाया जा सकता है होम्योपैथी चिकित्सा शरीर में रक्त बढ़ाने एवं ब्लीडिंग रक्तश्राव रोकने में काफी कारगर है। उल्लेखनीय है कि डॉ एके द्विवेदी देश के ऐसे होम्योपैथी चिकित्सक हैं जो अप्लास्टिक एनेमिया, सिकल सेल सहित बोन मैरो की समस्या जैसी कई अन्य असाध्य बिमारियों के इलाज के लिए जाने जाते हैं। डॉ द्विवेदी सम्पूर्ण देश में एनीमिया के लिए लोगों को जागरूक करने का वीणा उठाए हुए हैं उनका मानना है कि एनीमिया सभी बिमारियों की जननी है जब शरीर में रक्त की कमी होगी तब टिशू लेवल तक ऑक्सीजन नहीं पहुँचता है जिससे शरीर में कमजोरी थकान चिड़चिड़ापन लगता है कभी कभी स्वांस की परेशानी दम भरने जैसा भी भी लग सकता है रोगप्रतिरोधक क्षमता कम होने लगती है जिसके कारण बार बार व्यक्ति बीमार होने लगता है। डॉ द्विवेदी ने बताया कि देश में प्रत्येक वर्ष विश्व होम्योपैथी दिवस का आयोजन नई दिल्ली में वृहद स्तर पर 10 अप्रैल को होता है इस वर्ष भी विश्व होम्योपैथी दिवस 2024 का आयोजन का आयोजन 10 और 11 अप्रैल 2024 को यशोभूमि इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर, द्वारका, नई दिल्ली में इंदौर के सुप्रशिद्ध होम्योपैथी चिकित्सक एवं सीसीआरएच, आयुष मंत्रालय के वैज्ञानिक सलाहकार मंडल के सदस्य डॉ एके द्विवेदी विशेष रूप से इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

तंबाकू पर नियंत्रण से बचेगी लाखों की जान

मुंबई। हाल ही में लक्ष्मी रामामूर्ति, ट्रस्टी, सेंटर फॉर पब्लिक पॉलिसी रिसर्च ने देश में नीति बनाने के स्तर पर तम्बाकू के नुकसान को कम कैसे किया जा सकता है, इस बारे में अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भारत में ई-सिगरेट पर प्रतिबंध लग

जयशंकर की मलेशिया यात्रा ने उन्नत रणनीतिक साझेदारी को और आगे बढ़ाने का अवसर दिया

भाषा। कुआलालंपुर

विदेश मंत्री एस जयशंकर की मलेशिया यात्रा और देश के शीर्ष नेताओं के साथ उनकी मुलाकात उन्नत द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को और बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराने का अवसर प्रदान करने वाली थी। बृहस्पतिवार को एक आधिकारिक बयान में यह बात कही गई।

जयशंकर सिंगापुर, फिलीपीन और मलेशिया की अपनी यात्रा के अंतिम चरण में 27 और 28 मार्च को कुआलालंपुर में थे।

भारत के विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, उन्होंने मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर बिन इब्राहिम से मुलाकात की और भारत-मलेशिया उन्नत रणनीतिक साझेदारी के तहत द्विपक्षीय संबंधों को और गहन करने में उनके समर्थन के लिए आभार जताया।

इसमें कहा गया कि जयशंकर की मलेशिया यात्रा ने उन्नत रणनीतिक साझेदारी को और आगे बढ़ाने तथा मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराने का अवसर प्रदान किया।

आधिकारिक बरनामा समाचार एजेंसी के अनुसार, अनवर ने मलेशिया में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) का शाखा परिसर स्थापित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

प्रधानमंत्री ने चावल की कमी का सामना कर रहे मलेशिया की मदद के लिए भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा की और भारत से कृषि उत्पादों के सुगम आयात की उम्मीद जताई।

अनवर ने आशा व्यक्त की, मलेशिया-भारत संबंध दोनों मित्रवत देशों के लोगों के फायदे के लिए फलते-फूलते रहें।

जयशंकर ने मलेशिया के विदेश मंत्री मोहम्मद बिन हाजी हसन से भी मुलाकात की और राजनीतिक, व्यापार और अर्थव्यवस्था, रक्षा, डिजिटल, सांस्कृतिक तथा शिक्षा समेत द्विपक्षीय सहयोग पर व्यापक मंथन किया।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों विदेश मंत्रियों ने क्षेत्रीय एवं वैश्विक हित के मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

जयशंकर ने डिजिटल मंत्री गोबिंद सिंह देव से भी मुलाकात की।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि मलेशिया आसियान में और भारत की एक्ट ईस्ट नीति में उसका प्रमुख साझेदार है।

पाकिस्तानः नौ मई की हिंसा के मामले में सैन्य अदालतों को सशर्त फैसला सुनाने की इजाजत

भाषा। इस्लामाबाद

पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को सैन्य अदालतों को केवल नौ मई के उन संदिग्धों के मामलों में फैसला सुनाने की सशर्त इजाजत दी, जिन्हें आगामी ईद त्योहार से पहले रिहा किया जा सकता है।

यह मामला पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पिछले साल नौ मई को देश में भड़की हिंसा के दौरान सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमलों में कथित संलिप्तता के लिए 103 नागरिकों के मुकदमे से संबंधित है।

न्यायालय की छह सदस्ईय पीठ ने 23 अक्टूबर, 2023 को हिंसा को लेकर नागरिकों के खिलाफ सैन्य अदालतों के मुकदमे को रद्द करने संबंधी अपने पूर्व के सर्वसम्मत फैसले के खिलाफ अपील पर सुनवाई की। पीठ में न्यायमूर्ति अमीनुद्दीन खान, न्यायमूर्ति मुहम्मद अली मजहर, न्यायमूर्ति सैयद अजहर हसन रिजवी, न्यायमूर्ति शाहिद वहीद, न्यायमूर्ति मुसर्त हिलाली और न्यायमूर्ति इरफान सआदत खान शामिल रहे।

न्यायमूर्ति इजाजुल अहसन, न्यायमूर्ति मुनीब अख्तर, न्यायमूर्ति याह्या अफरीदी, न्यायमूर्ति सैयद मजार अली अकबर नकवी और न्यायमूर्ति आयशा मलिक की पांच सदस्ईय पीठ ने सर्वसम्मति से फैसला सुनाया था कि सैन्य अदालतों में आरोपी नागरिकों पर मुकदमा चलाना देश के संविधान के खिलाफ है। पीठ ने यह भी कहा था कि आरोपी नागरिकों पर फौजदारी अदालतों में मुकदमा चलाया जाना चाहिए।

अदालत ने पिछले साल 13 दिसंबर को अपील पर फैसला आने तक 5-। के बहुमत से फैसले को निलंबित कर दिया। अपील तत्कालीन कार्यवाहक संघीय सरकार और बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा और पंजाब प्रांतों के साथ-साथ रक्षा मंत्रालय द्वारा दायर की गईं थीं।

अदालत ने 25 मार्च को पिछली सुनवाई के दौरान, अधिकारियों से हिंसक घटनाओं में कथित संलिप्तता के लिए नागरिकों के सैन्य मुकदमों के बारे में विवरण प्रदान करने को कहा था। अदालत ने सभी विवरण 28 मार्च तक प्रस्तुत किए जाने के साथ यह सूचित करने का आदेश दिया था कि कितने संदिग्धों को बरी किया जा सकता है। अटॉर्नी जनरल ने अदालत को बताया कि लगभग 20 संदिग्धों को उनके मुकदमे और सेना प्रमुख द्वारा सजा में रियायत सहित अन्य औपचारिकताओं के पूरा होने के बाद रिहा किया जा सकता है।

हिंसा के मामले में खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के सैकड़ों कार्यकर्ताओं और नेताओं को गिरफ्तार किया गया था। सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमलों में कथित रूप से शामिल लोगों पर सैन्य अदालतों में मुकदमा चलाया गया।

आतंकी हमले के लिए पाक-चीन मित्रता के विरोधी जिम्मेदार : पाकिस्तान

भाषा। इस्लामाबाद

पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार को कहा कि चीन के साथ उसकी दोस्ती के "शत्रु उस आतंकवादी हमले के लिए जिम्मेदार हैं जिसमें चीन के पांच नागरिकों की मौत हो गई थी।

इसके साथ ही पाकिस्तान ने आतंकवादी हमले के अपराधियों को न्याय के दायरे में लाने की प्रतिबद्धता जताई।

पाकिस्तान के अशांत पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर-पख्तूनख्वा में मंगलवार को विस्फोटक से भरे एक वाहन ने एक बस को टक्कर मार दी, जिससे बस में सवार कम से कम पांच चीनी नागरिकों सहित छह व्यक्तियों की मौत हो गई। चीनी नागरिक दासू जलविद्युत परियोजना पर काम कर रहे थे।

विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जाहरा बलूच ने साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पाकिस्तान इस "जघन्य घटनौ के संबंध में चीन की सरकार के संपर्क में है।

उन्होंने दुश्मनों की पहचान उजागर किए बिना कहा, पाकिस्तान और चीन घनिष्ठ मित्र हैं। हमें इस बात को लेकर कोई संदेह नहीं है कि यह आतंकी हमला पाकिस्तान-चीन मित्रता के दुश्मनों द्वारा किया गया था।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान "आतंकवादियों और उनके मददगारों को न्याय के दायरे में लाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है"।

मुमताज जाहरा बलूच ने कहा, "इस तरह के घृणित हमले आतंकवाद से लड़ने के पाकिस्तान के संकल्प को और मजबूत बनाते हैं"। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और चीन मिलकर आतंकवादियों के खिलाफ दृढ़ता से कार्वाई करेंगे।

विदेश कार्यालय की प्रवक्ता ने कहा, "पाकिस्तान में चीनी नागरिकों, परियोजनाओं और संस्थानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पाकिस्तान अपने चीनी भाइयों के साथ मिलकर काम करता रहेगा।

हमले के बाद चीन की एक और कंपनी ने पाकिस्तान में कामकाज बंद किया

भाषा। इस्लामाबाद

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में एक जलविद्युत परियोजना पर आत्मघाती हमले में पांच चीनी नागरिकों के मारे जाने के दो दिन बाद चीन की एक कंपनी ने इसी अशांत प्रांत में एक अन्य जलविद्युत परियोजना में निर्माण कार्य रोक दिया और सैकड़ों श्रमिकों को काम से हटा दिया है। मीडिया में बृहस्पतिवार को आई खबरों में यह जानकारी दी गई।

खैबर पख्तूनख्वा के बिशम इलाके में मंगलवार को विस्फोटक लदा एक वाहन एक बस से टकराया था जिससे उसमें सवार दासू जलविद्युत परियोजना में काम करने वाले पांच चीनी नागरिकों सहित छह व्यक्तियों की मौत हो गई।

किसी आतंकी संगठन ने आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

डॉन अखबार ने सरकारी सूत्रों के हवाले से अपनी खबर में कहा कि चीनी कंपनी पावर कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन ऑफ चीन (पीसीसीसी) ने शांगला जिले में आत्मघाती हमले में चीनी नागरिकों की मौत के बाद प्रांत के स्वाबी जिले में तारबेला जलविद्युत विस्तार परियोजना में निर्माण संबंधी कार्यों को निलंबित कर दिया है। यहां 2,000 से अधिक श्रमिकों को काम से हटा दिया है।

खबर के मुताबिक, कंपनी के परियोजना प्रबंधक ने एक आदेश जारी कर कार्य स्थगित किए जाने की घोषणा की और कहा कि सुरक्षा कारणों के चलते अगले आदेश तक सभी कर्मचारियों और श्रमिकों को हटाया गया है।

चीन की सेना ने अरुणाचल मुद्दे पर अमेरिका की आलोचना की

भाषा। बीजिंग

चीन की सेना ने बृहस्पतिवार को अमेरिका की आलोचना की क्योंकि उसने जोर दिया था कि अरुणाचल प्रदेश भारत का हिस्सा है। इसके साथ ही चीनी सेना ने कहा कि बातचीत एवं परामर्श के जरिए सीमा मुद्दे से ठीक से निपटने के लिए भारत और चीन के पास परिपक्व तंत्र, संवाद माध्यम, क्षमता और इच्छा है।

चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वरिष्ठ कर्नल वू कियान ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि अपने लाभ के लिए दो देशों के बीच विवाद भड़काने का अमेरिका का इतिहास रहा है। वह अमेरिका के उस हालिया बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे जिसमें कहा गया था कि वाशिंगटन अरुणाचल प्रदेश को भारतीय क्षेत्र के रूप में मान्यता देता है।

वू कियान ने कहा कि सीमा मुद्दों पर चीन और भारत के बीच परिपक्व तंत्र और संवाद चैनल हैं। उन्होंने कहा, "दोनों पक्षों के पास बातचीत और परामर्श के जरिए सीमा मुद्दे को ठीक से संभालने की क्षमता और इच्छा है"।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने नौ मार्च को कहा था, अमेरिका अरुणाचल प्रदेश को भारतीय क्षेत्र के रूप में मान्यता देता है और हम वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सैन्य या असैन्य घुसपैठ या अतिक्रमण के माध्यम से क्षेत्रीय दावे करने के किसी भी एकपक्षीय प्रयास का कड़ा विरोध करते हैं।

वू ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश चीन का हिस्सा है। भारत ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन के क्षेत्रीय दावों को बार-बार खारिज किया है और कहा है कि यह राज्य देश का अभिन्न अंग है।

भारत ने संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों के खिलाफ अपराधों को दर्ज करने के लिए डेटाबेस की शुरुआत की

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

भारत ने संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों के खिलाफ अपराधों को दर्ज करने और अपराधियों के खिलाफ कार्वाई की प्रगति की निगरानी के लिए एक नए डेटाबेस की शुरुआत की है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की दूत रुचिरा कंबोज ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि भारत इस मामले में जवाबदेही तय करने की पुरजोर वकालत कर रहा है।

मंगलवार को डेटाबेस की शुरुआत की घोषणा भारत के नेतृत्व वाले ग्रुप ऑफ फ्रेंड्स (जीओएफ) की एक उच्च-स्तरीय बैठक में की गई।

कंबोज ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, शांति सैनिकों के खिलाफ अपराधों को दर्ज करने और अपराधियों को जवाबदेह ठहराने में प्रगति की निगरानी करने के लिए तैयार एक नए डेटाबेस की शुरुआत की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। भारत जवाबदेही की वकालत करने में सबसे आगे है और इस उद्देश्य के लिए ग्रुप ऑफ फ्रेंड्स (जीओएफ) का नेतृत्व कर रहा है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन की एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि डेटाबेस को ऑनलाइन तरीके से आंकड़े संरक्षित करने के रूप में कार्य करने के लिए तैयार किया गया है, जो सचिवालय, मिशन और सदस्य राज्यों को शांति सैनिकों के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण कृत्यों के मामलों की निगरानी और इनका समाधान करने के लिए सशक्त बनाता है।

गाज़ा में अंतरराष्ट्रीय डॉक्टरों की टीम युद्ध का बच्चों पर प्रभाव देखकर स्तब्ध रह गई

एपी। देर अल-बला

गाज़ा में अंतरराष्ट्रीय डॉक्टरों की एक टीम इज़राइल की हमास के खिलाफ जंग का प्रभाव फलस्तीनी बच्चों पर देखकर स्तब्ध रह गई।

इज़राइल के हमले में एक नवजात के सिर में गंभीर चोट आई थी जिसके बाद उसकी मौत हो गई। एक अन्य नवजात जिदंगी के लिए लड़ रही है जो उसकी रिश्ते की बहन है। इस हमले में उसका चेहरा बुरी तरह से जख्मी हुआ है।

एक अन्य घटना में 10 वर्षीय लड़का अपने माता-पिता के लिए, दर्द से चिल्ला रहा था और यह नहीं जानता था कि वे हमले में मारे गए हैं। उसके पास उसकी बहन थी लेकिन वह उसे नहीं पहचान सका, क्योंकि बहन का लगभग पूरा शरीर ही जल गया था।

दिल को झकझोर देने वाली घटनाओं का ब्यौरा तान्या हज-हमन ने एसोसिएटिड प्रेस के साथ साझा किया है। वह जॉर्डन की बाल गहन देखभाल डॉक्टर हैं जो देर अल-बला शहर में अल-अक्सा मार्टर्स अस्पताल में आई थीं।

हज-हसन उस टीम का हिस्सा थीं जिसने हाल में दो हफ्ते की ड्यूटी पूरी की है। उनके पास गाज़ा में काम का व्यापक अनुभव है और वे नियमित रूप से युद्ध के विनाशकारी प्रभावों के बारे में बोलती हैं।

लगभग छह महीने के युद्ध के बाद, गाज़ा का स्वास्थ्य ढांचा नष्ट हो गया है। गाज़ा के 36 अस्पतालों में से लगभग एक दर्जन अस्पताल आंशिक रूप से ही काम कर रहे हैं। बाकी या तो बंद हो गए हैं या बमुश्किल काम कर रहे हैं क्योंकि उनके पास ईंधन और दवा खत्म हो गई हैं, उन्हें इज़राइली सैनिकों ने घेर लिया है और उन पर हमले किए हैं, या वे लड़ाई में क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

इससे बचे अल-अक्सा मार्टर्स जैसे अस्पताल सीमित आपूर्ति और कर्मचारियों के साथ भारी संख्या में मरीजों का इलाज कर रहे हैं।

जनवरी में अल-अक्सा मार्टर्स में काम करने वाले अंतरराष्ट्रीय डॉक्टरों की एक अलग टीम पास के एक गेस्टहाउस में रुकी थी। लेकिन हाल ही में इज़राइली हमलों में बढ़ोतरी के कारण, हज-हसन और उनके सहकर्मी अस्पताल में ही रुक गए।

इंटरनेशल रेस्क्यू कमेटी की गाज़ा में टीम की अगुवाई कर रहे अरविंद दास ने कहा कि इससे उन्हें स्पष्ट रूप से पता चला कि मरीजों की बढ़ती संख्या के कारण अस्पताल पर कितना दवाब है।

हज-हसन का कहना है कि गाजा के स्वास्थ्य देखभाल संकट को समाप्त करने का एकमात्र तरीका यह है कि युद्ध को रोका जाए।

फलस्तीनी प्राधिकरण ने नए मंत्रिमंडल की घोषणा की

एपी। रामल्ला (वेस्ट बैंक)

शासन व्यवस्था में सुधार के लिए अंतरराष्ट्रीय दबावों के बीच फलस्तीनी प्राधिकरण ने नए मंत्रिमंडल के गठन की घोषणा की है। राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने बृहस्पतिवार को एक आदेश में नई सरकार की घोषणा की। नए मंत्रियों में से कोई भी चर्चित चेहरा नहीं है।

अब्बास ने करीब दो दशकों तक फलस्तीनी प्राधिकरण का नेतृत्व किया है और अब भी उनका नियंत्रण कायम है।

अब्बास ने इस महीने की शुरुआत में मोहम्मद मुस्तफा को प्रधानमंत्री बनाया था। मुस्तफा अब्बास के सलाहकार रह चुके हैं। मुस्तफा विदेश मंत्री का भी पद संभालेंगे। गृह मंत्री जयाद हब अल-रिह अब्बास के फतह आंदोलन के सदस्य हैं और पिछली सरकार में उनके पास यही विभाग था। अशरफ अल-अवार यरुशलम मामलों के मंत्री होंगे।

फलस्तीन के 23 नए मंत्रियों में से कम से कम पांच गाजा से हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि वे क्षेत्र में हैं या नहीं। फलस्तीनी प्राधिकरण का नियंत्रण इजराइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक के कुछ हिस्सों तक है।

बाल्टीमोर हादसे का प्रभाव क्षेत्र से परे पड़ने को लेकर चिंतित हैं अमेरिकी अधिकारी

भाषा। न्यूयॉर्क

अमेरिकी अधिकारियों ने बाल्टीमोर में एक मालवाहक जहाज की टक्कर लगने से अमेरिका के एक प्रमुख पुल के ढह जाने के बाद क्षेत्र से परे पड़ने वाले इस हादसे के प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त की है।

हालांकि विशेषज्ञों ने पूर्वानुमान व्यक्त किया है कि नतीजे मामूली और मुख्य रूप से स्थानीय रह सकते हैं।

बाल्टीमोर में पटाप्सको नदी पर बना 2.6 किलोमीटर लंबा, चार लेन वाला फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज उस समय ढह गया, जब श्रीलंका जा रहा 984 फुट लंबा मालवाहक जहाज मंगलवार को तड़के पुल के एक खंभे से टकरा गया।

पुल के गिरने से बाल्टीमोर बंदरगाह पर जहाजों की आवाजाही अनिश्चितकाल के लिए रुक गई है।

अमेरिका के परिवहन मंत्री पीट बटीगीग ने बुधवार को व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा, हम स्थानीय आर्थिक प्रभाव को लेकर चिंतित हैं और करीब 8,000 नौकरियां बंदरगाह की गतिविधियों से सीधे तौर पर जुड़ी हैं।

उन्होंने कहा, हम इस क्षेत्र से परे पड़ने वाले प्रभावों को लेकर चिंतित हैं क्योंकि बंदरगाह की हमारी आपूर्ति शृंखला में भूमिका है।

पोत के दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले इंजन की नियमित रखरखाव प्रक्रिया चल रही थी: तटरक्षक

अमेरिका के मैरीलैंड राज्य में बाल्टीमोर में एक पुल से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हुए मालवाहक जहाज के इंजन की नियमित रखरखाव प्रक्रिया चल रही थी। तटरक्षक बल ने यह जानकारी दी।

अमेरिकी तट रक्षक रियर एडमिरल शैनन गिलरेथ ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अधिकारियों को सूचित किया गया था कि बिजली गुल होने से पहले जहाज के इंजन की नियमित रखरखाव प्रक्रिया चल रही थी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को किसी भी समस्या के बारे में सूचित नहीं किया गया।

वहीं, मैरीलैंड राज्य पुलिस अधीक्षक कर्नल रोलैंड एल बटलर जूनियर ने कहा कि नदी में से दो शव निकाले गए हैं। उनके अनुसार, मृतकों की उम्र 35 और 26 वर्ष है।

सिंगापुर के झंडे वाला पोत सोमवार देर रात 2.6 किलोमीटर लंबे फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज के एक खंभे से जा टकराया। जहाज के टकराने के बाद पुल टूट कर नदी में गिर गया था। इस दौरान पुल पर मरम्मत का कार्य कर रहे छह लोग लापता हो गए थे जिन्हें बाद में मृत मान लिया गया था।

बटलर ने कहा कि छह निर्माण श्रमिक मेक्सिको, ग्वाटेमाला, होंडुरास और अल साल्वाडोर के हैं।

दूसरी ओर सिंगापुर में अधिकारियों ने कहा कि वे अमेरिकी अधिकारियों की मदद करने के अलावा, पुल ढहने की अपने स्तर से भी जांच करेंगे।

सिंगापुर के समुद्री और बंदरगाह प्राधिकरण ने बुधवार को कहा कि वह जहाज का प्रबंधन करने वाली कंपनी सिनर्जी मरीन ग्रुप के साथ काम कर रहा है, ताकि इसकी जांच के लिए अमेरिकी तट रक्षक को जानकारी दी जा सके।

इस बीच, पुल के ढहने के बाद बाल्टीमोर बंदरगाह का परिचालन बंद होने के कारण मालवाहक पोत का संचालन करने वाली कंपनियां यह पता लगाने के लिए संघर्ष कर रही हैं कि अब पोतों का माल वह कहां उतार सकती हैं और कहां से उनपर माल चढ़ा सकती हैं। आपूर्ति श्रृंखला विशेषज्ञों का कहना है कि पूर्वी तट के अन्य बंदरगाहों पर बाल्टीमोर जाने वाले पोतों को भेजा जा सकता है जिससे संकट से बचा जा सकेगा।

राज्य ने कहा कि पोतों का संचालन करने वाली 50 से अधिक कंपनियां बाल्टीमोर बंदरगाह के साथ व्यापार करती हैं।

एआईः रचनात्मकता का संकट गहराने वाला है

360इन्फो। सिडनी

जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस अपने स्रोत को श्रेय देना पसंद नहीं करती। कलाकारों के लिए यही समस्या है।

कुछ ही सालों के भीतर जनरेटिव एआई अचानक से एक नए प्रकार के रचनात्मक उपकरण के तौर पर क्रांतिकारी रूप में सामने आई है।

केवल शब्दों के जरिए थोड़ी सी व्याख्या करने मात्र से अब कोई भी रचना तैयार की जा सकती है। अगर लोग इस क्रांति की तुलना फोटोग्राफी, फोनोग्राफ, सिंथेसाइजर या इंटरनेट से कर रहे हैं तो वे कहीं भी गलत नहीं हैं।

पूर्व की रचनात्मक तकनीकों की तरह ही एआई मौजूदा रचनात्मक प्रक्रियाओं को बाधित कर रही है। लेकिन पारंपरिक रचनात्मक विधियों से मुकाबला करने से कहीं अधिक जनरेटिव एआई टूल्स उन पिछले रचनात्मक कार्यों, कलाकारों के श्रम और उनकी रचनात्मकता का भी शोषण कर रहे हैं जिनका इस्तेमाल कर जनरेटिव एआई को प्रशिक्षण प्रदान किया गया था।

इसलिए इस मुद्दे पर तीखी बहस शुरू हो गई है कि जनरेटिव एआई को प्रशिक्षित करने के लिए इस्तेमाल की गई सामग्री से जुड़े अधिकारों से किस प्रकार निपटा जाना चाहिए।

उभरते हुए एआई दिग्गज, ओपनएआई और स्टेबिलिटीएआई समेत एक खेमे का तर्क है कि जेनरेटिव एआई मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए दुनिया के रचनात्मक संग्रह का इस्तेमाल उचित उपयोग है। उनका कहना है कि क्या ए एआई मॉडल आखिरकार उन लोगों की तरह नहीं हैं जो इतिहास और अपने आस-पास की दुनिया से कला और सौंदर्यशास्त्र के बारे में सीखते हैं?

इस मुद्दे में हिस्सेदारी रखने वाले अन्य लोग कलाकार और अन्य कॉपीराइट धारक हैं। भले ही वे दार्शनिक रूप से इस दृष्टिकोण की सराहना कर सकते हैं (और कई नहीं करते हैं), फिर भी वे इस बात को समझते हैं कि एआई प्रशिक्षण डेटा के रूप में उनके रचनात्मक कार्यों के उपयोग से इनकार करने के उनके मौजूदा बौद्धिक संपदा अधिकार को शामिल किया जाना चाहिए। उनके विचार में, कंपनियों को उनकी अनुमति लेने की जरूरत है।

रचनात्मक उद्योग के लिए स्थिति एक वास्तविक संकट है। रचनात्मक प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न पहलू कॉपीराइट अधिकार के दायरे में आते हैं लेकिन जब जनरेटिव एआई कोई रचना तैयार करती है तो इसके लिए कोई स्पष्ट नियम नहीं है कि वह अपने स्रोत को इसका श्रेय दे। इसका एक विकल्प है कि डाटा के लिए एक तय फीस का भुगतान किया जाए।

लेकिन यहां भी सवाल पैदा होता है कि क्या आप अपनी संगीत रचना या तैल चित्र के लिए एक अमरीकी डालर का एक अंश स्वीकार करेंगे जिसका उपयोग किसी ऐसे उत्पाद में किया जाएगा जो बिना क्रेडिट के आपकी रचनात्मक शैली की अंतहीन नकल तैयार कर सकता है?

यही कारण है कि अब बहुत से लोग एआई द्वारा तैयार रचनाओं के लिए श्रेय दिए जाने के मुद्दे पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

इलिनोइस में चाकू से हमलाः चार की मौत, सात जख्मी, संदिग्ध हिरासत में

एपी। रॉकफोर्ड (अमेरिका)

अमेरिका के उत्तरी इलिनोइस में चाकू से हमले की एक घटना में चार लोगों की मौत हो गई और सात अन्य जख्मी हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रॉकफोर्ड पुलिस प्रमुख कार्ला रेड ने बताया कि 22 वर्षीय संदिग्ध पुलिस हिरासत में है और उससे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि घायलों में शामिल एक शख्स की हालत नाजुक है।

रेड ने पत्रकारों से कहा, इस समय मेरी संवेदना पीड़ित परिवारों के साथ है। उन्होंने कहा कि रॉकफोर्ड पुलिस को स्थानीय समयनुसार बुधवार दोपहर 1.14 बजे पहली फोन कॉल आई थी जिसके बाद कई और लोगों ने कॉल की। पुलिस प्रमुख ने कहा कि फिलहाल अन्य किसी पर घटना में शामिल होने का शक नहीं है और हमें संदिग्ध के इरादे के बारे में अभी जानकारी नहीं है कि उसने ऐसा जघन्य अपराध क्यों किया।

रॉकफोर्ड पुलिस ने शुरू में बताया था कि घटना में पांच लोग जख्मी हुए हैं, लेकिन विन्नेबागो काउंटी शेरिफ कार्यालय में जनसंपर्क अधिकारी कोरी हिलियार्ड ने शाम में बताया कि कुल सात लोग घायल हुए हैं।

अधिकारी के अनुसार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि चौथे ने अस्पताल में दम तोड़ा। पुलिस ने बताया कि मृतकों में 15 वर्षीय एक लड़की, 63 वर्षीय महिला, 49 वर्षीय पुरुष और 22 वर्षीय एक युवक शामिल है। चारों की पहचान उजागर नहीं की गई है।

इस घटना से कुछ दिन पहले रॉकफोर्ड में स्थित वॉलमार्ट में एक किशोर कर्मचारी की स्टोर के अंदर चाकू घोंप कर हत्या कर दी गई थी।

पराग की उम्दा पारी, रायल्स का दिल्ली पर राज

● राजस्थान ने कैपिटल्स को 12 रन से हराया

भाषा। जयपुर

राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में गुरुवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को 12 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 185 रन बनाने के बाद दिल्ली की पारी को पांच विकेट पर 173 रन पर रोक दिया। दिल्ली के लिए ट्रस्टिन स्टब्स ने नाबाद 44 और डेविड वॉर्नर ने 49 रन बनाए।

राजस्थान के लिए नांद्रे बर्गर ने और युजवेंद्र चहल ने दो-दो विकेट लिए। इससे पहले रियान पराग की नाबाद 84 रन की ताबड़तोड़ पारी के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में गुरुवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पांच विकेट पर 185 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया।

रियान ने 45 गेंद की पारी में सात चौके और तीन छक्के लगा कर आईपीएल में अपना सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया। उनकी ताबड़तोड़ पारी से टीम ने आखिरी सात ओवर में 92 रन जोड़े।राजस्थान की टीम आठ ओवर के बाद 38 रन पर तीन विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही थी लेकिन रियान ने रविचंद्रन अश्विन (19 गेंद में 29 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 37 गेंद में 54 और पांचवें विकेट के लिए ध्रुव जुरेल (12 गेंद में 20 रन) के साथ 23 गेंद में 52 रन की आक्रामक साझेदारी कर मैच में टीम की वापसी कराई। उन्होंने शिमरोन हेटमायर (सात गेंद में नाबाद 14 रन) के साथ 16 गेंद में 43 रन की अटूट साझेदारी के दौरान आखिरी ओवर में एनरिच नोर्किया के खिलाफ तीन चौके और दो छक्के लगाकर 25 रन बटोरे।दिल्ली कैपिटल्स के पांचों गेंदबाजों को एक-एक सफलता मिली। खलील अहमद ने 24 और अक्षर पटेल ने 21 रन दिए तो वही कुलदीप यादव ने 41, नोर्किया ने 48 और मुकेश कुमार ने 49 रन लुटाए। दिल्ली के तेज गेंदबाजों ने शुरूआत में कसी हुई गेंदबाजी की। मुकेश ने पारी के दूसरे ओवर में यशस्वी जायसवाल को बोल्ड कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। कप्तान संजू सैमसन ने इस गेंदबाज के अगले ओवर में हैट्रिक चौके जड़े लेकिन छठे ओवर में खलील अहमद की गेंद को अपना 100वां आईपीएल मैच खेल रहे ऋषभ पंत के हाथों में खेल गए। पावरप्ले में राजस्थान की टीम दो विकेट पर 31 रन ही बना सकी।दूसरे छोर से रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे जोस बटलर आठवें ओवर में कुलदीप यादव की गेंद पर पगबाधा हो गए। रियान ने नौवें ओवर में अक्षर के खिलाफ चौका जड़ा।

स्कोरबोर्ड

राजस्थान रॉयल्स पारी: जायसवाल बो मुकेश कुमार 05, बटलर पगबाधा कुलदीप 11, सैमसन का पंत बो खलील 15, पराग नाबाद 84,अश्विन का स्टब्स बो अक्षर 29, जुरेल बो नोर्किया 20, हेटमायर नाबाद 14, **अतिरिक्त:** 07 ,**कुल योग:** (20 ओवर मे पांच विकेट पर) 185 रन,**विकेट पतन:** 1-9, 2-30 , 3-36 , 4-90, 5-142,**गेंदबाजी:** खलील 4-0-24-1,मुकेश 4-0-49-1, नोर्किया 4-0-48-1,अक्षर 4-0-21-1, कुलदीप 4-0-41-1

दिल्ली कैपिटल्स पारी:वार्नर का संदीप बो आवेश 49, मार्श बो बर्गर 23, भुई का सैमसन बो बर्गर 00, पंत का सैमसन बो चहल 28, स्टब्स नाबाद 44, पोरेल का बटलर बो चहल 09,पटेल नाबाद 15, **अतिरिक्त:** 05, **कुल योग:** (20 ओवर मे पांच विकेट पर 173 रन),**विकेट पतन:** 1-30, 2-30, 3-97, 4-105, 5-122,**गेंदबाजी** बोल्ट 3-0-29-0,बर्गर 3-0-29-2,अश्विन 3-0-30-0,आवेश 4-0-29-1,चहल 3-0-19-2,संदीप 4-0-36-0

जीत की लय बरकरार रखने उतरेंगे आरसीबी और केकेआर

आज होंगे आमने-सामने

भाषा। बेंगलुरू

पिछले मैच में मिली जीत से उनका हौसला बढा है लेकिन प्रदर्शन में परिपक्वता लाना बाकी है और शुक्रवार को आईपीएल 2024 के मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर तथा कोलकाता नाइट राइडर्स अपेक्षा के अनुरूप खेल दिखाने के इरादे से उतरेंगी। आरसीबी ने पिछले मैच में पंजाब किंग्स को चार विकेट से हराया जबकि केकेआर ने सनराइजर्स हैदराबाद को चार रन से मात दी। इसके बावजूद दोनों टीमों की शीर्ष और मध्यक्रम की बल्लेबाजी की समस्याएं बनी हुई हैं। पंजाब के खिलाफ 177 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के अर्धशतक से आरसीबी खेमे ने राहत की सांस ली होगी। कप्तान फाफ डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन और रजत पाटीदार से अभी अच्छी पारी की उम्मीद है। पंजाब के खिलाफ आखिरी क्षणों में दिनेश कार्तिक का अनुभव और इंपैक्ट खिलाड़ी महिपाल लोमरोर की उपयोगी पारी उनके काम आई। केकेआर के पास अच्छा गेंदबाजी आक्रमण है और एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन करने पर वे आरसीबी के बल्लेबाजों की परेशानी का सबब बन सकते हैं। आरसीबी के लिए तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और यश दयाल ने पंजाब के खिलाफ अच्छी गेंदबाजी की लेकिन बाकी गेंदबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। तेज गेंदबाज अलजारी जोसेफ ने पहले मैच में 38 रन दिए और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला जबकि दूसरे मैच में 43 रन देकर एक विकेट लिया। ऐसे में आरसीबी खेमा इंग्लैंड के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज रीसे टॉपली को उतार सकता है।

रसेल ने बेहद सख्त कोच करार दिए गए पंडित का बचाव किया

बेंगलुरू। अनुभवी हरफनमौला आंद्रे रसेल ने गुरुवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित का समर्थन किया, जिनकी कोचिंग शैली को टीम के पूर्व हरफनमौला डेविड विसे ने बेहद सख्त करार दिया था। विसे अब नामीबिया का प्रतिनिधित्व करते है। उन्होंने दावा किया कि केकेआर टीम के ज्यादातर विदेशी खिलाड़ी पिछले साल आईपीएल के दौरान पंडित की कठिन कार्यशैली से नाराज थे। केकेआर के कोर समूह का अभिन्न हिस्सा जमैका के रसेल की राय हालांकि विसे से अलग है।

सितवाला दूसरी जीत के साथ प्री-क्वार्टर फाइनल में

मुंबई। राष्ट्रीय चैंपियन ध्रुव सितवाल ने गुरुवार को यहां ग्रुप ई मुकाबले में कमल चावला को 667-250 से हराकर ऑल इंडिया सीसीआई बिलियर्ड्स क्लासिक 2024 के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। सितवाल की यह लगातार दूसरी जीत है। मुंबई के चैलेंजर रोहन जंबूसरिया ने ग्रुप एफ मैच में पूर्व विश्व चैंपियन कोलकाता के सौरव कोठारी पर 520-403 की शानदार जीत दर्ज की। रेयान रम्मी ने ग्रुप ए मुकाबले में रोविन डिसूजा को 820-234 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

चोपड़ा डायमंड लीग से करेंगे सत्र का आगाज

नई दिल्ली। मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा 10 मई को दिग्गज खिलाड़ियों के बीच प्रतिष्ठित डायमंड लीग सीरीज के दोहा चरण में अपने सत्र की शुरुआत करेंगे। छब्बीस साल के चोपड़ा ने पिछले सत्र का समापन चीन के हांगझोउ में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक के साथ किया था। इस साल उनका लक्ष्य पेरिस में अपने ओलंपिक स्वर्ण का बचाव करने का होगा। चोपड़ा के अलावा भारतीय खिलाड़ी किशोर जेना भी कतर की राजधानी में होने वाले डायमंड लीग चरण में पदार्पण करेंगे। जेना 2023 बुडापेस्ट विश्व चैंपियनशिप में पांचवे स्थान पर रहे और उन्होने हांगझोउ में 87.54 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ के साथ रजत पदक जीता था।

एसीए ने हनुमा को कारण बताओ नोटिस दिया

बेगलुरू। आंद्रे रसेल ने आईपीएल के शुरुआती मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ कोलकाता नाइटराइडर्स के लिए 25 गेंद में 64 रन बनाकर विरोधियो को चेतावनी दे दी है और इस अनुभवी बल्लेबाज ने इस शानदार शुरुआत का श्रेय बदली हुई मानसिकता को दिया। रसेल आईपीएल 2023 में 14 मैच में सिर्फ 227 रन बना पाए थे और उन्हे सिर्फ सात विकेट मिले थे। रसेल ने यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा, मेरी मानसिकता सही नही थी (2023 में)। मै मैदान पर उतरकर जो मै सबसे अच्छा करता हूं उसे करने के बारे मे सोचने से अधिक असफलता के बारे मे सोच रहा था। जब आपकी मानसिकता यह होती है कि मै आउट नही होना चाहता, तो मुझे लगता है कि यह मेरे लिए नकारात्मक मानसिकता है। इस ऑलराउंडर ने कहा, मुझे लगता है कि मै खुद को दबाव मे रहने दे रहा था क्योंकि मै बहुत ज्यादा सोच रहा था।

वॉर्नर, स्टोइनिस, एगर सीए के केंद्रीय अनुबंध से बाहर

मेलबर्न। वनडे और टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर, हरफनमौला एश्टोन एगर और मार्कस स्टोइनिस को वर्ष 2024- 25 के लिए क्रिकेट आस्ट्रेलिया के केंद्रीय अनुबंध से बाहर रखा गया है। विक्टोरिया के सलामी बल्लेबाज मार्कस हैरिस और तेज गेंदबाज माइकल नासिर को भी अनुबंध नही मिल सका है। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू के अनुसार 23 खिलाड़ियो को अनुबंध दिए गए है।

मैं पिछले साल विफलता के बारे में सोच रहा था: रसेल

बेंगलुरु। आंद्रे रसेल ने आईपीएल के शुरुआती मैच मे सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ कोलकाता नाइटराइडर्स के लिए 25 गेंद मे 64 रन बनाकर विरोधियो को चेतावनी दे दी है और इस अनुभवी बल्लेबाज ने इस शानदार शुरुआत का श्रेय बदली हुई मानसिकता को दिया। रसेल आईपीएल 2023 मे 14 मैच मे सिर्फ 227 रन बना पाए थे और उन्हे सिर्फ सात विकेट मिले थे। रसेल ने यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा, मेरी मानसिकता सही नही थी (2023 मे)। मै मैदान पर उतरकर जो मै सबसे अच्छा करता हूं उसे करने के बारे मे सोचने से अधिक असफलता के बारे मे सोच रहा था। जब आपकी मानसिकता यह होती है कि मै आउट नही होना चाहता, तो मुझे लगता है कि यह मेरे लिए नकारात्मक मानसिकता है। इस ऑलराउंडर ने कहा, मुझे लगता है कि मै खुद को दबाव मे रहने दे रहा था क्योंकि मै बहुत ज्यादा सोच रहा था।

सुपरजाइंट्स व किंग्स इलेवन की टीमों ने जमकर बहाया पसीना

● इकाना में तैयारी जोरो पर, सज रहा स्टेडियम

● मैदान के बाहरी रास्ते भी किए जा रहे तैयार

लखनऊ। अब लखनऊ के लोगों को आईपीएल देखने का जुनून चढ़ने लगा है। ऐसा इसलिए क्योंकि अब आन लाइन से लेकर आफलाइन तक लोग टिकट पाने की जुगत लगाने लगे हैं। इकाना स्टेडियम की ओर अब टिकट और मैचों की शेड्यूल की जानकारी करने आने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। ज्ञात हो कि इसबार लखनऊ में सात मैच होने हैं। सात में से छह मैच शनिवार व रविवार को खेले जाएंगे। उधर लखनऊ की अपनी टीम लखनऊ सुपरजाइंट्स ने अपने 30 मार्च को होने वाले मैच के लिए तैयारियां शुरू कर दी है। टीम के सभी खिलाड़ियों ने इकाना स्टेडियम में जमकर पसीना बहाया। वहीं बुधवार कोकिंग्स इलेवन पंजाब की टीम भी नवाबों के शहर पहुंच चुकी वह भी अभ्यास के जरिये अपने को माझेगी। वंही स्टेडियम को सजानें संवराने का काम भी जोरो पर चल रहा है। बैनर व पोस्टरों से पूरे स्टेडियम को संवारा जा रहा है। सुरक्षा व ट्रैफिक को सूचारु रुप से चलानें के लिए जिला व स्टेडियम प्रशासन ने कमर कस लिया है। आम दर्शकों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसकी भी व्यवस्था की जा रही है।

इकाना में विशाल हेलमेट का अनावरण

एलएसजी व एसबीआई ने सुरक्षा के महत्व बताया

लखनऊ। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, देश के सबसे भरोसेमंद निजी जीवन बीमाकर्ताओं में से एक, ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के साथ, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में शानदार विशाल (लार्जर-दैन-लाइफ) हेलमेट इंस्टॉलेशन का उद्घाटन किया। यह स्टेडियम, लखनऊ में टीम का घरेलू मैदान है। इस हेलमेट इंस्टॉलेशन की ऊंचाई 27 फुट और चौड़ाई 34 फुट है और इसे स्टेडियम के मुख्य प्रवेश द्वार पर प्रमुखता से रखा गया है, जो यहां आने वाले क्रिकेट प्रेमियों और शहर की बड़ी आबादी के लिए खूबसूरत नजारे जैसा है। ऐसे भव्य पैमाने पर हेलमेट का ढांचे तैयार करने का उद्देश्य है, मैदान के भीतर और बाहर सुरक्षा के महत्व के बारे में प्रगतिशील संवाद को बढ़ावा देकर जीवन बीमा की जरूरत और महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना। क्रिकेट प्रेमियों का ध्यान आकर्षित करते हुए, इस अनूठी संरचना का उद्देश्य लखनऊ शहर के निवासियों को यह बताना है कि लाइफ की प्रोटेक्शन से बड़ा कुछ नहीं। इस विशाल हेलमेट के अनावरण के अवसर पर एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के ब्रांड, कॉरपोरेट कम्युनिकेशन और सीएसआर प्रमुख, रवींद्र शर्मा, डीसीपी ट्रैफिक, लखनऊ सलमानताज जफर ताज पाटिल, कमलेश कुमार दीक्षित, डीसीपी महिला अपराध सुरक्षा, लखनऊ, राहुल राही, क्षेत्रीय निदेशक-लखनऊ, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और केशव महाराज, एलएसजी के खिलाड़ी तथा अन्य सम्मानित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस पहल के बारे में, सीएसआर प्रमुख, रवींद्र शर्मा ने कहा, कि एकाना क्रिकेट स्टेडियम में विशाल (लार्जर-दैन-लाइफ) हेलमेट इंस्टॉलेशन क्रि केट प्रेमियों को सुरक्षा की अवधारणा से रू-ब-रू कराता है और यह लखनऊ में महत्वपूर्ण संवाद की शुरुआत करने में मदद करेगा।

कभी-कभी मुझे आश्चर्य होता है कि क्या आईपीएल क्रिकेट है : अश्विन

भाषा। नई दिल्ली

भारत के शीर्ष स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि आईपीएल इतना विशाल हो गया है कि कभी-कभी क्रिकेट पीछे चला जाता है और खिलाड़ियों के लिए ट्रेनिंग और विज्ञापन शूटिंग के बीच तालमेल बैठाना मुश्किल हो जाता है।

अश्विन ने 2008 में शुरुआत के बाद से आईपीएल की जबरदस्त प्रगति और दो महीने तक चलने वाली प्रतियोगिता के दौरान एक खिलाड़ी के जीवन की कठिनाई पर बात की। अश्विन ने क्लब प्रेयरी फायर पॉडकास्ट पर कहा, आईपीएल में आने वाले एक युवा खिलाड़ी के रूप में मैं केवल बड़े सितारों से सीखना चाहता था। मैंने यह नहीं सोचा था कि आईपीएल अगले 10 वर्षों में कैसा दिखेगा।

रॉयल्स ने प्रसिद्ध कृष्णा की जगह केशव महाराज को टीम में शामिल किया

नई दिल्ली। राजस्थान रॉयल्स ने गुरुवार को मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग के लिए तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा के स्थान पर दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के सीनियर स्पिनर केशव महाराज को अपनी टीम में शामिल किया। आईपीएल ने गुरुवार को कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने भी चोटिल मुजीब उर रहमान के विकल्प के तौर पर अफगानिस्तान के 16 वर्षीय ऑफ स्पिनर अल्लाह गजनफर को टीम में शामिल किया है। गजनफर ने दो एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचो में अफगानिस्तान का प्रतिनिधित्व किया है। इस युवा खिलाड़ी ने तीन टी20 और छह लिस्ट ए मैच खेले है और उनके नाम क्रमशः पांच और चार विकेट है। वह अपने आधार मूल्य 20 लाख रुपए मे केकेआर मे शामिल हुए। प्रसिद्ध की हाल मे जांघ की सर्जरी हुई है और वह अभी इससे उबर रहे है। उनके स्थान पर रॉयल्स की टीम मे आए महाराज ने 27 टी20, 44 वनडे और 50 टेस्ट खेले है और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मे 237 विकेट लिए है।

लय की तलाश में हार्दिक पंड्या

नई दिल्ली। हार्दिक पंड्या के दूसरी बार मुंबई इंडियन्स से जुड़ने के बाद टीम ने टूर्नामेंट में अब तक सिर्फ दो मैच खेले हैं लेकिन ऐसा लगता है कि उनके सामने काफी समस्याएं हैं और अब तक वह कप्तानी में भी सहज नजर नहीं आए हैं। मौजूदा राष्ट्रीय टीम में सबसे बड़े मैच विजेताओं में से एक ऑलराउंडर हार्दिक उन्हें निखारने वाली टीम से दोबारा जुड़ने के बावजूद आईपीएल में असहज नजर आ रहे हैं। हार्दिक को मुंबई में सबके चहेते रोहित शर्मा की जगह कप्तान बनाया गया है जिससे लोगों में उनके प्रति नाराजगी भी है। नतीजों ने चीजों को और बदतर बना दिया है। दो मैच, दो हार और कुछ साधारण रणनीति ने हार्दिक को मुश्किल में डाल दिया है जबकि उनकी स्वयं की खराब फॉर्म ने मुसीबत बढ़ा दी है। तीस साल के हार्दिक की कप्तानी को हालांकि फिलहाल कोई खतरा नहीं है क्योंकि आईपीएल की सबसे अधिक स्थानांतरण राशि पर उन्हें टीम में लाने के बाद मुंबई इंडियन्स के मालिक जल्दबाजी में कोई फैसला नहीं करना चाहते। मुंबई की टीम टूर्नामेंट में धीमी शुरुआत करती रही है और लय हासिल करने में समय लेती है तथा ऐसे में हार्दिक को टूर्नामेंट की शुरुआत में ही चुका हुआ मान लेना सही नहीं होगा क्योंकि आखिरकार वह पांच बार की चैंपियन टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। पिछले तीन सत्र में चूकने के बाद मुंबई सफलता के लिए बेताब है लेकिन टीम इस तथ्य से भी मुंह नहीं मोड़ सकती कि हार्दिक गलतियां कर रहे हैं और उनके पास ऐसा कोई नहीं है जो इसमें सुधार कर सके। गुजरात टाइटंस का कप्तान रहने के दौरान उनके पास आशीष नेहरा थे जो ठोस रणनीतियां बनाने के लिए जाने जाते हैं।

लखनऊ के थ्रो बॉल खिलाड़ियों का सम्मान

लखनऊ। 44वीं सीनियर नेशनल थ्रो बॉल चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाली उत्तर प्रदेश टीम में शामिल रहे लखनऊ के थ्रो बॉल खिलाड़ियों को थ्रो बॉल एसोसिएशन ने सम्मानित किया। लखनऊ के इन खिलाड़ियों को बुधवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में लखनऊ मंडल के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय कुमार सेठी ने सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों को कहा कि आपको इस चैंपियनशिप से सबक लेते हुए आगे की तैयारी करनी है ताकि अगली चैंपियनशिप में आप के प्रदर्शन में सुधार हो सके। लखनऊ थ्रो बॉल एसोसिएशन के सचिव मो तौहीद ने बताया कि 44वीं सीनियर नेशनल थ्रो बॉल चैंपियनशिप आरा बिहार में गत 14 से 16 मार्चए 2024 तक हुई थी।इसमें प्रतिभाग करने वाली यूपी टीम में बालकों में लखनऊ के निखिल कुमार सिंह रानाए आदर्श बाजपेयी जबकि बालिकाओं में लखनऊ की स्नेहा वर्मा, शुभी त्रिवेदी, कर्तव्य त्रिपाठी व आंचल विश्वकर्मा शामिल थे। इस अवसर पर क्रीड़ाधिकारी आनंद श्रीवास्तव एवं उपक्रीड़ाधिकारी निशीथ दीक्षित भी मौजूद थे।

धारा की शतकीय पारी से पूर्वी क्षेत्र का दबदबा

पुणे। धारा गुज्जर की 140 रन की शानदार पारी से पूर्वी क्षेत्र गुरुवार को यहां सीनियर वुमेन इंटर-जोनल मल्टी-डे ट्रॉफी के पहले दिन पूर्वोत्तर क्षेत्र के खिलाफ आठ विकेट पर 385 रन बनाए। महिला घरेलू क्रिकेट में छह साल के बाद लाल गेंद प्रारूप की वापसी हो रही है। पूर्वी क्षेत्र की कप्तान दीप्ति शर्मा ने इस तीन दिवसीय मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। धारा और विकेटकीपर-बल्लेबाज उमा छेत्री ने पहले विकेट के लिए 97 रन की साझेदारी कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। उमा तीन रन से अर्धशतक से चूक गई।

सिंधू मैड्रिड मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में

● युगल में भारतीय जोड़ियां सफल

भाषा। मैड्रिड

भारत की दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू ने मैड्रिड स्पेन मास्टर्स में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को यहां चीनी ताइपे की हुआंग यू-हसुन पर सीधे गेम में आसान जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस मुकाबले में पूरी तरह से सिंधू का दबदबा दिखा जिन्हें विश्व रैंकिंग में 63वें स्थान पर काबिज ताइवान की क्वालीफायर खिलाड़ी से कोई चुनौती नहीं मिली। पूर्व विश्व चैम्पियन सिंधू ने 36 मिनट तक चले मैच को 21-14, 21-12 से अपने नाम किया। पिछले सत्र की उपविजेता सिंधू के सामने अब थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त सुपानिदा केटथोंग या जापान की नात्सुकी निदाइरा में से किसी एक की चुनौती होगी। भारत के एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला का भी दिन अच्छा रहा और उन्होंने स्कॉटलैंड के क्रिस्टोफर ग्रिमली और मैथ्यू ग्रिमली पर 21-17 21-19 से जीत के साथ पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बी सुमीथ रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी की मिश्रित युगल जोड़ी ने अमेरिका के प्रेस्ली स्मिथ और एलीसन ली पर 22-20 21-18 से जीत के साथ अंतिम आठ में जगह पक्की की। तीसरी वरीयता प्राप्त तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी ने महिला युगल में ऑस्ट्रेलिया की टिफनी हो और ग्रोन्या सोमरविले पर 21-14, 21-8 से जीत दर्ज कर अंतिम आठ में जगह बनाई। कृष्ण प्रसाद गारगा और साई प्रतीक की पुरुष युगल को हालांकि निराशा का सामना करना पड़ा। इस जोड़ी को पोपोव बंधुओं (क्रिस्टो और टोमा जूनियर) से 16-21, 21-15, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधू ने शुरुआती गेम में 3-0 की बढ़त बनाई लेकिन इसके बाद उन्होंने कुछ समय के लिए लय गंवा दी। वह लगातार शटल को नेट पर खेल रही थी जिससे उनकी बढ़त घट कर 7-6 हो गई। भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि इसके बाद अपने खेल के स्तर को ऊंचा किया और प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी की गलतियों का फायदा उठाते हुए अपनी बढ़त को 18-12 करने में सफल रही। सिंधू ने इसके बाद आठ गेम प्वाइंट हासिल किए और तीसरे प्रयास में उसे भुना कर पहला गेम जीत लिया। छोर बदलने के बाद भी यू-हसुन का संघर्ष जारी रही।

सूर्यकुमार को मैच फिट होने में कुछ और दिन का समय लग सकता है: बीसीसीआई सूत्र

नई दिल्ली। दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी से पूरी तरह नही उबर पाए है और आईपीएल के कुछ और मैचो मे नही खेल पाएंगे। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) उनकी प्रगति पर नजर रखे हुए है। मुंबई इंडियन्स के लिए खेलने वाले सूर्यकुमार मौजूदा सत्र मे अब तक कोई मैच नही खेल पाए है और उनकी टीम को दोनो मुकाबलो मे हार का सामना करना पड़ा है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्र ने कहा, सूर्या (सूर्यकुमार) काफी अच्छी प्रगति कर रहा है और काफी जल्द मुंबई इंडियन्स की ओर से वापसी करेगा। शुरुआती दो मैच मे नही खेल पाने के बाद हालांकि उसे कुछ और मुकाबलो से बाहर रहना पड़ सकता है। मुंबई इंडियन्स को सूर्यकुमार की कमी खल रही है लेकिन बीसीसीआई इस आक्रमक बल्लेबाज की फिटनेस को लेकर कोई जोखिम नही उठाना चाहता क्योंकि जून मे वेस्टइंडीज और अमेरिका मे होने वाले टी20 विश्व कप मे उनके बड़ी भूमिका निभाने की उम्मीद है। सूत्र ने कहा, बीसीसीआई के लिए मुख्य चिंता यह है कि वह टी20 विश्व कप मे खेलने की राह पर है या नही और वह इस स्थिति मे है।

मेनन लगातार पांचवें साल आईसीसी एलीट पैनल के अंपायर बने रहेंगे, ब्रॉड एलीट रेफरी पैनल से बाहर

दुबई। भारत के नितिन मेनन लगातार पांचवी बार अंपायरो के आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) एलीट पैनल मे शामिल हुए जबकि बांग्लादेश के शरफुद्दौला इब्ने शाहिद इस सूची मे जगह बनाने वाले अपने देश के पहले अंपायर बने। इंदौर के मेनन 2020 मे कोविड-19 महामारी के दौरान मे एलीट पैनल मे शामिल हुए थे। वह गुरुवार को 2024-25 सत्र के लिए जारी आईसीसी की 12-सदस्ईय अंपायरो की सूची मे एकमात्र भारतीय बने हुए है। एस रवि और पूर्व स्पिनर एस वेंकटराघवन के बाद एलीट पैनल का हिस्सा बनने वाले वह केवल तीसरे भारतीय है। रवि ने 33 जबकि वेंकटराघवन ने 73 टेस्ट मे मैदानी अंपायर की भूमिका निभाई है। मेनन 23 टेस्ट, 58 वनडे और 41 टी20 (कुल मिलाकर 122 मैच) मे मैदानी अंपायर रहे है। उम्मीद है कि वह अमेरिका और वेस्टइंडीज मे टी20 विश्व कप के दौरान वेंकटराघवन के 125 मैचो मे अंपायरिंग करने के भारतीय रिकॉर्ड को पीछे छोड़ देंगे। मेनन ने पिछले साल एशेज मे अंपायरिंग करने का अपना सपना भी साकार किया था। संन्यास ले चुके मराइस इरास्मस की जगह बांग्लादेश के शारफुद्दौला को आईसीसी अंतरराष्ट्रीय अंपायर पैनल से पदोन्नत किया गया है। शारफुद्दौला 2006 से अंतरराष्ट्रीय पैनल मे है। उन्होने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जनवरी 2010 मे बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच वनडे मैच से अंपायरिंग पदार्पण किया था। वह अब तक 10 टेस्ट, 63 वनडे और 44 टी20 अंतरराष्ट्रीय मे मैदानी अंपायर की भूमिका निभा चुके है।

दुबई वाटर स्पोर्ट्स को भी देगा बढ़ावा

मुंबई। दुबई पर्यटकों के लिए ढेरों संभावनाएं लेकर आया है और आपके स्प्रिंग-समर को यादगार बनाने के लिए तैयार है। दुबई अपने बीचों पर वाटर स्पोर्ट्स का आनंद देगा। सूरज की धूप और काईट बीच के क्रिस्टल-क्लीयर पानी तथा दूर तक फैली सुनहरी रेत के नजारों का आनंद उठा सकते हैं। इस बीच पर रिलेक्स करना आनंददायी अनुभव होगा और रोमांचक वॉटर स्पोर्ट्स आपको तरोताजा कर आपके दिन को यादगार बना देंगे। आप रोमांच प्रेमी है या खाने के शौकीन या प्रकृति प्रेमी, दुबई में हर किसी के लिए कुछ न कुछ जरूर है। तो दुबई के जादू में खो जाने के लिए तैयार हो जाएं क्योंकि हम आपके लिए लेकर आए हैं शानदार स्प्रिंग-समर गाईड जो आपकी छुट्टियों को यादगार बना देगी। रेगिस्तान के टीलों पर अनूठी हॉट एयर बैलून राईड आपकी दुबई की यात्रा को यादगार बना देगी। तो बैलून के साथ एडवेंचर की सवारी पर निकल जाएं और बादलों के बीच उड़ान भरते हुए धरती के आकर्षक नजारों का लुत्फ उठाएं। बाघिर में आप ताजी चर्न्ड आईसक्रीम के स्कूप का आनंद उठा सकते हैं। हट्टा फोर्ट होटल और जीवंत हट्ट वाडी हब के नजदीक, हट्टा डैम दुबई के लिए आकर्षक गेटवे है। पहाड़ों के खूबसूरत नजारों से घिरा और पानी से सुशोभित यह स्थान रास्ते में आने वाले रेगिस्तानी नजारों से एकदम विपरीत है। एक्वावेंचर दुबई का प्रमुख वॉटरपार्क है जहां आप एक्टिक रोमांच का अनुभव पा सकते हैं! 105 स्लाईड्स और राईड्स के साथ यहां आप पानी में खूब मस्ती कर सकेंगे। दुबईके रेगिस्तान के सुनहरे टीलों पर आप इस अनूठे रोमांच का अनुभव पा सकते हैं।

आरसीबी के बल्लेबाजी कोच मैकेंजी को उम्मीद, जल्द लय हासिल करेंगे मैक्सवेल

बेगलुरु। ग्लेन मैक्सवेल ने इस आईपीएल के मौजूदा सत्र मे दो मैचो मे सिर्फ छह गेदो का सामना करते हुए तीन रन बनाए है लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेगलुरु के बल्लेबाजी कोच नील मैकेंजी ने गुरुवार को उम्मीद जताई कि ऑस्ट्रेलिया का यह ऑलराउंडर जल्द ही अपनी लय हासिल कर लेगा।मैक्सवेल चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पहली ही गेद पर शून्य पर आउट हो गए, जबकि वह अपने पसंदीदा चिन्नास्वामी स्टेडियम मे भी प्रभावित नही कर सके।मैकेंजी ने केकेआर के खिलाफ शुक्रवार को होने वाले मैच की पूर्व संध्या पर कहा, आप जानते है, यह क्रिकेट है। यहां उतार-चढाव होता रहता है। अभी सिर्फ दो मैच हुए है।

कभी सोचा नही था कि क्रिकेटर बनूंगा, मुफ्त पढाई के लिए खेल से जुड़ा : बर्गर

जयपुर। दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर कभी क्रिकेटर बनना नही चाहते थे बल्कि मुफ्त पढाई के लिए उन्होने खेल को चुना। उन्हे 2014 मे क्रिकेट ट्रायल के जरिए विटवाटरसिंड यूनिवर्सिटी मे दाखिला और पूरी स्कॉलरशिप मिली। उसके बाद से उन्होने मुड़कर नही देखा। दक्षिण अफ्रीका के 28 वर्ष के तेज गेंदबाज बर्गर ने पिछले साल दिसंबर मे राष्ट्रीय टीम मे पदार्पण किया। राजस्थान रॉयल्स ने उन्हे 50 लाख रुपए मे खरीदा जब